

सूर्योदय प्रातः 5:31 | सूर्यास्त संध्या 6:06 | पखवाड़ा भाद्रपद कृ. सप्तमी, संवत 2083 | तापमान अधिकतम 27° न्यूनतम 23°

# फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित



रांची, गुरुवार, 03 सितम्बर 2026, वर्ष : 17, अंक : 200, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : https://epaper.avnpost.in/editions


### शेयर बाजार

सेंसेक्स 76,570.35 -373.93 (-0.49%)

निफ्टी 23,914.45 -141.35 (-0.59%)

### सर्राफा बाजार

प्रति 10 ग्राम, 24 carat

सोना 1,52,620.00

चांदी 2500.00

## एक झलक

### 03-05 तक यूक्रेन व पोलैंड के दौरे पर जायेंगे जयशंकर

**नयी दिल्ली** : विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर 03 से 05 सितम्बर तक यूक्रेन और पोलैंड की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। इस दौरान वह दोनों देशों के अपने समकक्षों के साथ द्विपक्षीय सम्बन्धों को मजबूत करने और क्षेत्रीय घटनाक्रम पर विचार-विमर्श करेंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार, यात्रा के दौरान जयशंकर यूक्रेन के विदेश मंत्री एंड्री सिबिहा और पोलैंड के उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री राडोस्लाव सिकोरस्की के साथ द्विपक्षीय विचार-विमर्श करेंगे। विदेश मंत्री की यात्रा के दौरान भारत के दोनों देशों के साथ द्विपक्षीय सम्बन्धों को आगे बढ़ाने के साथ-साथ क्षेत्रीय घटनाक्रम और साझा हित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया जायेगा।

### अवैध सट्टेबाजी मामले में ईडी का 12 ठिकानों पर छापा

**नयी दिल्ली** : प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की मुंबई जोनल टीम ने अवैध सट्टेबाजी मंच- पैरिमैच और अन्य से जुड़े मामले में देशभर में 12 ठिकानों पर छपेमारी की। ईडी ने यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए)-2002 की धारा 17 के तहत की है। ईडी के अनुसार बुधवार को की गयी कार्रवाई में महाराष्ट्र में पांच, राजस्थान में दो, गुजरात में एक और दिल्ली-एनसीआर में चार ठिकानों को शामिल किया गया। तलाशी के दायरे में ऐसी भुगतान कंपनियों के परिसर भी शामिल हैं, जिन्होंने कैश मैनेजमेंट सिस्टम के एजेंटों के माध्यम से सट्टेबाजी से प्राप्त धन को नकदी में बदला।

### भाजपा ने केजरीवाल और मान को घेरा

**नयी दिल्ली** : भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पंजाब की आम आदमी पार्टी (आआपा) सरकार पर कथित 'कैश फॉर ट्रांसफर' घोटाले को लेकर तीखा हमला बोला है। पार्टी ने आरोप लगाया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच में ऐसे तथ्य सामने आये हैं, जिनसे संकेत मिलता है कि पंजाब में अधिकारियों के तबादले कथित तौर पर 'रेट कार्ड' के आधार पर किये जा रहे थे।

## अंदर के पन्नों पर


3 जनजातीय समूहों को कानूनी अधिकार दिलाना...

5 ब्लास्टिंग से प्रभावित परिवारों का सत्याग्रह...

7 सड़क विकास की पहली सीढ़ी : सुखदेव भगत...

9 विशेषज्ञों ने नागरिकता, वैश्विक अनुभवों, ...

10 तिलक वर्मा की शानदार बल्लेबाजी से साउथ...


## कार्टून कोना




मुख्यमंत्री ने नगर विकास व आवास और पथ निर्माण विभाग की कार्ययोजनाओं की समीक्षा की

# शहर की सुन्दरता और सुरक्षा पर हमारा विशेष जोर : हेमन्त

- रोड नेटवर्क, मास्टर प्लान, यातायात व्यवस्था, ड्रेनेज सिस्टम, वेंडर मार्केट, पार्क एवं शहरी सुविधाओं को बेहतर बनाने पर मुख्यमंत्री ने दिये आवश्यक दिशा-निर्देश
- मुख्यमंत्री ने सड़क निर्माण के साथ ड्रेनेज व्यवस्था को अनिवार्य रूप से शामिल करने, अनावश्यक कट हटाने, बसों के रूट एवं समय-सारिणी का डेटा तैयार करने और यातायात व्यवस्था को मजबूत करने के दिये निर्देश



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने बुधवार को झारखंड मंत्रालय में नगर विकास एवं आवास विभाग तथा पथ निर्माण विभाग द्वारा संचालित कार्यों, योजनाओं एवं परियोजनाओं की समीक्षा की। बैठक में दोनों विभागों के अंतर्गत संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति, कार्यान्वयन की स्थिति तथा आगामी कार्ययोजनाओं की विस्तृत जानकारी ली गयी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सभी योजनाओं का प्रभावी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

समीक्षा के दौरान रांची शहर को व्यवस्थित, सुगम एवं आधुनिक शहर के रूप में विकसित करने से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। शहर के रोड नेटवर्क, फ्लाईओवर, विभिन्न पार्कों, चौक-चौराहों, यातायात व्यवस्था, ड्रेनेज सिस्टम तथा चल रही विकास परियोजनाओं की स्थिति की समीक्षा की गयी। साथ ही, रांची के मास्टर प्लान एवं आगामी वर्षों के लिए विकास की कार्ययोजना पर भी विस्तृत चर्चा हुई।

बैठक में राज्य के रोड नेटवर्क एवं संचालित कार्यों का ओवरव्यू, पिछले पांच वर्षों में बनायी गयीं

- लटकते तारों को व्यवस्थित करने, सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे को चिह्नित कर कार्रवाई करने, ड्रेनेज एवं रोड नेटवर्क को मजबूत करने तथा सभी विकास योजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करने पर मुख्यमंत्री का विशेष जोर

कार्ययोजनाओं तथा भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप सड़क एवं परिवहन व्यवस्था को मजबूत करने के उपायों की समीक्षा की

### मुख्यमंत्री ने कहा

- वेंडर्स को व्यवस्थित स्थान उपलब्ध कराया जाये तथा उनकी आजीविका प्रभावित किये बिना शहर में बेहतर वेंडिंग व्यवस्था विकसित की जाये।
- हर वार्ड में वेंडर मार्केट की दिशा में हो काम
- अनावश्यक रोड कट होंगे बंद, बसों के रूट और समय-सारिणी का तैयार होगा डेटा
- रांची सहित राज्य के अन्य शहरों का होगा सुनियोजित विकास

गयी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि शहर के बढ़ते विस्तार और आबादी को ध्यान में रखते हुए दीर्घकालिक एवं समग्र कार्ययोजना तैयार की जाये।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास का दायरा केवल रांची शहर तक सीमित नहीं ● शेष पृष्ठ 11 पर

# झारखंड में स्वाइन फ्लू का बढ़ता प्रकोप, स्वास्थ्य विभाग अलर्ट




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : झारखंड में पिछले 30 दिनों में स्वाइन फ्लू (एच1एन1) संक्रमण के 36 मामले सामने आने से स्वास्थ्य महकमा चिन्तित है। पूरी तरह अलर्ट जारी है। इन मामलों में से 18 मरीज बच्चे और किशोर हैं, जिससे चिन्ता और बढ़ गयी है। बढ़ते खतरे को देख कर राज्य के सभी प्रमुख अस्पतालों को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिये गये हैं।

संक्रमण के प्रसार का एक प्रमुख कारण दूसरे राज्यों से यात्रा कर लौटनेवाले लोग बताये जा रहे हैं। दिल्ली, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र और राजस्थान जैसे राज्यों में मौसमी फ्लू के बढ़ते प्रकोप को ध्यान में रख कर झारखंड में अंतरराज्यीय आवाजाही पर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशनों और अंतरराज्यीय बस स्टैंडों जैसे उच्च आवाजाही वाले स्थानों पर निगरानी बढ़ा दी गयी है, साथ ही जिला स्तर से रोजाना रिपोर्ट भी मांगी जा रही है। राज्य में संक्रमण की सटीक पहचान के लिए रांची स्थित रिम्स और जमशेदपुर स्थित एमजीएम में एच1एन1 तथा एच3एन2 वायरस की जांच की आधुनिक व्यवस्था उपलब्ध है। राज्य स्वास्थ्य निदेशालय ने सभी जिलों के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारियों को संदिग्ध मरीजों की त्वरित पहचान, जांच और समुचित इलाज सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश जारी किये हैं। ● शेष पृष्ठ 11 पर

### अब 19 सितम्बर को इंदौर आयेंगे राहुल गांधी

**भोपाल** : लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का इंदौर दौरा अब 12 सितंबर की जगह 19 सितंबर को होगा। राहुल गांधी के प्रस्तावित 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम के लिए कांग्रेस ने पहले नेहरू स्टेडियम को चुना था और जिला प्रशासन से इसकी अनुमति मांगी थी। हालांकि, प्रशासन ने कोर्ट का हवाला देते हुए नेहरू स्टेडियम में कार्यक्रम आयोजित करने की अनुमति नहीं दी। इसके बाद कांग्रेस ने कार्यक्रम का स्थल बदलने का फैसला किया है। अब राहुल गांधी का 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम 19 सितंबर को इंदौर के रीजनल पार्क में आयोजित किया जाएगा।

## प्रधानमंत्री मोदी ने निडरता से दान देने और जीवन बचाने के महत्त्व पर दिया संदेश



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को संस्कृत के एक सुभाषितम् के माध्यम से निडरता से दान देने और जीवन बचाने के महत्त्व को रेखांकित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर यह सुभाषितम् साझा किया, 'अभयस्यैव यो दाता तस्यैव सुमहत्फलम्। न हि प्राणसमं दानं त्रिषु लोकेषु विद्यते ॥'

इस सुभाषितम् का अर्थ है कि जो व्यक्ति दूसरों के भय को दूर कर उन्हें अभय प्रदान करता है, उसे महान फल की प्राप्ति होती है। तीनों लोकों में प्राणों की रक्षा करने से बढ़ कर कोई दान नहीं है। प्रधानमंत्री ने मानव जीवन की रक्षा को सर्वोच्च दान बताया।

## राममंदिर के पहले सीईओ बने पूर्व एयर मार्शल जीतेन्द्र मिश्रा

### गोविंद देव गिरि महासचिव



**एजेंसी**

**अयोध्या** : पूर्व एयर मार्शल जीतेन्द्र मिश्रा श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पहले मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) बनाये गये हैं। गोविंद देव गिरि को महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। वह अभी कोषाध्यक्ष थे। इसके अलावा ट्रस्ट में एक महिला समेत तीन नए सदस्यों को भी शामिल किया गया है। ट्रस्ट की बुधवार को यहां हुई बैठक के बाद इसकी घोषणा की गयी।

तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने एक बयान में बताया कि मिश्रा ने ऑपरेशन सिन्दूर में पश्चिमी वायु कमान का नेतृत्व किया था। उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले के रहनेवाले मिश्रा वायुसेना में अपनी 39 साल की सेवा के बाद 30 अप्रैल 2026 को सेवानिवृत्त हुए थे।

ट्रस्ट में तीन नये सदस्य भी बनाये गये हैं। इनमें अयोध्या छावनी के निवासी एडवोकेट मदन मोहन पांडेय, दिल्ली के महेश भागचंदका और शिकोहाबाद की रहने वाली डॉ. निर्मला यादव शामिल हैं। निर्मला यादव ट्रस्ट की पहली महिला ट्रस्टी होंगी। भागचंदका को गोविंद देव गिरि के स्थान पर कोषाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है। ट्रस्ट के तीन नये सदस्यों में से 74 वर्षीय ● शेष पृष्ठ 11 पर

### अजमेर पुलिस ने दो संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिक पकड़े

**जयपुर** : राजस्थान में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों और अन्य घुसपैठियों की पहचान के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत अजमेर जिला पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स ने बुधवार को 25वीं कार्रवाई करते हुए दो संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा। इनमें एक महिला और एक पुरुष शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, दोनों पति-पत्नी हैं और प्रारंभिक पूछताछ में उन्होंने खुद को बांग्लादेशी नागरिक बताया है। इस अभियान के तहत अजमेर जिले में अब तक कुल 59 बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा जा चुका है।

## मतदाता सूची में हेरफेर के लिए बना एसआईआर : सिब्बल



- सुप्रीम कोर्ट से लगायी रोक की गुहार

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली** : राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने चुनाव आयोग द्वारा हो रही एसआईआर प्रक्रिया पर गम्भीर सवाल उठाये हैं। उन्होंने इस प्रक्रिया को मतदाता सूची में हेरफेर की एक सोची-समझी कवायद बताया है, जिसका उद्देश्य भाजपा को आगामी चुनावों में फायदा पहुंचाना है। वरिष्ठ वकील सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट से इस पूरी प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है।

पूर्व केन्द्रीय मंत्री की यह टिप्पणी मीडिया रिपोर्ट के बाद आयी है, जिसमें दावा किया गया था कि झारखंड के गोड्डा जिले में भाजपा के एजेंट अल्पसंख्यक समुदाय के मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि स्थानीय बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) इसका विरोध कर रहे हैं। वरिष्ठ वकील सिब्बल ने घटनाक्रम को बहिष्कार की राजनीति करार दिया, जिसमें बड़े पैमाने पर मुसलमानों को निशाना बनाकर उनके नाम सूची से हटवाये जा रहे हैं।

सिब्बल ने कहा कि एसआईआर सिर्फ बहाना है, जिसके जरिये मतदाता सूची में छेड़छाड़ कर भाजपा को चुनाव जीतने में मदद की जा रही है। उन्होंने चुनाव आयोग के अध्यक्ष ज्ञानेश कुमार पर भी आरोप लगाये। सिब्बल ने कहा कि झारखंड ● शेष पृष्ठ 11 पर

## सरकारी बस में आदिवासी छात्राओं को चढ़ने से रोका, धक्का देकर उतारने का आरोप

**एजेंसी**

**पुडुकोट्टई** : तमिलनाडु के पुडुकोट्टई जिले में सरकारी बस में सवार होने का प्रयास कर रहीं आदिवासी समुदाय की आठ स्कूली छात्राओं को कथित तौर पर धक्का देकर नीचे उतारने का मामला सामने आया है। घटना में सभी आठ छात्राएं घायल हो गयीं। छात्राओं के साथ कथित दुर्व्यवहार की खबर फैलते ही उनके परिजनों और आदिवासी समुदाय के लोगों में भारी आक्रोश फैल गया। नाराज लोगों ने बस चालक और परिचालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर सड़क पर बैठ कर प्रदर्शन किया, जिससे क्षेत्र में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गयी। पुलिस के अनुसार, पुडुकोट्टई जिले के रंगम्माल सत्रम के पास स्थित कीरनूर क्षेत्र में आदिवासी समुदाय की करीब आठ छात्राएं एक सरकारी स्कूल में पढ़ाई करती हैं। बुधवार को ये सभी छात्राएं पुडुकोट्टई जाने के लिए उस मार्ग से गुजर रही सरकारी बस में सवार होने का प्रयास कर रही थीं। बस में पहले से काफी भीड़ थी। इसी दौरान परिचालक ने छात्राओं को बस में चढ़ने से मना किया और कथित तौर पर उन्हें नीचे उतरने के लिए कहा।

## कांग्रेस में शामिल हुए सैयद आसिम वकार



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली** : एआईएमआईएम के पूर्व प्रवक्ता सैयद आसिम वकार बुधवार को कांग्रेस में शामिल हो गये। वकार ने पार्टी मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी राजेन्द्र पाल गौतम, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय और कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन इमरान प्रतापगढ़ी मौजूद रहे।

इस मौके पर वकार ने पत्रकार वार्ता में कहा कि अगर देश से सच्चा प्रेम है और भाजपा को सत्ता से हटाना है, तो कांग्रेस के साथ आना जरूरी है, क्योंकि कांग्रेस मजबूती के साथ भाजपा के खिलाफ लड़ रही है।

उन्होंने कहा कि एआईएमआईएम में रहने के दौरान उन्हें लगा कि पार्टी भाजपा और उसकी विचारधारा से लड़ने की बात करती है, लेकिन जमीन पर उन लोगों से लड़ रही है, जो भाजपा के खिलाफ हैं। इसलिए उन्होंने कांग्रेस के साथ आने का फैसला किया। वकार ने कहा कि देश से मोहब्बत करनेवाले लोग भाजपा की सरकार को सत्ता से हटाना चाहते हैं, ताकि देश में धर्मनिरपेक्ष और जनहित की सरकार बनायी जा सके।

## सिन्दरी फूड सेफ्टी विभाग ने बीआईटी सिन्दरी के छात्रावासों के मेस का किया निरीक्षण

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**सिन्दरी** : उपायुक्त धनबाद के निर्देश पर फूड सेफ्टी विभाग की टीम ने बीआईटी सिन्दरी के लगभग 08 छात्रावासों के मेस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मेस में गंदगी पायी गयी। फूड सेफ्टी निरीक्षक राजा कुमार के साथ चार खाद्य सुरक्षा अधिकारी भी थे। राजा कुमार ने बताया कि महिला और पुरुष के 08 छात्रावासों के मेस का निरीक्षण किया गया।

मेस में सरसों तेल और मशालों की जांच के लिए नमूने लिये गये। राजा कुमार ने बताया कि आठ में से चार मेस संचालकों के पास लाइसेंस था। अन्य चार मेस अवैध रूप से चल रहे थे। मशाले और तेल के सेम्पल की जांच रिपोर्ट से खुलासा हुआ कि मशालों में प्रतिबंधित रंग का इस्तेमाल होता है। सरसों तेल की शुद्धता भी मानक पर खरि नहीं उतरी। उन्होंने बताया कि सबसे गंदे मेस के संचालक पर 20 हजार रुपये का और रंगीन मशाले का प्रयोग करनेवाले संचालक पर 10 हजार रुपये का आर्थिक दंड लगाया गया। ● शेष पृष्ठ 11 पर

# जल संरक्षण व सिंचाई क्षमता बढ़ाने के लिए जेजेएम समिट में झारखंड ने पेश किया विकास का रोडमैप

- हफीजुल हसन व योगेन्द्र प्रसाद ने रखा जल प्रबन्धन का रोडमैप
- राज्य की 80% वर्षा का पानी बह जाता है, संचयन पर विशेष जोर
- झारखंड में 24.25 लाख हेक्टेयर सिंचाई क्षमता की सम्भावना



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली** : नयी दिल्ली स्थित सुषमा स्वराज भवन में आयोजित दो दिवसीय जल जीवन मिशन (जेजेएम) डिपार्टमेंटल समिट 2026 के समापन सत्र में झारखंड की ओर से जल संसाधन विभाग के मंत्री हफीजुल हसन तथा पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री योगेन्द्र प्रसाद ने भाग लेते हुए राज्य की जल प्रबंधन रणनीति और भविष्य की प्राथमिकताओं को मजबूती से रखा।

सम्मेलन के दौरान झारखंड ने जल संरक्षण, सिंचाई क्षमता के अधिकतम उपयोग और जल परियोजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन पर स्पष्ट और दूरदर्शी रोडमैप प्रस्तुत किया। हफीजुल हसन ने कहा कि राज्य में लगभग 30 प्रतिशत वन क्षेत्र और पठारी भू-भाग होने के कारण वर्षा जल का प्रभावी संचयन बेहद आवश्यक है। उन्होंने बताया कि राज्य में होने वाली लगभग 80 प्रतिशत वर्षा का पानी बह जाता है, जिसे रोक कर संरक्षित करना और वर्षभर उपयोग में लाना सरकार की प्राथमिकता है।

सिंचाई के क्षेत्र में उपलब्ध सम्भावनाओं पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि झारखंड में करीब 24.25 लाख हेक्टेयर सिंचाई क्षमता की सम्भावना है, जबकि अब तक लगभग 10 लाख हेक्टेयर क्षमता ही विकसित हो सकी है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि अब फोकस केवल नई परियोजनाओं पर नहीं, बल्कि मौजूदा सिंचाई संरचनाओं के प्रभावी उपयोग पर भी होना चाहिए। नहरों में जल परिवहन के दौरान होनेवाले रिसाव को कम करने और खेत के अंतिम छोर तक पानी पहुंचाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।

राज्य सरकार ने पटमदा-बोड़ाम और नीमडीह-कुकड़ू मेगा लिफ्ट सिंचाई परियोजनाओं तथा पलामू के अमानत बराज के शेष कार्यों को पूरा करने के लिए केन्द्र से सहयोग का आग्रह किया है। इन परियोजनाओं के लिए लगभग 3,000 करोड़ रुपये की आवश्यकता जतायी गयी।

इसके साथ ही जलाशयों की गाद निकासी, तालाबों और आहरों के जीर्णोद्धार, बाढ़ एवं सूखा प्रबंधन के लिए रियल-टाइम सूचना प्रणाली और फोरकास्टिंग तथा जल प्रबंधन में अक और Digital Twin जैसी आधुनिक तकनीकों के उपयोग पर भी जोर दिया गया।

हफीजुल हसन ने कहा कि राज्यों के बीच अनुभवों का आदान-प्रदान देश की जल सुरक्षा को मजबूत करेगा। वहीं हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड सरकार जल संरक्षण, सिंचाई विस्तार और संसाधनों के बेहतर उपयोग के माध्यम से राज्य को जल-सुरक्षित बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## एक झलक

### पंद्रह दिनों से झारभूमि के कमजोर नेटवर्क के कारण कामकाज लगभग ठप्प

**बुढ़मू :** अंचल कार्यालय बुढ़मू में पिछले लगभग पंद्रह दिनों से झारभूमि के कमजोर नेटवर्क के कारण लगभग काम काज ठप्प है। झारभूमि नहीं कार्य करने से सैकड़ों म्यूटेशन, ऑनलाइन सुधार व भू राजस्व से संबंधित कार्य लंबित हैं। निर्धारित समयसीमा के भीतर म्यूटेशन, सुधार आदि कार्य नहीं होने से ग्रामीणों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

### बारिश के दिनों में आवागमन में ग्रामीणों को हो रही भारी परेशानी

**बुढ़मू :** प्रखंड के मक्का पंचायत के चकलू टोला में रहनेवाले 10–12 परिवार के सदस्यों को बारिश के दिनों में आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। बारिश के दिनों में चकलू टोला टापू में तब्दील हो जाता है। एक तरफ लकड़ी का कामचलाऊ पुलिया बना के ग्रामीण आवागमन का कार्य करते है। चकलू टोला जाने के लिए पथ और पुल निर्माण का ग्रामीणों को कई साल से आश्वासन मिल रहा है लेकिन पथ और पुल निर्माण कब होगा, इसका जवाब किसी के पास नहीं है।

### श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर दही हांडी प्रतियोगिता के लिए हुआ भूमि पूजन

**रांची :** श्री कृष्ण जन्मोत्सव एवं दही हांडी प्रतियोगिता आयोजन समिति, मोरहाबादी की ओर से दो दिवसीय श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का शुभारंभ तीन सितंबर 2026 से होगा। वहीं चार सितंबर 2026 को मोरहाबादी मैदान में भव्य दही हांडी प्रतियोगिता, भजन संध्या और रासलीला का आयोजन होगा। यह जानकारी देते हुए कार्यक्रम के आयोजक राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि आयोजन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। इसी क्रम में बुधवार को मोरहाबादी मैदान में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ दही हांडी स्थल का भूमि पूजन किया गया। समिति के मुख्य संरक्षक राजीव रंजन प्रसाद ने पूजा–अर्चना कर स्थल निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण जन्मोत्सव को लेकर रांचीवासियों में उत्साह है और बच्चों, युवाओं और श्रद्धालुओं के लिए आकर्षक कार्यक्रम रखे गए हैं। उन्होंने लोगों से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की। कार्यक्रम में अध्यक्ष विनोद गोप, मनोज गुप्ता, सचिव रोहित सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष राहुल किट्टू सिंह, वेद प्रकाश, मनोज कुमार सहित अन्य पदाधिकारी, सदस्य एवं श्रद्धालु मौजूद थे।

### नगर निगम ने त्योहारों से पूर्व स्ट्रीट लाइट व्यवस्था दुरुस्त करने के दिये निर्देश

**रांची :** नगर निगम क्षेत्र में आगामी पर्व–त्योहारों और मॉनसून के मद्देनजर पथ बत्ती व्यवस्था को बेहतर एवं सुरक्षित बनाए रखने के लिए दो सितंबर 2026 को अपर नगर आयुक्त संजय कुमार की अध्यक्षता में विद्युत शाखा की समीक्षात्मक बैठक हुई। बैठक में खराब स्ट्रीट लाइट की मरम्मती, शिकायतों के त्वरित निष्पादन, नियमित पेट्रोलिंग और आवश्यकता वाले क्षेत्रों में नई स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था करने संबंधित समीक्षा की गई। बताया गया कि निगम के सभी 53 वार्डों में 28 टीमें सक्रिय हैं। ये टीमें नियमित पेट्रोलिंग कर खराब स्ट्रीट लाइट की पहचान, मरम्मती और नागरिकों से प्राप्त शिकायतों का समाधान कर रही हैं। अपर नगर आयुक्त ने निर्देश दिया कि प्रमुख मार्गों, चौक–चौराहों, बाजारों, सार्वजनिक स्थलों और आवासीय क्षेत्रों में लंबे समय तक स्ट्रीट लाइट खराब नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने संबंधित एजेंसी मेसर्स तुलस्यान, लाइट इंस्पेक्टर, कनीय अभियंता, सहायक अभियंता और सहायक नगर आयुक्त को व्यापक निरीक्षण का निर्देश दिया। प्रत्येक माह कनेक्ट सेंटर के माध्यम से एक हजार से अधिक शिकायतें प्राप्त होती हैं, जिनके 48 घंटे के भीतर निष्पादन का लक्ष्य है। बार–बार खराब होने वाली बत्तियों के मूल कारण की पहचान कर स्थायी समाधान करने का निर्देश भी दिया गया। निगम ने नागरिकों से खराब स्ट्रीट लाइट की सूचना टोल फ्री नंबर 1800 570 1235 पर देने की अपील की है।
बैठक में सहायक नगर आयुक्त सूरज प्रकाश सिंह चौधरी, अभियंता एवं संबंधित एजेंसी के प्रतिनिधि मौजूद थे।

## डीडीसी ने मुरपा गांव में एसटी परिवारों के सर्वेक्षण कार्य का लिया जायजा

# विभिन्न सरकारी योजनाओं से सम्बन्धित जरूरतों की ली जानकारी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**रामगढ़ :** उप विकास आयुक्त आशीष अग्रवाल द्वारा बुधवार को प्रोजेक्ट समर्थ के अंतर्गत मांडू प्रखंड के मुरपा ग्राम में पीवीटीजी-एसटी परिवारों के लिए किए जा रहे सर्वेक्षण कार्य का स्थल निरीक्षण कर जायजा लिया गया। इस दौरान उप विकास आयुक्त ने सर्वेक्षण टीम द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली तथा सर्वेक्षण प्रपत्रों के संधारण एवं भरने की प्रक्रिया का निरीक्षण किया। उन्होंने टीम के सदस्यों को निर्देश दिया कि प्रत्येक परिवार से संबंधित आवश्यक जानकारी का सही एवं पूर्ण रूप से संकलन करते हुए प्रपत्रों को सावधानीपूर्वक भरा जाए, ताकि सर्वेक्षण के आधार पर संबंधित परिवारों की वास्तविक आवश्यकताओं की पहचान की जा सके। उप विकास आयुक्त ने सर्वेक्षण के दौरान पीवीटीजी-एसटी परिवारों से सीधे संवाद करते हुए उनकी वर्तमान स्थिति, मूलभूत आवश्यकताओं एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं से संबंधित जरूरतों की जानकारी ली। उन्होंने परिवारों की समस्याओं एवं आवश्यकताओं को गंभीरता से सुना तथा सर्वेक्षण के माध्यम से प्राप्त जानकारी के आधार पर उन्हें आवश्यक सरकारी योजनाओं एवं सुविधाओं से जोड़ने की दिशा में कार्य करने पर जोर दिया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों एवं सर्वेक्षण टीम को निर्देशित किया कि प्रोजेक्ट समर्थ के उद्देश्यों के अनुरूप सर्वेक्षण कार्य को पूरी संवेदनशीलता, पारदर्शिता एवं गंभीरता के साथ पूरा करें, ताकि चिन्हित परिवारों तक आवश्यक सरकारी योजनाओं एवं कल्याणकारी सुविधाओं का प्रभावी लाभ पहुंचाया जा सके।

## रांची में गांजा और ब्राउन शुगर के साथ युवक गिरफ्तार, सफारी वाहन समेत नकदी जब्त

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** रांची के लोअर बाजार थाना क्षेत्र के डोम टोली तालाब पट्टी इलाके से पुलिस ने बुधवार को एक युवक को मादक पदार्थों के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके पास से गांजा और टाटा सफारी वाहन से ब्राउन शुगर बरामद की है। मौके से नकदी और आईफोन भी जब्त किया गया। नगर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (सिटी डीएसपी) केवी रमण ने बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मादक पदार्थों की बिक्री से संबंधित मिल रही सूचनाओं का सत्यापन किया जा रहा था। इसी दौरान सूचना मिली कि डोम टोली निवासी मो. अनस कुरैशी सफेद रंग की टाटा सफारी से मादक पदार्थों की बिक्री कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने वाहन की जांच की। वाहन के मालिक की पहचान मो. अनस कुरैशी के रूप में होने के बाद पुलिस ने उसके और वाहन की तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसके पास से करीब 16 ग्राम गांजा और वाहन से 20 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई। पुलिस ने मौके से 4,700 रुपये नकद, एक आईफोन और टाटा सफारी वाहन भी जब्त किया। मामले में लोअर बाजार थाना में प्राथमिकी दर्ज कर मो. अनस कुरैशी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपित का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ धनबाद जिले के बरोरा थाना में भी मामला दर्ज है। कार्रवाई में लोअर बाजार थाना प्रभारी लव कुमार सिंह सहित पुलिस पदाधिकारी और थाना रिजर्व गार्ड की टीम शामिल रही।

## बेड़ो की जर्जर सड़क को लेकर भाजपा के बंद पर उठाये सवाल

## सड़क मरम्मत के लिए 1.50 करोड़ की योजना स्वीकृत, जल्द शुरू होगा काम : कांग्रेस



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** बेड़ो में जर्जर सड़क को लेकर भाजपा द्वारा बंद के आह्वान पर कांग्रेस ने सवाल उठाए हैं। जिसे लेकर कोंग्रेस पार्टी कार्यालय में बुधवार को मंत्री के प्रतिनिधि सह उपप्रमुख मोददसिर हक व प्रखंड अध्यक्ष प्रो करमा उरांव ने संयुक्त रूप से प्रेस कांफ्रेंस किया।जहां जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि रांची-गुमला मुख्य मार्ग के बेड़ो थाना मोड़ से आगे की सड़क लंबे समय से जर्जर है। सड़क पर गड्ढों के कारण लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने एनएच आई 43 का उद्घाटन किए थे। लेकिन बेड़ो केशा मोड़ से थाना होते हुए बारीडीह ओवर ब्रिज तक के रोड को नजर अंदाज किया गया।भाजपा नेताओं को यह पता होना चाहिए कि इस रोड को नजर अंदाज नहीं किया जाता तो अभी बंद कराने की नौबत ही नहीं आती। वहीं, कृषि एवं पशुपालन मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के प्रयास से सड़क मरम्मत के लिए करीब 1.50 करोड़ रुपए की योजना स्वीकृत कराई गई है। विभाग की ओर से टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जल्द ही टेंडर पूरा होने के बाद सड़क का काम शुरू होने की बात कही गई है। विज्ञप्ति में भाजपा नेताओं से सड़क निर्माण की वास्तविक स्थिति की जानकारी लेने की अपील करते हुए कहा गया है कि राजनीतिक विरोध के बजाय जनहित में विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। साथ ही लोगों से भ्रामक और गलत प्रचार से सावधान रहने का आग्रह किया गया है। मौके पर विधायक के शिक्षा प्रतिनिधि देवनिश तिग्गा, वन विभाग विधायक प्रतिनिधि शमसाद आलम, खाद्य आपूर्ति विधायक प्रतिनिधि फहीमूल हक, नवल किशोर सिंह, संजय कच्छप, शम्भू राम मौजूद थे।

## सीएचसी पतरातू में गर्भवती महिलाओं के बीच पोषण पोटली का वितरण

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**पतरातू :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पतरातू में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने एवं सरकार की जनकल्याणकारी स्वास्थ्य योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बुधवार को पोषण पोटली वितरण एवं मासिक समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के तहत सिविल सर्जन, रामगढ़ एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, पतरातू के निर्देशानुसार सीएचसी, पीएचसी एवं सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों तक पोषण पोटली उपलब्ध कराई गई। योजना के प्रावधानों के तहत सामान्य प्रसव वाली महिलाओं को तीन दिनों तथा सिजेरियन प्रसव वाली महिलाओं को सात दिनों तक पोषण पोटली उपलब्ध कराई गई। इस पहल का उद्देश्य प्रसव के उपरांत माताओं को आवश्यक पोषण उपलब्ध कराना तथा उनके स्वास्थ्य एवं शीघ्र रिकवरी में सहयोग प्रदान करना है। इस क्रम में सीएचसी पतरातू में मासिक समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डॉ. अनिल कुमार ने की। बैठक में स्वास्थ्य केंद्र की कार्यप्रणाली, विभिन्न सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं की प्रगति, मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं तथा संबंधित कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। डॉ. अनिल कुमार ने स्वास्थ्य कर्मियों को पूरी निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा संचालित सभी स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना स्वास्थ्य विभाग की प्राथमिकता है। साथ ही, मरीजों को बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में सीएचसी पतरातू के चिकित्सक, स्वास्थ्यकर्मी एवं संबंधित कर्मी उपस्थित रहे।

## बिरसा परियोजना में ड्यूटी के दौरान हृदयाघात से सीसीएल कर्मी की मौत



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भुरकुंडा :** सीसीएल की बिरसा परियोजना में बीती रात ड्यूटी के दौरान ड्रीलर सुरेंद्र यादव की आकस्मिक मौत हो गई। मृतक सेंट्रल सौंदा क्लब घर कॉलोनी में रहते थे। मिली जानकारी के अनुसार सुरेंद्र यादव मंगलवार को दूसरी पाली की ड्यूटी पर थे। इस दौरान अचानक उनकी तबीयत काफी बिगड़ने लगी। आनन-फानन में उन्हें सीसीएल अस्पताल भुरकुंडा लाया गया। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हृदयाघात से मौत की संभावना जताई गई। वह घटना की सूचना परिजन अस्पताल पहुंचे। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा। वहीं विभिन्न श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने अस्पताल पहुंच कर शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाया। दूसरे दिन बुधवार को प्रबंधन ने मृतक के छोटे पुत्र रिंटू कुमार यादव को प्रोविजनल ज्वाइनिंग लेटर सौंपा। इसके उपरांत शव को पोस्टमार्टम के लिए रामगढ़ ले जाया गया। मृतक अपने पीछे पत्नी, दो पुत्र और एक पुत्री छोड़ गए हैं। मौके पर बिरसा परियोजना के मैनेजर पर्सनल विकास रंजन, विंध्याचल बेदिया, वासुदेव साव, अशोक शर्मा, शंभू प्रसाद सिंह, हरिनाथ महतो, संजय मिश्रा, अशोक गुप्ता, रामाकांत दूबे, संजय वर्मा, बैजनाथ राय, केदार राम, गुलजार सहित अन्य मौजूद थे।

## अशोक गुप्ता बने रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के महासचिव

- 40 वर्षों की कांग्रेस सेवा का मिला सम्मान, संगठन को मजबूत करने की मिली अहम जिम्मेदारी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**ओरमांझी :** रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी की नई कमेटी की घोषणा कर दी गई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के अनुमोदन के बाद गठित नई कमेटी में लंबे समय से कांग्रेस संगठन के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रहे अशोक गुप्ता को महासचिव की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। नई कमेटी का कार्यकाल पांच वर्ष निर्धारित किया गया है। अशोक गुप्ता के मनोनयन से कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खुशी की लहर है। अशोक गुप्ता ने वर्ष 1983 में मैट्रिक की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद कांग्रेस के प्रखंड स्तरीय संगठन से अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत की थी। करीब चार दशक से कांग्रेस पार्टी से जुड़े गुप्ता ने विभिन्न सांगठनिक पदों पर रहते हुए संगठन को मजबूत करने में योगदान दिया है। पिछले 20 से 25 वर्षों से वह रांची जिला कांग्रेस कमेटी में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं और लगातार संगठनात्मक गतिविधियों में समय देते रहे हैं। उन्होंने रांची के पूर्व सांसद शिव प्रसाद साहू तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद सुबोध कांत सहाय के सांसद प्रतिनिधि के रूप में भी जिम्मेदारी निभाई है। इसके अलावा पूर्व विधायक स्वर्गीय सावना बाबा के प्रतिनिधि के रूप में भी कार्य किया। रांची जिले के विभिन्न प्रखंडों में प्रभारी के रूप में पहुंचकर संगठन को मजबूत और धारदार बनाने में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कांग्रेस के कठिन दौर में भी पार्टी का साथ नहीं छोड़ने वाले अशोक गुप्ता ने कार्यकताओं को साथ लेकर संगठन का झंडा बुलंद रखने का काम किया। जब राजनीतिक परिस्थितियां कांग्रेस के लिए चुनौतीपूर्ण थीं, उस समय भी उन्होंने संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने में सक्रिय भूमिका निभाई। पार्टी के पुराने नेताओं और कार्यकताओं के बीच भी उनके बेहतर संबंध बताए जाते हैं।

## खान एवं खनिज विधेयक के विरोध में झामुमो चलायेगा जनजागरण अभियान

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**खूंटी :** खान एवं खनिज विधेयक के विरोध में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने आंदोलन की तैयारी तेज कर दी है। इसी क्रम में बुधवार को खूंटी प्रखंड में झामुमो कार्यकर्ताओं की बैठक जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विधेयक के खिलाफ गांव-गांव जनजागरण अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद ने कार्यकताओं को निर्देश दिया कि वे गांवों और पंचायतों में जाकर लोगों को विधेयक के प्रावधानों और इससे झारखंड को होने वाले संभावित नुकसान की जानकारी दें। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार इस विधेयक के माध्यम से झारखंड की कल्याणकारी योजनाओं को प्रभावित करना चाहती है। विधेयक लागू होने से राज्य को मिलने वाला राजस्व समाप्त होने का दावा करते हुए उन्होंने इसे झारखंड की जनता के साथ अन्याय बताया। उन्होंने कहा कि झामुमो कार्यकर्ता विधेयक के खिलाफ आंदोलन के लिए तैयार हैं। निर्णय लिया गया कि 07 सितंबर 2026 को सभी पंचायतों और बूथों से झामुमो कार्यकर्ता खूंटी प्रखंड मुख्यालय पहुंचकर धरना-प्रदर्शन करेंगे। बैठक में केंद्रीय सदस्य अमरनाथ मुंडा, संगठन सचिव शंकर सिंह मुंडा, सह सचिव मोजीर अंसारी, छात्र मोर्चा अध्यक्ष कमलेश महतो आदि मौजूद थे।

# बेड़ो में आवारा कुत्तों का आतंक



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड मुख्यालय बेड़ो में आवारा कुत्तों का आतंक दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। स्थिति ऐसी हो चुकी है कि लोग शाम ढलते ही घरों से बाहर निकलने से डरने लगे हैं। दर्जनों की संख्या में कुत्ते गलियों और सड़कों पर झुंड बना कर घूमते रहते हैं। राहगीरों को देखते ही वे पीछे पड़ जाते हैं, जिससे लोगों में दहशत का माहौल है। प्रखंड मुख्यालय में कई स्थानों पर अक्सर आवारा कुत्तों के झुंडों को खड़ा व बैठे देखा जा सकता है। वहीं आवारा कुत्तों से परेशान होकर लोग सुबह व देर रात को घरों से निकलने से डरने लगे हैं। गुमला व लोहरदगा रोड के बीचो- बीच भी आवारा कुत्तों की भरमार है, जो अक्सर आने-जाने वाले लोगों पर झपट पड़ते हैं।कई बार ये आवारा कुत्ते एक दूसरे कुत्ते से लड़ते-लड़ते बीच सड़क में भी आ जाते हैं, जिससे दोपहिया वाहन चालक इनमें उलझकर गिर कर घायल हो जाते है। साथ ही कई बार ये लोगों की बाइक या कार के पीछे भागते हैं। इन सबके बावजूद भी प्रशासन इन कुत्तों की समस्या से निजात दिलाने के लिए कोई विशेष कदम नहीं उठा रहा। वैसे तो कुत्ते को सबसे वफादार जानवर माना जाता है, लेकिन अगर यह वफादारी भूल जाए तो जानलेवा हो सकता है। बेड़ो के अंदर ऐसी कोई गली और मोहल्ला नहीं जहां आवारा कुत्तों का आतंक न हो। शाम ढलने के बाद बेड़ो के गली-मोहल्लों में पैदल या दुपहिया पर निकलना खतरे से खाली नहीं है। दोपहर में भी ये कुत्ते बच्चों व बुजुर्गों को निशाना बनाने से नहीं चूकते। बेड़ो के विभिन्न सड़कों और मोहल्लों में इन कुत्तों का आतंक इस कदर छाया हुआ है कि लोग रात तो रात, दिन में भी इनके झुंड को देखकर रास्ता बदल लेने में ही गनीमत समझते हैं। कुत्तों के आतंक से बच्चों और बुजुर्गों का अकेले निकलना बेहद मुश्किल हो गया है। कई जगह कुत्तों के काटने की घटनाएं भी सामने आ चुकी हैं। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है। यदि जल्द ही इस पर ध्यान नहीं दिया गया, तो बड़ी घटना घट सकती है। बेड़ो वासियों ने प्रखंड प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि आवारा कुत्तों को पकड़ने की व्यवस्था की जाये, ताकि आमजन को राहत मिल सके।

## मनरखन महतो बीएड कॉलेज का शानदार प्रदर्शन

# 99 में 97 प्रशिक्षु प्रथम श्रेणी व विशिष्टता के साथ उत्तीर्ण

- जेनिफर विलियम्स बनीं कॉलेज टॉपर, 87.46% अंक के साथ हासिल किया प्रथम स्थान

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**ओरमांझी :** रांची विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित बीएड सत्र 2024-2026 की परीक्षा में मंनरखन महतो बीएड कॉलेज के प्रशिक्षार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कॉलेज का नाम रोशन किया है। कॉलेज का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। परीक्षा में शामिल कुल 99 प्रशिक्षार्थियों में 97 ने विशिष्टता के साथ प्रथम श्रेणी प्राप्त की, जबकि 2 प्रशिक्षार्थियों ने प्रथम श्रेणी हासिल की। कॉलेज द्वारा जारी टॉपर सूची में जेनिफर विलियम्स ने 87.46 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं शिवानी कुमारी 86.15 प्रतिशत अंक के साथ दूसरे, श्रद्धा सुमन 86.00 प्रतिशत के साथ तीसरे और मिताली मेहता 85.31 प्रतिशत अंक के साथ चौथे स्थान पर रहीं। अंशु कुमारी 85.23 प्रतिशत के साथ पांचवें, रश्मि बिलुंग 84.92 प्रतिशत के साथ छठे तथा पुष्पा कुमारी 84.46 प्रतिशत अंक के साथ सातवें स्थान पर रहीं। इसी क्रम में मीरा कुमारी 84.38 प्रतिशत के साथ आठवें, ललन कुमार राय 84.23 प्रतिशत के साथ नौवें और बादल कुमार महतो 83.92 प्रतिशत अंक के साथ दसवें स्थान पर रहे। इस शानदार उपलब्धि पर कॉलेज के अध्यक्ष मनरखन महतो ने सभी प्रशिक्षार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। निदेशक मनोज कुमार महतो ने कहा कि परीक्षा परिणाम प्रशिक्षार्थियों की मेहनत और कॉलेज की शैक्षणिक गुणवत्ता का प्रमाण है। उन्होंने विद्यार्थियों से इसी तरह बेहतर प्रदर्शन करते हुए आगे बढ़ने की अपील की। प्राचार्य डॉ. दूधेश्वर महतो ने भी सभी सफल प्रशिक्षार्थियों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि शिक्षक-प्रशिक्षण के क्षेत्र में बेहतर परिणाम के साथ विद्यार्थियों को एक आदर्श शिक्षक बनने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। कॉलेज के ट्रस्टी वीरेन्द्रनाथ ओहदार, खुशबू सिंह, कृति काजल, प्रबंधक मुकेश कुमार, प्रशासनिक अधिकारी मीना कुमारी एवं पूनम कुमारी ने भी प्रशिक्षार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई दी।




# दारोगा से इंस्पेक्टर प्रोन्नति पर लगी रोक हटाने से हाई कोर्ट का इनकार, 14 सितम्बर को अगली सुनवाई

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**




**रांची :** दारोगा से इंस्पेक्टर पद पर प्रोन्नति के लिए पुलिस विभाग की ओर से जारी 9 सितंबर 2024 की वरीयता सूची को चुनौती देने वाली उत्तम तिवारी की याचिका पर बुधवार को झारखंड उच्च न्यायालय में सुनवाई हुई। न्यायालय ने प्रोन्नति प्रक्रिया पर पूर्व में लगाई गई रोक हटाने के सरकार के आग्रह को नामंजूर कर दिया। मामले की अगली सुनवाई 14 सितंबर को होगी। न्यायमूर्ति दीपक रोशन की अदालत में हुई सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता मनोज टंडन ने पक्ष रखा। राज्य सरकार की ओर से मामले में हस्तक्षेप याचिका दायर कर पूर्व में लगाई गई रोक को हटाने का आग्रह किया गया था। मामले के अनुसार, उत्तम तिवारी की वर्ष 2018 में विज्ञापन संख्या 5/2017 के आधार पर दारोगा पद पर सीधी नियुक्ति हुई थी। इसके बाद पुलिस विभाग ने 9 सितंबर 2024 को वरीयता सूची जारी की। इसमें सीमित विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा के विज्ञापन संख्या 9/2017 के माध्यम से सिपाही से दारोगा बने पुलिसकर्मियों को वरीयता सूची में ऊपर रखा गया था। प्रार्थी का कहना है कि उनकी नियुक्ति दारोगा पद पर सीधी हुई है, इसलिए वरीयता सूची में उन्हें ऊपर रखा जाना चाहिए। इस याचिका पर पूर्व में सुनवाई करते हुए उच्च न्यायालय ने 12 मई 2026 को 9 सितंबर 2024 की वरीयता सूची के आधार पर होने वाली प्रोन्नति पर रोक लगा दी थी। इसके बाद राज्य सरकार ने हस्तक्षेप याचिका दाखिल कर प्रोन्नति पर लगी रोक हटाने का आग्रह किया था। बुधवार को सुनवाई के दौरान अदालत ने सरकार के इस आग्रह को स्वीकार नहीं किया और पूर्व में लगाई गई रोक में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। मामले की सुनवाई अब 14 सितंबर को होगी।

## बकाया कमीशन की मांग को लेकर जन वितरण दुकानदारों ने दिया धरना

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**खूंटी :** जन वितरण दुकानदार संघ के बैनर तले मंगलवार को जन वितरण प्रणाली दुकानदारों ने अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर समाहरणालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया। धरना के बाद संघ के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नाम संबोधित सात सूत्री मांगों का ज्ञापन उपायुक्त को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि राज्य के करीब 25 हजार जन वितरण प्रणाली विक्रेता आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं। संघ ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम और सहित अन्य योजनाओं के तहत वितरित खाद्यान्न का बकाया कमीशन 30 दिनों के भीतर भुगतान करने एवं भविष्य में खाद्यान्न आवंटन के साथ ही कमीशन राशि का भुगतान सुनिश्चित करने की मांग की। साथ ही राशन दुकानदारों की मासिक आय 50 हजार रुपये निर्धारित करने, समय पर शुद्ध और सही मात्रा में खाद्यान्न उपलब्ध कराने सहित अन्य मांग की गई। राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र की व्यवस्था में सुधार कर सर्वर संबंधी समस्याओं का समाधान करने और जन वितरण प्रणाली को कागजरहित बनाने की भी मांग की गई। संघ ने कहा कि यदि 30 सितंबर 2026 तक मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो 01 अक्टूबर को लोकभवन के समक्ष राज्यव्यापी धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। इसके बाद भी मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## एक झलक

### नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्य सचिव को सौंपा ज्ञापन



**रांची :** झारखंड मंत्रालय में बुधवार को नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने झारखंड के मुख्य सचिव अविनाश कुमार से मुलाकात कर विभिन्न मुद्दों को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद आदित्य साहू सहित कई विधायकगण उपस्थित रहे।

### मेदांता अस्पताल रांची में पहली बार दोनों तरफ माइक्रोसर्जिकल वेरिकोसीलेक्टॉमी सफल



**रांची :** मेदांता अस्पताल, रांची ने यूरोलॉजी एवं एंड्रोलॉजी के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। सीनियर कंसल्टेंट यूरोलॉजी डॉ. अशोक गुप्ता ने झारखंड में पहली बार Bilateral Microsurgical Subinguinal Varicocelectomy सफलतापूर्वक की। वेरिकोसील पुरुषों में अंडकोष के आसपास की नसों के असामान्य रूप से फैलने की स्थिति है, जो कुछ मामलों में दर्द और पुरुष प्रजनन क्षमता से जुड़ी समस्याओं का कारण बन सकती है। इस उन्नत माइक्रोसर्जिकल तकनीक में सूक्ष्म स्तर पर प्रभावित नसों की पहचान कर उपचार किया जाता है, जबकि महत्वपूर्ण संरचनाओं को सुरक्षित रखा जाता है। सर्जरी में एक इंच से भी कम का चीरा लगाया गया। मरीज की रिकवरी अच्छी रही और उसे 24 घंटे से भी कम समय में अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। डॉ. अशोक गुप्ता ने इसे झारखंड में एंड्रोलॉजी के क्षेत्र की महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। हॉस्पिटल डायरेक्टर विश्वजीत कुमार ने कहा कि अस्पताल राज्य में ही अत्याधुनिक और विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

### श्रीकृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम आज से होगा शुरू

**रांची :** कान्हा मटकी फोड़ प्रतियोगिता समिति के तत्वावधान में आगामी श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर समिति के सदस्यों ने कहा कि 03 सितंबर संध्या 5:00 से कार्यक्रम विद्युत रूप से शुरू कर दिया जाएगा, इस वर्ष कान्हा मटकी फोड़ प्रतियोगिता पूरे प्रांत के सबसे बड़े और आकर्षक आयोजनों में से एक बनने जा रही है। आयोजन को भव्य एवं ऐतिहासिक बनाने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए अभी तक 8 टीमों ने अपना पंजीकरण करा लिया है। समिति ने बताया कि आने वाले दिनों में पंजीकरण की संख्या और बढ़ने की संभावना है। समिति की ओर से बताया गया कि इस आयोजन का उद्देश्य केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि युवाओं को हमारी संस्कृति, परंपरा और भगवान श्रीकृष्ण के जीवन संदेश से जोड़ना भी है। साथ ही युवाओं के बीच सूखा नशा मुक्त अभियान चलाकर नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया जाएगा। समिति युवाओं से नशे से दूर रहने तथा स्वस्थ, सकारात्मक और रचनात्मक गतिविधियों से जुड़ने की अपील करेगी।

**आयोजन के मुख्य आकर्षण**

1. बाल गोपाल एवं राधा रानी रूप प्रतियोगिता
बच्चों को भगवान श्रीकृष्ण एवं राधा रानी के मनमोहक स्वरूप में सजाकर उनकी प्रतिभा एवं संस्कृति के प्रति जुड़ाव को प्रोत्साहित किया जाएगा।
2. कानपुर की टीम भव्य झांकी, श्रीकृष्ण जन्म एवं उनकी लीलाओं पर आधारित आकर्षक एवं भव्य झांकी प्रस्तुत की जाएगी।
3. भव्य मटकी फोड़ प्रतियोगिता
युवाओं की टीमों के बीच रोमांचक मटकी फोड़ प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

---

60 दिवसीय मेगा अभियान के तहत नालसा योजना 'संवाद-2025' पर डालसा का जागरूकता कार्यक्रम

# जनजातीय समूहों को कानूनी अधिकार दिलाना ही लक्ष्य : डालसा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** महुआजारी पंचायत भवन एवं बांसजाड़ी गांव में ग्रामीणों को माननीय नालसा द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं में एक प्रमुख योजना 'जागृति-2025' पर डोर-टू-डोर विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर ग्रामीणों को उक्त योजना की जानकारी दी गयी। ज्ञात हो कि झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति-सह-कार्यपालक अध्यक्ष, झालसा, सुजीत नारायण प्रसाद के दिशा-निर्देश तथा सदस्य सचिव, झालसा कुमारी रंजना अस्थाना एवं न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष डालसा, रांची, अनिल कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में 60 दिवसीय मेगा जागरूकता अभियान (चरण-1) होना सुनिश्चित हुआ है, जो कि 60 दिनों तक चलेगा। ग्रामीणों को



माननीय नालसा द्वारा संचालित 'संवाद योजना-2025' पर बोलते हुए सौरभ पांडे ने कहा कि यह योजना नालसा द्वारा संचालित की गयी है। संवाद योजना न्याय सहायता को एक नया और सक्रिय रूप देता है। इस योजना का प्राथमिक उद्देश्य उन समुदायों तक न्याय पहुंचाना है जो भौगोलिक और सांस्कृतिक रूप से मुख्यधारा से कटे हुए हैं। अनुसूचित जनजातियों, विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों और विमुक्त घुमंतु जनजातियों को कानूनी अधिकार दिलाना। आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र और अन्य सरकारी पहचान पत्र बनवाने में सहायता करना। जमीन और वन अधिकारों, विस्थापन तथा पुनर्वास से जुड़े मामलों में कानूनी मदद देना। वंचित लोगों को सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ना इत्यादि है। श्री पांडे ने नालसा टॉल फ्री नम्बर-15100 के बारे में भी ग्रामीणों को जानकारी प्रदान की गयी। मध्यस्थ गोकुल चंद्र ने कहा कि बांसजाड़ी गांव के ग्रामीणों को माननीय नालसा द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जागरूक कर लाभकारी योजनाओं का लाभ दिलाना ही हमलोगों का उद्देश्य है। आगे उन्होंने मध्यस्थता के बारे में भी लोगों को जानकारी दी। डालसा टीम के सदस्यों के द्वारा डोर-टू-डोर जागरूकता कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों से घर-घर जाकर पूछताछ की एवं उनके समस्याओं को सुना तथा उनकी समस्याओं को दूर करने की बातें कहीं। ग्रामीणों से प्रधानमंत्री आवास योजना, वृद्धा पेंशन योजना, पी.एम. किसान योजना, पशुपालन शेड योजना, राशन कार्ड, सिंचाई मशीन एवं लेबर कार्ड से संबंधित आवेदन लिये गये। लगभग 900 लोग जागरूक हुए और उक्त योजना से लाभान्वित हुए। मौके पर डालसा के कार्यरत पीएलवी भुप्रताप महतो के द्वारा आगामी लोक अदालत जो कि 12 सितम्बर को व्यवहार न्यायालय, रांची मों आयोजित होगी उसकी जानकारी दी गयी। भुप्रताप महतो एवं बंधु उरांव के द्वारा राज्य सरकार द्वारा चलाये जा रहे लाभकारी योजना तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के बारे में जानकारी दी गयी। इस अवसर पर डालसा टीम में सहायक एलएडीसी श्री सौरभ पांडे, मध्यस्थ गोकुलचन्द्र, पीएलवी कालिन्दर गोप, संजीत उरांव, सुनिता देवी, भुप्रताप महतो, अमित बड़ाईक, बंधु उरांव, सुमाती कुमारी, मंगल तिर्की, रेनु देवी, संगीता सिंह, निलश्याम कुमार कश्यप, चालक राजा वर्मा एवं बांसजाड़ी गांव के ग्रामीण उपस्थित थे।

---

## महिला सुपरवाइजर नियुक्ति मामला : उच्च न्यायालय ने एकल पीठ के आदेश पर लगायी रोक

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** महिला सुपरवाइजर नियुक्ति मामले जेएसएससी की अपील पर सुनवाई करते हुए झारखंड उच्च न्यायालय ने एकल पीठ के आदेश पर रोक लगा दी। उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश एमएस सोनक और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ ने बुधवार को जेएसएससी की अपील पर सुनवाई की। जेएसएससी ने उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति दीपक रोशन की कोर्ट की ओर से आकांक्षा कुमारी सहित अन्य के मामले में 15 मई 2026 को पारित आदेश को उच्च न्यायालय की डबल बेंच में अपील दाखिल कर चुनौती दी है। जेएसएससी की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरावाल और अधिवक्ता जयप्रकाश ने पक्ष रखा। अब मामले की अगली सुनवाई 06 अक्टूबर को होगी। महिला सुपरवाइजर नियुक्ति मामले में झारखंड स्टाफ सिलेक्शन कमिशन (जेएसएससी) की ओर से अभ्यर्थियों के दस्तावेज वेरिफिकेशन में त्रुटि निकालकर उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी गई थी। एकल पीठ ने जेएसएससी की ओर से प्रार्थियों के दस्तावेज वेरिफिकेशन के दौरान उनके उम्मीदवारी रद्द करने के आदेश को निरस्त कर दिया था। साथ ही कोर्ट ने प्रार्थियों को नियुक्ति प्रक्रिया में शामिल कराने का आदेश जेएसएससी को दिया था। हाईकोर्ट की एकल पीठ में सुनवाई के दौरान प्रार्थियों की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि महिला सुपरवाइजर के 444 पदों के लिए विज्ञापन निकला था। महिला सुपरवाइजर नियुक्ति के विज्ञापन और नियुक्ति नियमावली में कहीं यह नहीं लिखा था कि अभ्यर्थियों को सोशियोलॉजी, साइकोलॉजी और होम साइंस में 03 वर्षीय ऑनर्स की डिग्री होना अनिवार्य है।

---

डालसा सचिव ने की बैंकों के अधिकारियों व प्रतिनिधियों के साथ बैठक

# राष्ट्रीय लोक अदालत 12 सितम्बर को, तैयारी जोरों पर

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** झारखण्ड उच्च न्यायालय के न्यायामूर्ति-सह-कार्यपालक अध्यक्ष, झालसा, सुजीत नारायण प्रसाद के दिशा-निर्देश तथा सदस्य सचिव, झालसा कुमारी रंजना अस्थाना एवं न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष डालसा, रांची, अनिल कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 12 सितम्बर को होना सुनिश्चित हुआ है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के द्वारा इसकी तैयारी प्रारंभ कर दी गयी है। इसी कड़ी में डालसा सचिव ने पूर्व से की गयी तैयारियों का जायजा लिया एवं विभिन्न बैंको एवं स्मॉल फाईनांस कंपनीज के पदाधिकारियों तथा प्रतिनिधियों के साथ बैठक की।



डालसा सचिव ने उपस्थित सभी बैंकों व स्मॉल फाईनांस कंपनियों के पदाधिकारियों तथा प्रतिनिधियों से अपील की है कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिकतम मामलों को चिन्हित कर निस्तारण किया जाना है। इसके लिए समझौता पूर्व बैठक कर तथा पक्षकारों को मोबाईल फोन, ई-मेल व अन्य इलेक्ट्रोनिक माध्यम से जोड़कर वार्ता की जाए, जिससे कि समझौता के माध्यम से अधिक से अधिक मामलों का निस्तारण हो सके। आगे उन्होंने आग्रह किया कि अपने बैंकों व आसपास जागरूकता से संबंधित बैनर, पोस्टर, फ्लैक्स एवं होर्डिंग लगाये, ताकि आम जनमानस जागरूक हो सके और अधिक से अधिक वादों को राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारण किया जा सके। ज्ञात हो कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में सभी आपराधिक सुलहनीय मामले, दीवानी से संबंधित मामले, श्रम से संबंधित वाद, पारिवारिक वाद, उत्पाद से संबंधित मामले, चेक बाउंस के मामले, वन विभाग के मामले, बिजली से संबंधित मामले, ट्रैफिक चालान से संबंधित मामले साथ ही साथ भूमि अधिग्रहण, मोटरयान, माप-तौल से संबंधित वाद एवं वैवाहिक से संबंधित मामलों को चिन्हित करके पक्षकारों को नोटिस पूर्व से ही भेजा जा रहा है। इसके अलावा बैंक ऋण से संबंधित मामले एवं कार्यपालक न्यायालयों के मामले को भी चिन्हित किया जा रहा है, जिसमें पक्षकारों को नोटिस कर अधिक से अधिक मामलों का निष्पादन किया जा सके बैठक में डालसा सचिव, राकेश रौशन एवं विभिन्न बैंको व स्मॉल फाईनांस कंपनीज के अधिकारी तथा प्रतिनिधि उपस्थित थे।

---

झारखंड की मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने खरगे और वेणुगोपाल से दिल्ली में की मुलाकात

# संगठन विस्तार और एसआईआर पर हुई चर्चा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** झारखंड की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने बुधवार को दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल सहित पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान संगठन विस्तार, पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत करने, सरकार के कामकाज और जनता से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। मंत्री ने झारखंड के मौजूदा राजनीतिक हालात और जनहित से जुड़े विषयों से केंद्रीय नेतृत्व को अवगत कराया। बैठक में जनता से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाने और संगठन को और प्रभावी बनाने को लेकर भी विचार-विमर्श हुआ। दीपिका पांडेय सिंह ने एसआईआर प्रक्रिया के कारण आम लोगों के सामने आ रही चुनौतियों और मतदान के अधिकार को सुरक्षित



रखने से जुड़े विषयों पर भी केंद्रीय नेताओं के साथ चर्चा की। मंत्री ने कहा कि भाजपा की ओर से राजनीतिक स्तर पर किए जा रहे प्रयासों का मुकाबला करने के लिए कांग्रेस को संगठनात्मक रूप से और मजबूती के साथ काम करना होगा। केंद्रीय नेतृत्व ने विभिन्न मुद्दों पर पार्टी की भूमिका और आगामी रणनीति को लेकर मार्गदर्शन दिया। बैठक में संगठन को मजबूत करने और जनता के बीच कांग्रेस की सक्रियता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। इस दौरान कांग्रेस के अन्य वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहे।

---

## चिरंजीवी प्ले स्कूल की चारों शाखाओं में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** चिरंजीवी प्ले स्कूल की चारों शाखाओं में बुधवार को जन्माष्टमी महोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास एवं भक्तिमय वातावरण में मनाया गया। महोत्सव के दौरान बच्चों ने विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण के जीवन एवं लीलाओं को जीवंत किया। बच्चों ने मनमोहक नृत्य, नाट्य प्रस्तुतियों एवं भजनों से सभी का मन मोह लिया। नन्हे-मुन्ने बच्चे राधा-कृष्ण के मनमोहक रूप में सजकर विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को भारतीय संस्कृति, परंपराओं एवं आध्यात्मिक मूल्यों से परिचित कराना तथा उनमें रचनात्मकता और आत्मविश्वास का विकास करना था। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों को अभिभावकों ने ऑनलाइन लिंक के माध्यम से देखा।

---

# चैम्बर चुनाव को लेकर टीम तुलसी पटेल का चुनाव कार्यालय खुला



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** चैंबर चुनाव को लेकर टीम तुलसी पटेल का चुनाव कार्यालय बुधवार को कचहरी स्थित गोपाल कॉम्प्लेक्स में खोला गया। कार्यालय का उद्घाटन प्रेमसंस मोटर्स के सीएमडी पुनीत पोद्दार ने किया। उद्घाटन के बाद टीम के सदस्यों ने चुनाव प्रचार अभियान चलाया। इस दौरान मोबाइल फोन समेत विभिन्न माध्यमों से चैंबर के सदस्यों से संपर्क कर टीम के पक्ष में समर्थन मांगा गया। अध्यक्ष पद के उम्मीदवार तुलसी पटेल ने कहा कि चुनाव को लेकर अभियान को और तेज किया जाएगा तथा अधिक से अधिक सदस्यों तक पहुंचने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जल्द ही टीम राज्य के विभिन्न जिलों का दौरा कर चैंबर के सदस्यों से मुलाकात करेगी और समर्थन मांगेगी। इसी क्रम में गुरुवार को टीम तुलसी पटेल के सदस्यों का परिचय सम्मेलन शाम सात बजे से आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन में शहर के कई व्यावसायिक, सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम के दौरान टीम के सदस्यों का परिचय कराया जाएगा तथा चैंबर चुनाव को लेकर टीम की प्राथमिकताओं और विजन की जानकारी दी जाएगी। उद्घाटन के अवसर पर पूर्व अध्यक्ष आरके सरावगी, अर्जुन जालान, सज्जन सर्राफ, परेश गट्टानी,ललित केडिया धीरज तनेजा ,अमित शर्मा, अनिल कुमार अग्रवाल, अरुण भरतीया, ज्योति कुमारी, मनीष सराफ, मोनिका गोयनका, नवजोत अलंग, पूजा ढाढा, राहुल साबू, राम बांगड़, रोहित अग्रवाल, रोहित पोद्दार, साहित्य पवन, शैलेश अग्रवाल, तुलसी पटेल, विकास विजयवर्गीय, विनीता सिंघानिया, आदित्य साह, प्रकाश कुमार, कमलेश संचेती समेत अन्य लोग मौजूद थे।

---

## एचईसी कर्मचारियों की वीपीएफ राशि ब्याज समेत लौटाये प्रबंधन : लालदेव सिंह

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** हटिया कामगार यूनियन एटक के उपाध्यक्ष लालदेव सिंह ने एचईसी प्रबंधन से कर्मचारियों के वेतन से स्वैच्छिक भविष्य निधि योजना (वीपीएफ) के तहत काटी गई राशि को ब्याज समेत तत्काल लौटाने की मांग की है। उन्होंने बुधवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि भुगतान में हुई देरी की अवधि का ब्याज भी कर्मचारियों को दिया जाना चाहिए। लालदेव सिंह ने चेतावनी दी कि यदि प्रबंधन ने कर्मचारियों की राशि का भुगतान नहीं किया तो वह उनके हित में कानूनी कार्रवाई करने के लिए बाध्य होंगे। उन्होंने कहा कि एचईसी कर्मचारियों के वेतन से हर माह स्वेच्छा से भविष्य के लिए राशि की कटौती की जाती थी। इस राशि पर कर्मचारियों को ब्याज भी मिलता था। लालदेव सिंह के अनुसार, एचईसी प्रबंधन ने अधिसूचना संख्या 04/2025 के माध्यम से स्वैच्छिक भविष्य निधि योजना के तहत वेतन से होने वाली कटौती बंद कर दी। उनका कहना है कि इस संबंध में निर्णय वर्ष 2023 में ही लिया गया था, लेकिन अधिसूचना जारी करने में देरी हुई। इस दौरान अप्रैल 2023 से सितंबर 2023 तक कर्मचारियों के वेतन से वीपीएफ मद में राशि काटी गई।

---

टाटा ट्रस्ट्स ने डिमेंशिया की समय पर पहचान पर दिया जोर

# 'वजूद रहे मौजूद' अभियान से बढ़ायी जागरूकता




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** विश्व अल्जाइमर माह के अवसर पर टाटा ट्रस्ट्स ने 'वजूद रहे मौजूद' अभियान के माध्यम से डिमेंशिया की समय पर पहचान और निदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने की पहल की है। भारत में करीब 88 लाख बुजुर्ग डिमेंशिया के साथ जीवन बिता रहे हैं, जबकि करीब 90 प्रतिशत मामलों का निदान नहीं हो पाता है। वर्ष 2036 तक डिमेंशिया से प्रभावित लोगों की संख्या 1.69 करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है। अभियान के जरिए लोगों से याददाश्त, व्यवहार और रोजमर्रा के काम करने की क्षमता में होने वाले बदलावों को उम्र का सामान्य असर मानकर नजरअंदाज नहीं करने की अपील की गई है। टाटा ट्रस्ट्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सिद्धार्थ शर्मा ने कहा कि डिमेंशिया आने वाले वर्षों में भारत के लिए महत्वपूर्ण स्वास्थ्य चुनौती बन सकता है और शुरूआती पहचान के साथ प्रभावित लोगों तथा उनके देखभालकर्ताओं के लिए मजबूत व्यवस्था जरूरी है। टाटा ट्रस्ट्स के वरिष्ठ स्वास्थ्य सलाहकार डॉ. अनुर कुरपाड ने समय रहते निदान के साथ मधुमेह, उच्च रक्तचाप और जीवनशैली से जुड़े जोखिम कारकों पर ध्यान देने की जरूरत बताई। अभियान में चिकित्सकों, देखभालकर्ताओंऔर शुरूआती अवस्था के डिमेंशिया से जीवन बिता रहे लोगों को शामिल किया गया है। टाटा ट्रस्ट्स तेलंगाना में 'एल्डर स्प्रिंग' और 'एल्डर लाइन 14567' जैसी पहलों के साथ सेंटर फॉर ब्रेन रिसर्च के टाटा लॉन्गिट्यूडिनल स्टडी ऑफ एजिंग तथा डिमेंशिया इंडिया अलायंस को भी सहयोग दे रहा है। अभियान में देश में डिमेंशिया से प्रभावित लोगों और उनके परिवारों के लिए एकीकृत देखभाल व्यवस्था मजबूत करने की जरूरत पर भी जोर दिया गया है।

---

# एसबीयू के विद्यार्थियों के लिए तीन दिवसीय प्लेसमेंट ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** सरला बिरला विश्वविद्यालय रांची के प्लेसमेंट विभाग की ओर से वर्ष 2027 में उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों के लिए तीन दिवसीय प्लेसमेंट ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को आगामी कैंपस प्लेसमेंट के लिए तैयार करना तथा उन्हें कॉर्पोरेट जगत की कार्यप्रणाली, आवश्यकताओं और अपेक्षाओं से परिचित कराना था। कार्यक्रम में बी.टेक. की सभी शाखाओं, एमसीए, एमबीए, एम.कॉम., बीबीए, बी.कॉम., बीबीए-एसबीपीएम, बीसीए, सभी शाखाओं के डिप्लोमा, बीए एवं एमए अंग्रेजी तथा बीए एवं एमए अर्थशास्त्र के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत



प्लेसमेंट विभाग द्वारा आयोजित सत्र से हुई। इसमें विद्यार्थियों को प्लेसमेंट प्रक्रिया, आवश्यक दिशा-निर्देश, कंपनियों की चयन प्रक्रिया, साक्षात्कार की तैयारी तथा करियर निर्माण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को समय रहते अपनी तैयारी शुरू करने तथा प्लेसमेंट के लिए गंभीरता से प्रयास करने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान उद्योग जगत के विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों के साथ अपने अनुभव साझा किए। टेकफोकस के वरिष्ठ तकनीकी प्रमुख-क्लाउड निखिल उपाध्याय ने क्लाउड समाधान, एडब्ल्यूएस, जीसीपी, जनरेटिव एआई और एलएलएम जैसे उभरते तकनीकी क्षेत्रों में करियर की संभावनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को बदलती तकनीक के साथ अपने तकनीकी ज्ञान और कौशल को लगातार बेहतर बनाने की सलाह दी। टेकफोकस के वरिष्ठ सेल्सफोर्स विकास विशेषज्ञ अदनान अंसारी ने सेल्सफोर्स विकास, एपेक्स, एलडब्ल्यूसी, ट्रिगर्स, सेल्सफोर्स एकीकरण और व्यावसायिक प्रक्रिया स्वचालन जैसे विषयों की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को सेल्सफोर्स के निःशुल्क ऑनलाइन शिक्षण मंच 'ट्रेलहेड' का उपयोग करने तथा संबंधित प्रमाण-पत्र प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रबंधन और वाणिज्य के विद्यार्थियों के लिए इंडसइंड बैंक की क्षेत्रीय मानव संसाधन प्रबंधक सुश्री प्राची महतो के साथ उद्योग संवाद सत्र आयोजित किया गया। उन्होंने बताया कि कंपनियां नए स्नातकों से क्या अपेक्षा रखती हैं और कॉलेज से कॉर्पोरेट जीवन में प्रवेश के दौरान किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।

---

# झारखंड में सामान्य के करीब पहुंची मॉनसूनी बारिश, अगले दिनों में भारी बारिश से मिलेगी राहत

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** झारखंड में इस मानसून सीजन के दौरान बारिश अब सामान्य के करीब पहुंच गई है। मौसम विभाग के अनुसार, 1 जून से 2 सितंबर तक राज्य में 815.6 मिलीमीटर के सामान्य औसत के मुकाबले 818.4 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। इस तरह राज्य में अब तक करीब सामान्य बारिश हुई है। वहीं, झारखंड के ऊपर बना निम्न दबाव का क्षेत्र मध्य प्रदेश की ओर बढ़ गया है, जिससे आने वाले दिनों में राज्य में भारी बारिश की गतिविधियों में कमी आने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक 220 मिलीमीटर बारिश रांची के कांके में दर्ज की गई। राजधानी




रांची में 40.1 मिलीमीटर और बोकारो में 53.4 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। इस दौरान राज्य के कई अन्य हिस्सों में भी भारी बारिश हुई। नाला में 202.6 मिलीमीटर, जामताड़ा में 136.8 मिलीमीटर, तिलैया डीवीसी में 128.4 मिलीमीटर, तिलैया में 118 मिलीमीटर, फतेहपुर में 110.4 मिलीमीटर, करमाटांड़ में 107.2 मिलीमीटर और नारायणपुर में 100.6 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। इसके अलावा बगोदर में 94.6 मिलीमीटर, नीमडीह में 91.2 मिलीमीटर, भुरकुंडा में 91 मिलीमीटर, गिरिडीह में 86 मिलीमीटर, सरिया में 82.6 मिलीमीटर, सिकटिया में 80.4 मिलीमीटर, चंद्रपुरा में 79 मिलीमीटर, कोनेर में 78.2 मिलीमीटर, जमुआ में 77.4 मिलीमीटर और नंदाडीह में 75.8 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। राज्य के अन्य हिस्सों में भी बारिश का सिलसिला जारी रहा। मौसम विभाग के अनुसार, पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान दारीसाई में 30.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, सबसे कम तापमान रांची के कांके में 20.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। बुधवार को राजधानी रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे। बारिश के बाद मौसम सुहाना बना रहा और तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। रांची में बुधवार को अधिकतम तापमान 25.6 डिग्री और न्यूनतम 22.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जमशेदपुर में अधिकतम तापमान 28.7 और न्यूनतम 25 डिग्री, डालटनगंज में अधिकतम 27.6 और न्यूनतम 25.1 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 30.1 और न्यूनतम 24.1 डिग्री तथा चाईबासा में अधिकतम 27 और न्यूनतम 22.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

**निम्न दबाव का क्षेत्र मध्य प्रदेश की ओर बढ़ा**

**मौसम** विभाग ने बताया कि झारखंड के ऊपर सक्रिय निम्न दबाव का क्षेत्र अब मध्य प्रदेश की ओर आगे बढ़ गया है। इसके प्रभाव में कमी आने के साथ राज्य में आने वाले दिनों में भारी बारिश से राहत मिलने की संभावना है। हालांकि, कुछ इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश की गतिविधियां जारी रह सकती हैं।

---

## 48 घंटे का अल्टीमेटम : छात्रों पर दर्ज मुकदमे वापस लो, नहीं तो सड़क पर उतरेगी भाजपा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** झारखण्ड में परीक्षा गड़बड़ी और नियुक्ति में कथित अनियमितताओं के खिलाफ आंदोलन कर रहे छात्रों के समर्थन में भाजपा ने राज्य सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। भाजपा का दावा है कि 1,000 से अधिक छात्रों पर FIR दर्ज कर दी गई है, जबकि आंदोलन के दौरान छात्रों पर कथित हिंसा करने वालों के खिलाफ अपेक्षित कार्रवाई नहीं की गई। पार्टी ने इसे सरासर अन्याय बताते हुए सरकार को 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। आज प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में भाजपा सांसदों, विधायकों और वरिष्ठ नेताओं का एक प्रतिनिधिमंडल राज्य के मुख्य सचिव से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने छात्रों पर दर्ज मुकदमों को तत्काल वापस लेने समेत कई मांगें सरकार के सामने रखीं।

भाजपा की प्रमुख मांगें हैं

छात्रों पर दर्ज सभी मुकदमे वापस लिए जाएं।

परीक्षा में हुई कथित गड़बड़ियों की CBI जांच कराई जाए।

आयोग के अध्यक्ष की तरह सभी सदस्यों पर भी कठोर कार्रवाई हो।

छात्रों पर हिंसा करने वाले सत्ताधारी दल के कार्यकर्ताओं पर भी तत्काल कार्रवाई की जाए।

भाजपा नेताओं ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि अगर 48 घंटे के भीतर छात्रों के पक्ष में कार्रवाई नहीं हुई, तो पार्टी छात्रों के साथ सड़क पर उतरकर आंदोलन करेगी।

## एक झलक

### बीडीओ के खिलाफ उपमुखियाओं ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**पदमा :** पदमा प्रखंड में विकास योजनाओं और 15वें वित्त आयोग की राशि में भारी अनियमितता का मामला सामने आया है। प्रखंड के उपमुखियाओं ने एकजुट होकर प्रखंड बीडीओ और पंचायत सचिव के कार्यशैली के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उपमुखियाओं ने डीसी हजारीबाग को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच और त्वरित कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि जरूरतमंद और पात्र परिवारों को आवास योजना के लाभ से वंचित रखा जा रहा है। इसके विपरीत अपात्र लोगों को योजना का लाभ दिया गया और पहले से बने पक्के मकानों पर दूसरी मंजिल बनवा दी गई। पंचायतों में विकास और महत्वाकांक्षी योजनाओं की बैठकों की जानकारी उपमुखियाओं को नहीं दी जाती है। 'ई-ग्राम स्वराज' पोर्टल पर खर्च की गई राशि दर्ज है, लेकिन कार्यस्थल का नाम गायब होने से धरातल पर काम का पता नहीं चलता। जब जनप्रतिनिधि सूचना या विवरण मांगते हैं, तो बीडीओ व पंचायत सचिवों द्वारा टालमटोल किया जाता है। उपमुखियाओं ने स्पष्ट किया कि उनका मकसद किसी पर व्यक्तिगत आरोप लगाना नहीं, बल्कि जनहित में पारदर्शिता सुनिश्चित करना है। ज्ञापन की प्रतिलिपि उप विकास आयुक्त, जिला पंचायत राज अधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी (बरही) और जिला ग्रामीण विकास अभिकरण को भी भेजी गई है। ज्ञापन सपने वाले में अजय कुमार मेहता, रेणु कुमारी, नीतू कुमारी, अभिषेक गिरी, टिंकू कुमार, सुनीता कुमारी, चिंतामणि यादव, जितेंद्र यादव शामिल है।

### रात 12 बजे जलापूर्ति के विरोध में हस्ताक्षर अभियान आन्दोलन की चेतावनी

**झरिया (धनबाद) :** खनिज क्षेत्र विकास प्राधिकरण (माडा) की ओर से कतरास मोड़, शिमला बहाल रोड क्षेत्र में रात 12 बजे जलापूर्ति किए जाने के विरोध में बुधवार से स्थानीय लोगों ने हस्ताक्षर अभियान शुरू किया। अभियान के माध्यम से लोगों ने जलापूर्ति का समय बदलकर दिन में करने की मांग उठाई। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई वर्षों से रात 12 बजे से सुबह तीन बजे तक पानी छोड़ा जाता है। आधी रात में पानी भरने की मजबूरी के कारण मोहल्ले के सैकड़ों परिवारों की नींद प्रभावित हो रही है। इससे बच्चों, बुजुर्गों, महिलाओं और मधुमेह से पीड़ित लोगों को विशेष परेशानी हो रही है। लोगों ने कहा कि लंबे समय से समस्या झेलने के बावजूद जलापूर्ति का समय नहीं बदला गया है। आन्दोलनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि एक माह के भीतर जलापूर्ति का समय दिन में नहीं किया गया, तो माडा कार्यालय का चक्का जाम कर उग्र आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता की सुविधा और स्वास्थ्य को देखते हुए माडा को तत्काल इस दिशा में पहल करनी चाहिए। हस्ताक्षर अभियान में प्रवीण झा, अरविंद सिंह, इमरान अंसारी, महताब आलम, नरेंद्र सिंह, अखलाक अहमद, रोहन तिवारी, प्रकाश रजक, दीपक वर्मा, सुनील चौबे, रंजन सिंह, आनंद रवानी, रमीज राजा, मुकेश रवानी, संतोष यादव और मनोहर जायसवाल समेत अन्य लोग शामिल थे।

### जर्जर हीरक रोड पर भाजपा ने की धान रोपनी, जताया विरोध

**धनबाद/बलियापुर :** जर्जर बलियापुर-धनबाद हीरक रोड की मरम्मत की मांग को लेकर भाजपा और ग्रामीणों ने बुधवार को अनूठे अंदाज में विरोध जताया। कार्यकर्ताओं ने सड़क के गड्ढों में धान की रोपनी कर प्रशासन और जनप्रतिनिधियों का ध्यान समस्या की ओर आकृष्ट कराया। नेतृत्व कर रही भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य तारा देवी ने कहा कि करीब एक वर्ष से सड़क की स्थिति बदहाल है। जर्जर सड़क के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं और कई लोगों की जान जा चुकी है। सड़क की मरम्मत को लेकर उपायुक्त को पत्र देकर मांग की गई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई। उन्होंने कहा कि सड़क की बदहाली से स्थानीय ग्रामीणों के साथ-साथ धनबाद आने-जाने वाले लोगों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गड्ढों में पानी भर जाने से सड़क की स्थिति और खतरनाक हो गयी है।

# मुख्यमंत्री पशुधन योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर उपायुक्त ने दिया जोर



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**हजारीबाग :** उपायुक्त हेमन्त सती की अध्यक्षता में बुधवार सितंबर को समाहरणालय सभागार में पशुपालन विभाग एवं गव्य विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्यमंत्री पशुधन योजना की अद्यतन स्थिति सहित विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। उपायुक्त ने कहा कि राज्य सरकार मुख्यमंत्री पशुधन योजना के बेहतर एवं प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर गंभीर है। यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों के पशुपालकों की आजीविका को सुदृढ़ करने एवं उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजना के क्रियान्वयन में पारदर्शिता एवं पात्रता का विशेष ध्यान रखा जाये। उन्होंने कुक्कुट पालन, ब्रॉयलर-लेयर, सुकर पालन, बत्तख पालन, गाय पालन सहित पशुपालन विभाग की विभिन्न योजनाओं के लिए लाभुकों के चयन की प्रक्रिया को प्रखंड स्तरीय समिति के माध्यम से सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि योजना का लाभ केवल योग्य एवं पात्र लाभुकों को ही मिले, इसके लिए चयन प्रक्रिया की गंभीरता से निगरानी की जाए। उपायुक्त ने विशेष रूप से कहा कि ऐसे लाभुकों को प्राथमिकता दी जाये, जो योजना के तहत पशुपालन कार्य के लिए स्वयं इच्छुक हों और प्राप्त परिसंपत्ति का बेहतर उपयोग कर सकें। उन्होंने अधिकारियों को योजना के लाभुकों का उचित सत्यापन करते हुए यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि सरकारी योजना का लाभ वास्तविक एवं जरूरतमंद पशुपालकों तक पहुंचे। बैठक में पशुपालन विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति, लाभुकों के चयन एवं योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया। इसके अलावा उपायुक्त ने पशुपालन विभाग की विभिन्न योजनाओं तथा मोबाइल मेडिकल यूनिट की पशु चिकित्सा सेवा के लिए टोल फ्री नंबर 1962 का व्यापक प्रचार-प्रसार कराने का निर्देश दिया, ताकि अधिक से अधिक पशुपालक इस सुविधा का लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालकों तक योजनाओं एवं पशु चिकित्सा सेवाओं की जानकारी पहुंचाने के लिए पंचायत एवं प्रखंड स्तर पर भी जागरूकता गतिविधियां संचालित की जाएं। बैठक में पशुपालन पदाधिकारी अरुण प्रताप सिंह, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी, संबंधित विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## नहाने उतरा था टिंकू, उफनती सिवाने नदी में समा गया 20 साल का युवक



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**इचाक :** बोंगा गांव निवासी 20 वर्षीय टिंकू मेहता की बुधवार दोपहर उफनती सिवाने नदी में बह जाने से मौत हो गई। टिंकू अपने दो दोस्तों के साथ नदी में नहाने गया था। पानी में उतरते ही तेज धार ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। टिंकू को बहता देख उसके दोस्तों ने शोर मचाया, जिसके बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और परिजनों व प्रशासन को सूचना दी।

घटना की जानकारी मिलते ही परिजन, ग्रामीण, पुलिस प्रशासन और स्थानीय जनप्रतिनिधि मौके पर पहुंचे। नदी के तेज बहाव के कारण शुरूआती बचाव प्रयास सफल नहीं हो सके। टिंकू की तलाश के लिए नावाडीह, लोटवा और चौपारण से गोताखोरों व कुशल तैराकों की टीम बुलाई गई। थाना प्रभारी गौतम कुमार, बीडीओ संतोष कुमार, सीओ आनंद कुमार ओझा समेत कई अधिकारी मौके पर कैंप कर रहे हैं। बताया गया कि टिंकू घर से यह कहकर निकला था कि वह आधे घंटे में वापस लौट आएगा, लेकिन कुछ ही देर बाद उसके नदी में बह जाने की खबर घर पहुंच गई। खबर मिलते ही मां समेत अन्य परिजन सदमे में आ गए। दो भाइयों में छोटा टिंकू पूरे परिवार का दुलारा था। हादसे के बाद बोंगा गांव में मातम पसरा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना पर विधायक अमित कुमार यादव, जिला परिषद अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता, विधायक प्रतिनिधि सच्चिदानंद अग्रवाल, उप प्रमुख सत्येंद्र कुमार मेहता, मुखिया उमेश प्रसाद मेहता एवं पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि मुरली प्रसाद मेहता, भागवत, मेहता कांग्रेस नेत्री देवी, ने गहरा शोक जताया।

## दनुआ घाटी में जल्द बनेगा फ्लाईओवर : विधायक



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**चौपारण :** दनुआ घाटी जो आए दिन होने वाले भीषण हादसों के कारण लंबे समय से मौत की घाटी के रूप में बदनाम रही है, अब जल्द ही हादसों से मुक्त और सुरक्षित नजर आएगी। बरही विधायक मनोज कुमार यादव की लगातार की जा रही पहल के बाद इस दिशा में एक बड़ी सफलता हासिल हुई है। दरअसल, कुछ महीने पहले विधायक ने दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर दनुआ घाटी की खतरनाक भौगोलिक बनावट, तीखे मोड़ों और भारी वाहनों से होने वाली दुर्घटनाओं से अवगत कराया था और फ्लाईओभर निर्माण की मांग रखी थी। मंत्री के आदेशनुसार एनएचआई ने इस दिशा में पहल शुरू किया था। इस संदर्भ में बरही विधायक ने जानकारी देते हुए बताया क एनएचएआई द्वारा की जा रही टेस्टिंग और तकनीकी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है तथा टेस्टिंग रिपोर्ट को हरि झंडी मिल गया है। बताया कि पहला फ्लाईओवर लगभग 2 किलोमीटर लंबा होगा और दूसरा फ्लाईओवर, लगभग 2.5 किलोमीटर लंबा होगा। योजना की डीपीआर तैयार कर आगे भेज दी गई है। वर्तमान में वन विभाग और वाइल्डलाइफ से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। सभी जरूरी प्रशासनिक व पर्यावरणीय स्वीकृतियां मिलते ही निर्माण कार्य धरातल पर शुरू कर दिया जायेगा।


इन दोनों फ्लाईओवर के निर्माण से दनुआ घाटी दुर्घटनाओं पर अंकुश लगेगा। विधायक ने कहा कि इस योजना को धरातल पर लाने में हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल जी सराहनीय योगदान है।

### जाति-आवासीय प्रमाण पत्र को लेकर कटकमसांडी अंचल कार्यालय में छात्रों की भीड़

**कटकमसांडी :** कटकमसांडी अंचल कार्यालय में इन दिनों जाति एवं आवासीय प्रमाण पत्र बनवाने को लेकर छात्र-छात्राओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। सेना भर्ती रैली में शामिल होने की तैयारी कर रहे कई अभ्यर्थियों के जाति एवं आवासीय प्रमाण पत्र अब तक लंबित हैं। प्रमाण पत्र समय पर नहीं बनने के कारण युवा लगातार अंचल कार्यालय का चक्कर लगाने को मजबूर हैं।बताया जाता है कि अंचल कार्यालय में कई हजार जाति एवं आवासीय प्रमाण पत्र लंबित पड़े हुए हैं। प्रमाण पत्र बनवाने के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में छात्र कार्यालय पहुंच रहे हैं। घंटों इंतजार करने के बाद भी उन्हें प्रमाण पत्र के लिए अगली तारीख या प्रक्रिया पूरी होने का इंतजार करना पड़ रहा है। सेना भर्ती रैली में शामिल होने के लिए अभ्यर्थियों को निर्धारित समय सीमा के अंदर आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने होते हैं। ऐसे में यदि जाति एवं आवासीय प्रमाण पत्र समय पर जारी नहीं हुए तो कई योग्य अभ्यर्थी भर्ती रैली में शामिल होने से वंचित हो सकते हैं।

### विभावि के बायोटेक्नोलॉजी विभाग में दीक्षारम्भ कार्यक्रम आयोजित

## महत्वपूर्ण पाठ्यक्रम में नामांकन हुआ है विद्यार्थी इसे सफलतापूर्वक पूर्ण करें: कुलपति



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**हजारीबाग :** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के नव प्रवेशित स्नातक जैव प्रौद्योगिकी (Biotech»»fology) विभाग में FYUGP, 2026-30 प्रथम समसत्र के विद्यार्थियों का दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बुधवार को आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता विभाग के निदेशक तथा विज्ञान के संकायाध्यक्ष डॉ इंद्रजीत कुमार ने की। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो चंद्र भूषण शर्मा ने नव नामांकित विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने विश्वविद्यालय और विभाग के तरफ से विद्यार्थियों को हर संभव सहयोग मिलने का भरोसा दिलाया। उन्होंने आशा व्यक्त कि विद्यार्थी इस पाठ्यक्रम के महत्व को समझेंगे और इसे सफलतापूर्वक पूर्ण करेंगे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय के कुलसचिव श्री सुरेंद्र प्रसाद कुशवाहा ने छात्रों को सफलता के कुछ सूत्र बताएं। डॉ. इंद्रजीत कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय मुख्यालय परिसर में पहली बार जैव प्रौद्योगिकी के स्नातक पाठ्यक्रम का पठन पाठन प्रारंभ किया गया है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पाठ्यक्रम विद्यार्थियों के प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता का तथा कैरियर निर्माण का एक प्रमुख आधार बनेगा।

पाठ्यक्रम में कुछ कल 36 विद्यार्थियों ने नामांकन लिया है। विभागीय प्राध्यापक डॉ सुनील कुमार श्रीवास्तव ने मंच संचालन किया तथा डॉ. कुमार आनंद ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## हजारीबाग मेन रोड की मरम्मत का कार्य प्रारम्भ



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**हजारीबाग :** जनसेवा एवं क्षेत्र के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद के प्रयास से हजारीबाग मेन रोड की जर्जर स्थिति एवं जगह-जगह बने गड्ढों की मरम्मती का कार्य प्रारम्भ करा दिया गया है। विधायक के निर्देश एवं पहल पर विधायक टीम, भाजपा कार्यकर्ताओं तथा विधायक प्रतिनिधियों के सहयोग से NH मेन रोड पर मरम्मती कार्य शुरू किया गया है। मेन रोड की खराब स्थिति के कारण आम नागरिकों, राहगीरों एवं वाहन चालकों को हो रही परेशानी को देखते हुए तत्काल आवश्यक मरम्मती कार्य प्रारंभ कराया गया है। शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के समीप भी सड़क मरम्मती का कार्य प्रगति पर है। इससे स्थानीय लोगों एवं अस्पताल आने-जाने वाले मरीजों तथा उनके परिजनों को आवागमन में राहत मिलने की उम्मीद है। विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि जनता की सुविधा, सुरक्षित आवागमन और क्षेत्र का समग्र विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि हजारीबाग की अन्य जर्जर एवं क्षतिग्रस्त सड़कों का भी सर्वे कराकर आवश्यक कार्रवाई की जाए तथा शीघ्र निविदा प्रक्रिया पूरी की जाये। उन्होंने कहा कि बरसात समाप्त होने के बाद हजारीबाग की खराब सड़कों के पुनर्निर्माण, सुदृढ़ीकरण एवं मरम्मतीकरण का कार्य प्राथमिकता के आधार पर प्रारंभ कराया जायेगा। शहर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों की जिन सड़कों की स्थिति खराब है, उन्हें भी चरणबद्ध तरीके से दुरुस्त कराने के लिए आवश्यक पहल की जाएगी। विधायक ने कहा कि क्षेत्र में सड़क, नाली, जल निकासी एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

## आंगो थाना प्रभारी पर मारपीट का आरोप, कांग्रेस ने पीड़ित परिवार के पक्ष में उठायी आवाज

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**दारू (हजारीबाग) :** आंगो थाना प्रभारी जानू कुमार पर दारू थाना क्षेत्र के दिगवार निवासी मनोज सिन्हा, पिता मधुसूदन प्रसाद, के साथ थाना परिसर में मारपीट किए जाने के आरोप का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। बुधवार को दारू में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कांग्रेस युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष रिंकू कुमार और उनकी टीम ने पीड़ित परिवार के पक्ष में खड़े होने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और यदि जांच में आरोप सही पाए जाते हैं तो दोषी पुलिस पदाधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। प्रेस कांफ्रेंस में कांग्रेस नेताओं ने कहा कि किसी भी नागरिक के साथ पुलिस थाना परिसर में दुर्व्यवहार या मारपीट का आरोप गंभीर विषय है। ऐसे मामले में निष्पक्ष जांच कर सच्चाई सामने लाना जरूरी है,




ताकि पीड़ित को न्याय मिल सके और पुलिस व्यवस्था पर आम लोगों का भरोसा कायम रहे। जिलाध्यक्ष रिंकू कुमार ने कहा कि कांग्रेस पार्टी पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है और मामले में न्याय दिलाने के लिए हर लोकतांत्रिक स्तर पर आवाज उठाई जायेगी।

पीड़ित मनोज सिन्हा और उनकी पत्नी ने प्रेस कांफ्रेंस के दौरान आरोप लगाया कि आंगो थाना प्रभारी द्वारा मनोज के साथ बेरहमी से मारपीट की गई। परिवार की ओर से बताया गया कि घटना के बाद मनोज की स्वास्थ्य जांच शेख बिहारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में कराई गई। परिजनों ने मेडिकल जांच रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि रिपोर्ट में मनोज के दाहिने हाथ की एक उंगली में फ्रैक्चर होने की बात सामने आई है। इसके अलावा हाथ, पैर और शरीर के विभिन्न हिस्सों में चोट के निशान होने की बात भी परिवार ने कही है। मनोज की पत्नी ने आरोप लगाया कि उनके पति के शरीर पर डंडे से मारपीट किए जाने के निशान मिले हैं। उन्होंने कान और चेहरे के आसपास भी अंदरूनी चोट होने का दावा किया। पत्नी के अनुसार, घटना के बाद परिवार काफी परेशान है और वे लगातार न्याय की गुहार लगा रहे हैं।

पीड़ित की पत्नी ने बताया कि मामले को लेकर उन्होंने दारू थाना प्रभारी तथा पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी फौजान अहमद को आवेदन देकर पूरे मामले की जांच कराने और न्याय दिलाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि परिवार चाहता है कि मामले की निष्पक्ष जांच हो और जो भी दोषी हो, उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

## जन्मदिन पर छात्रा ने विद्यालय को भेंट किया पौधा, पर्यावरण संरक्षण का दिया प्रेरक संदेश



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**चौपारण :** एनवाईएस इंटरनेशनल एकेडमी, बसरिया की कक्षा पांचवीं की छात्रा साक्षी कुमारी ने अपना जन्मदिन अनोखे, प्रेरणादायक एवं पर्यावरण हितैषी अंदाज में मनाकर सभी का दिल जीत लिया। जहां आमतौर पर जन्मदिन पर उपहारों का आदान-प्रदान होता है, वहीं साक्षी ने विद्यालय को एक पौधा भेंट कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। विद्यालय परिसर में आयोजित जन्मदिन समारोह में साक्षी ने केक काटकर अपना जन्मदिन मनाया और परिसर को हरा-भरा एवं सुंदर बनाने के उद्देश्य से पौधा भेंट किया। छात्रा की इस सराहनीय पहल की विद्यालय परिवार ने मुक्तकंठ से प्रशंसा की। विद्यालय के संस्थापक राजकुमार ठाकुर ने कहा कि जन्मदिन पर पौधा भेंट करना केवल एक उपहार नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, हरा-भरा और सुरक्षित भविष्य का संकल्प है। उन्होंने कहा कि साक्षी की यह पहल अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी। विद्यालय की प्राचार्या दीपशिखा मिश्रा ने छात्रा को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि बच्चों में प्रकृति के प्रति प्रेम, संवेदनशीलता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना भी है। साक्षी ने अपने कार्य से इन मूल्यों को सार्थक किया है। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों से अपने जन्मदिन एवं अन्य विशेष अवसरों पर पौधे लगाने, उनकी देखभाल करने तथा पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय योगदान देने की अपील की।

### चौपारण थाना का एसपी अमन कुमार ने किया वार्षिक निरीक्षण

## लम्बित कांडों के शीघ्र निष्पादन के दिये निर्देश



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**चौपारण :** हजारीबाग के पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने बुधवार को चौपारण थाना का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना परिसर, विभिन्न अभिलेखों, लंबित कांडों, मालखाना, सुरक्षा व्यवस्था तथा पुलिसकर्मियों की कार्यप्रणाली का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में पुलिस अधीक्षक ने थाना के अभिलेखों का सत्यापन करते हुए लंबित मामलों की समीक्षा की और उनके त्वरित निष्पादन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाये रखने, अपराध नियंत्रण में सक्रियता बढ़ाने तथा आम लोगों की शिकायतों का समयबद्ध एवं संवेदनशील तरीके से निष्पादन सुनिश्चित करने पर जोर दिया। एसपी ने थाना परिसर की साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था एवं उपलब्ध संसाधनों का भी निरीक्षण किया तथा पुलिस पदाधिकारियों और जवानों को अनुशासन, बेहतर कार्य संस्कृति एवं जनहित को प्राथमिकता देते हुए अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान थाना के सभी पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

### आवास तोड़ने के फरमान के खिलाफ सिन्दरी बचाओ मोर्चा का पुतला दहन 03 को

**सिन्दरी (धनबाद) :** मनोहरटांड़ और एसएल-2 श्रेणी के आवासों को तोड़ने के एफसीआई प्रबंधन के फैसले के विरोध में सिंदरी बचाओ सामूहिक मोर्चा तीन सितंबर को एफसीआई अधिकारियों का पुतला दहन करेगा। मोर्चा ने इस निर्णय को तुगलकी फरमान बताते हुए आंदोलन की चेतावनी दी है। मोर्चा की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार एफसीआई प्रबंधन ने मनोहरटांड़ के करीब 750 और एसएल-2 के लगभग 200 आवासों को तोड़कर जमींदोज करने के लिए ऑनलाइन निविदा जारी की है। तीन सितंबर को ही निविदा जमा करने की अंतिम तिथि निर्धारित है और उसी दिन निविदा खोली जायेगी। शाम तक यह स्पष्ट हो जायेगा कि आवासों को तोड़ने का काम किस व्यावसायिक फर्म को मिला है। मोर्चा के प्रवक्ता अरुण सिंह ने बताया कि पूरी निविदा प्रक्रिया के विरोध में तीन सितम्बर को मनोहरटांड़ से जुलूस निकाला जायेगा।

## 25 वर्षों से सरकारी शिक्षा व्यवस्था में योगदान के बावजूद सम्मान व सुविधाओं से वंचित होने का आरोप



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**चौपारण (हजारीबाग ) :** झारखंड के सहायक अध्यापकों की लंबे समय से चली आ रही समस्याओं और अपेक्षाओं का मुद्दा एक बार फिर जोर पकड़ता नजर आ रहा है। सहायक अध्यापकों का कहना है कि पिछले करीब 25 वर्षों से वे राज्य की शिक्षा व्यवस्था के साथ-साथ सरकार के विभिन्न कार्यों में कदम से कदम मिलाकर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते आ रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद उन्हें अपेक्षित सम्मान, सुविधाएं और वेतनमान नहीं मिल पाया है। सहायक अध्यापकों का आरोप है कि सरकारें बदलती रहीं, घोषणाएं होती रहीं, लेकिन उनकी मूल समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं हो सका। उनका कहना है कि झारखंड के मूलवासी, आदिवासी एवं खांटी झारखंडी सहायक अध्यापक आज भी सरकार की नीतियों की दोहरी मार झेलने को मजबूर हैं।

**मेडिकल और शैक्षणिक सुविधाओं का भी उठाया सवाल**

**सहायक** अध्यापकों ने कहा कि उन्हें ऐसी कई मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं, जो लंबे समय से शिक्षा व्यवस्था में योगदान देने वाले शिक्षकों को मिलनी चाहिए। मेडिकल सुविधा से लेकर बच्चों की बेहतर शिक्षा, परिवार की जरूरतों और भविष्य की सुरक्षा तक कई मोर्चों पर वे आर्थिक परेशानियों से जूझ रहे हैं। उनका कहना है कि सीमित आय में परिवार चलाना, बच्चों की पढ़ाई का खर्च उठाना, बीमारी के समय इलाज कराना और सामाजिक जिम्मेदारियों को पूरा करना लगातार मुश्किल होता जा रहा है। कई सहायक अध्यापक अपनी बेटियों की शादी जैसी पारिवारिक जिम्मेदारियों को पूरा करने के लिए जमीन तक बेचने को मजबूर हो रहे है या होने का दावा कर रहे हैं।

**शिक्षक दिवस पर सरकार से वेतनमान की घोषणा की मांग**

**राज्य** के सहायक अध्यापकों ने राज्य सरकार से मांग की है कि शिक्षक दिवस को केवल औपचारिक शुभकामनाओं तक सीमित न रखा जाए, बल्कि इस अवसर पर उनके लिए ठोस निर्णय लिया जाये। उनका कहना है कि सरकार यदि वास्तव में शिक्षकों का सम्मान करना चाहती है तो सहायक अध्यापकों के लिए वेतनमान और आवश्यक सुविधाओं की घोषणा अवश्य करें।

# कोंढ़ा गैंग के 08 शातिर गिरफ्तार, 100 से अधिक छिनतई कांडों का खुलासा



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**हजारीबाग :** जिले में लगातार छिनतई की घटनाओं को अंजाम देकर पुलिस के लिए चुनौती बने कोंढ़ा गैंग के खिलाफ हजारीबाग पुलिस ने बड़ी और निर्णायक कार्रवाई की है। पुलिस की रणनीति, तकनीकी साक्ष्य और त्वरित कार्रवाई के परिणामस्वरूप गैंग के आठ सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से करीब 27 ग्राम सोने के आभूषण, चोरी की चार मोटरसाइकिल, छह मोबाइल फोन, छह फर्जी नंबर प्लेट तथा 23 पुड़िया नशीला पदार्थ बरामद किया गया है।

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अपराधियों ने पूछताछ में स्वीकार किया कि वे फर्जी नंबर प्लेट लगी मोटरसाइकिलों का इस्तेमाल करते हुए वाहन बदल-बदल कर लोगों की रेकी करते थे। इसके बाद मौका देखकर सोने-चांदी के आभूषण तथा बैंक और पोस्ट ऑफिस से पैसे निकालकर लौट रहे लोगों को निशाना बनाया जाता था। गिरोह द्वारा बिहार और झारखंड के अलग-अलग जिलों में 100 से अधिक घटनाओं को अंजाम देने की बात सामने आई है।

पुलिस अधीक्षक को 1 सितंबर को सूचना मिली कि पूर्व में छिनतई की कई घटनाओं को अंजाम देने वाला कोंढ़ा गिरोह फिर से शहरी क्षेत्र में सक्रिय है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रूपक कुमार के नेतृत्व में एंटी क्राइम चेकिंग एवं छापामारी टीम गठित की गई। इसमें शहरी क्षेत्र के विभिन्न थाना प्रभारियों को सशस्त्र बल के साथ शामिल किया गया। इसी अभियान के दौरान हजारीबाग झील के आसपास एंटी क्राइम चेकिंग शुरू की गई। इसी बीच दो मोटरसाइकिलों पर सवार चार संदिग्ध पुलिस की नजर में आए। पुलिस द्वारा रुकने का इशारा किए जाने पर दोनों बाइक सवारों ने एक साथ बाइक घुमाकर भागने का प्रयास किया, लेकिन छापामारी टीम ने घेराबंदी कर चारों को मौके पर ही दबोच लिया। गिरफ्तार अपराधियों की पहचान मिट्ठू यादव, रितिक कुमार यादव, सन्नी कुमार और अमन यादव के रूप में हुई। पूछताछ में सभी ने स्वयं को कोंढ़ा गैंग से जुड़ा बताया। पुलिस पूछताछ में गिरोह की कार्यप्रणाली का खुलासा हुआ कि अपराधी फर्जी नंबर प्लेट लगाकर मोटरसाइकिल बदलते थे और रेकी के बाद छिनतई की घटनाओं को अंजाम देते थे।

पूछताछ के दौरान गैंग के अन्य सदस्यों और स्थानीय नेटवर्क के संबंध में भी महत्वपूर्ण जानकारी सामने आई। इसके आधार पर पुलिस ने चौपारण थाना क्षेत्र के मरहेड़ी गांव में अरशद खान, अजहर खान और अफसर खान के घर पर त्वरित छापेमारी की, जहां से चोरी की दो मोटरसाइकिल बरामद की गईं। वहीं साओन कुमार को गिरफ्तार कर पूर्व के कांड में छीने गए आभूषण भी बरामद किए गए। इस पूरी कार्रवाई की सबसे बड़ी विशेषता रही हजारीबाग पुलिस के विभिन्न थाना क्षेत्रों के बीच बेहतर समन्वय और त्वरित कार्रवाई। लोहसिंघना थाना प्रभारी निशांत केर-केट्टा, कटकमदाग थाना प्रभारी सरोज कुमार, चौपारण थाना प्रभारी पंकज कुमार, कोर्रा थाना प्रभारी नेमधारी रजक तथा सदर थाना के पु०अ०नि० सफीक खान सहित पूरी टीम ने अभियान में सक्रिय भूमिका निभाई।

## ट्रक चोरी का झूठा केस दर्ज कराने के आरोप में दो गिरफ्तार



**हजारीबाग/पदमा :** पदमा ओपी क्षेत्र में ट्रक चोरी का झूठा केस दर्ज कराने और पुलिस को गुमराह करने के आरोप में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में जीहू निवासी हरिहर प्रसाद मेहता (49) और चौपारण थाना क्षेत्र के कमलवार निवासी मो. माज उर्फ आर्यन खान (30) शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, हरिहर प्रसाद मेहता ने एक सितंबर को पदमा ओपी में आवेदन देकर बताया था कि दाउजी नगर स्थित घर के सामने से उसका 12 चक्का ट्रक (रजिस्ट्रेशन संख्या JH02व-1555) चोरी हो गया है। मामले की जांच के लिए ओपी प्रभारी श्रवण कुमार के नेतृत्व में एसआईटी गठित की गयी। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि ट्रक चोरी नहीं हुआ था। पुलिस के मुताबिक, ट्रक को 2.90 लाख रुपये में मो. माज उर्फ आर्यन खान को दिया गया था और दोनों ने ट्रक गायब कर चोरी का झूठा मामला दर्ज कराने की साजिश रची थी, ताकि बीमा राशि का लाभ लिया जा सके। जांच के दौरान ट्रक को जामा थाना, दुमका से बरामद कर लिया गया। पुलिस ने एक मोबाइल भी जब्त किया है। इस मामले में बरही (पदमा) थाना कांड संख्या 309/2026 दर्ज कर दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

## एक झलक

### मलकेरा में महायज्ञ को लेकर निकली भव्य कलश यात्रा

**बाघमारा (धनबाद) :** मलकेरा बस्ती स्थित राधा-कृष्ण मंदिर में आयोजित महायज्ञ एवं रामायण पाठ को लेकर बुधवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। मंदिर परिसर से शुरू हुई कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। श्रद्धालु सिर पर कलश लेकर भक्ति गीतों पर नाचते-झूमते हुए क्षेत्र का भ्रमण करते हुए आदर्शनगरी के समीप कतरी नदी तट पहुंचे। नदी तट पर विद्वान पंडितों की टोली ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से श्रद्धालुओं के कलश में पवित्र जल भरवाया। इसके बाद श्रद्धालु कलश लेकर वापस मंदिर परिसर पहुंचे। महायज्ञ के प्रथम दिन पंचांग पूजन एवं मंडप प्रवेश की रस्म पूरी कराई गई। संध्या बेला आयोजित आरती में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। इस दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। यज्ञ के दूसरे दिन गुरुवार को तोरण पूजा, वेदी निर्माण, वेदी पूजा, अरणी मंथन, स्तंभ पूजा एवं हवन कराया जाएगा। शुक्रवार को पूजन के बाद संध्या बेला भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव एवं जन्माष्टमी पूजन होगा। आचार्यों द्वारा किए जा रहे वैदिक मंत्रोच्चार से मलकेरा क्षेत्र भक्तिरस में सराबोर है। महायज्ञ को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

### बीबीएम कॉलेज में रोजगार मेला, 110 अभ्यर्थियों का चयन

**धनबाद/बलियापुर :** बीबीएम कॉलेज, बलियापुर में बुधवार को फ्लिपकार्ट कंपनी, बेंगलुरु की ओर से रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में विभिन्न पदों के लिए बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। चयन प्रक्रिया के बाद कुल 110 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। इनमें 25 कंप्यूटर ऑपरेटर, 20 डाटा एंट्री ऑपरेटर तथा शेष अभ्यर्थियों का चयन सीनियर असिस्टेंट पद के लिए किया गया। इस अवसर पर कंपनी के मानव संसाधन कार्यकारी चंदन जोशी ने चयनित अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि रोजगार के अवसर युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कॉलेज प्रबंधन की ओर से भी चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी गईं। मौके पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जितेंद्र महतो समेत अन्य शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद थे।

### एमएमडीआर बिल के विरोध में झामुमो ने चलाया जनसम्पर्क अभियान

**धनबाद/बलियापुर :** एमएमडीआर बिल के विरोध में 07 सितंबर को बलियापुर प्रखंड कार्यालय के समक्ष प्रस्तावित प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए झामुमो कार्यकर्ताओं ने बुधवार को सिंदूरपुर पंचायत के चौकटांड़, पांडेडीह, चालबोवा समेत विभिन्न गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान ग्रामीणों को एमएमडीआर बिल के प्रावधानों की जानकारी देते हुए इसे झारखंड के हितों के खिलाफ और काला कानून बताया गया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि बिल से राज्य के खनिज संपदा और स्थानीय लोगों के अधिकार प्रभावित होंगे। उन्होंने ग्रामीणों से बड़ी संख्या में प्रदर्शन में शामिल होकर विरोध दर्ज कराने की अपील की। अभियान में पार्टी के केंद्रीय सदस्य जगू महतो, प्रखंड सचिव निर्मल रजवार, राजेंद्र हेंब्रम, विजय महतो, देवीलाल मुर्मू, विनोद मुर्मू, श्रीकांत किस्कू, सोनिया देवी, विशाखा देवी, अष्टमी देवी, रीता देवी, पिंकी कुमारी, शिवानी देवी, कुसुम देवी, गौरी देवी समेत सैकड़ों कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद थे।

### डायल 112 पर धनबाद पुलिस की तत्परता, अगस्त में 1939 शिकायतों का शत-प्रतिशत निपटारा

**धनबाद :** आपात परिस्थितियों में आम लोगों को त्वरित पुलिस सहायता उपलब्ध कराने वाली डायल 112 सेवा में धनबाद पुलिस ने अगस्त माह में शानदार प्रदर्शन किया है। इस दौरान डायल 112 पर कुल 1939 शिकायतें प्राप्त हुईं और पुलिस ने सभी शिकायतों का शत-प्रतिशत निपटारा किया। शिकायत मिलने के बाद पुलिस टीम का औसत रिस्पॉन्स टाइम 8 मिनट 12 सेकेंड रहा, जो राज्य के औसत से बेहतर है। वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के नेतृत्व में डायल 112 सेवा को अधिक प्रभावी और तेज बनाने पर लगातार जोर दिया जा रहा है। आपात सूचना मिलते ही संबंधित क्षेत्र की पुलिस टीम को तत्काल इसकी जानकारी दी जाती है, ताकि कम से कम समय में घटनास्थल पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई की जा सके। अगस्त के आंकड़े पुलिस की इसी तत्परता को दर्शाते हैं। एसएसपी ने बताया कि डायल 112 के माध्यम से सड़क दुर्घटना, घरेलू विवाद, आपराधिक घटनाओं, महिलाओं से संबंधित शिकायतों समेत विभिन्न आपात परिस्थितियों में नागरिक तत्काल पुलिस सहायता ले सकते हैं। शिकायत को संबंधित क्षेत्र की टीम तक पहुंचाने और मौके पर कार्रवाई सुनिश्चित करने की व्यवस्था की गई है। डीएसपी सीसीआर प्रदीप कुमार साव ने कहा कि आपात स्थिति में पुलिस की त्वरित उपलब्धता नागरिकों के बीच सुरक्षा का भरोसा मजबूत करती है। उन्होंने कहा कि 1939 शिकायतों का शत-प्रतिशत निपटारा और 08 मिनट 12 सेकेंड का औसत रिस्पॉन्स टाइम पुलिस सक्रियता का प्रमाण है। आने वाले दिनों में रिस्पॉन्स टाइम को और कम करने तथा डायल 112 सेवा को अधिक प्रभावी बनाने का प्रयास जारी रहेगा।

# ब्लास्टिंग से प्रभावित परिवारों का सत्याग्रह, पुनर्वास और मुआवजे पर बनी सहमति

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**झरिया (धनबाद) :** बस्ताकोला क्षेत्रीय कार्यालय के समक्ष बुधवार को कामिनी कल्याण बस्ती के ग्रामीणों ने अपने घरों की सुरक्षा, मुआवजा और पुनर्वास की मांग को लेकर एक दिवसीय सत्याग्रह किया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत हुए सत्याग्रह में विभिन्न राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने पहुंचकर ग्रामीणों की मांगों का समर्थन किया। सत्याग्रह के दौरान क्षेत्रीय महाप्रबंधक के साथ ग्रामीणों और प्रतिनिधियों की सार्थक वार्ता हुई। प्रबंधन ने आश्वासन दिया कि ब्लास्टिंग से जिन परिवारों के घर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुए हैं, उनके रहने की तत्काल व्यवस्था की जायेगी। पुनर्वास नीति के तहत प्रभावित परिवारों को मुआवजा देने के साथ सुरक्षित स्थान पर पुनर्वासित किया जायेगा। महाप्रबंधक ने कहा कि कामिनी कल्याण बस्ती में आगे भू-धंसान की स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए आवश्यक कदम उठाए जायेंगे। उन्होंने बस्ती को फिलहाल सुरक्षित बताते हुए झरिया जलागार के भी सुरक्षित होने का आश्वासन दिया। हालांकि, उन्होंने झरिया के नीचे आग होने की बात स्वीकार की और बताया कि यह आग बीसीसीएल की स्थापना से पहले की है। वार्ता में तय हुआ कि छोटा परसाटांड व कामिनी कल्याण बस्ती के ग्रामीण अपने जरूरी कागजात प्रबंधन को सौंपेंगे, जिसके बाद नीतिगत प्रक्रिया के तहत मुआवजा भुगतान जल्द किया जायेगा। सत्याग्रह में जनता मजदूर संघ के महामंत्री अभिषेक सिंह, मोख्तार खान, किशोर कुमार, अनूप साव, अजीत कुमार, वीरेंद्र यादव, उपेंद्र गुप्ता, रमेश रवानी, श्रीकांत अंबष्ट, शिवचरण शर्मा, पप्पू पांडेय, दिनेश पासवान, छोटू यादव, कमल भट्टाचार्य, बेबी देवी, भोला रवानी, खालिद हुसैन, उमाचरण रजवार, कुंती देवी, मुन्नी देवी, प्रमोद सिंह चंद्रवंशी व अनिल पांडेय समेत अन्य मौजूद थे।

## गोफ बनने से दहशत में लिलोरी पथरा के लोग, प्रभावित परिवारों से मिले जमसं महामंत्री



**झरिया (धनबाद) :** झरिया अग्निप्रभावित क्षेत्र के लिलोरी पथरा में सुमित कुमार के घर के बाहर दो दिन पूर्व अचानक गोफ बनने से आसपास के लोगों में दहशत है। बुधवार को जनता मजदूर संघ के महामंत्री अभिषेक सिंह उर्फ गुड्डू सिंह घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने गोफ स्थल का निरीक्षण कर आसपास के प्रभावित परिवारों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनीं। स्थानीय लोगों ने बताया कि अग्निप्रभावित क्षेत्र में जमीन धंसने की घटनाओं से हमेशा अनहोनी का डर बना रहता है। प्रभावित परिवारों ने जल्द सुरक्षित स्थान पर पुनर्वास कराने की मांग की। इस पर अभिषेक सिंह ने कहा कि लोगों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से गोफ स्थल की तत्काल जांच कराने और प्रभावित परिवारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि असुरक्षित क्षेत्र में रह रहे परिवारों के पुनर्वास की प्रक्रिया में तेजी लाई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि जनता मजदूर संघ प्रभावित परिवारों के अधिकार और सुरक्षा के लिए लगातार आवाज उठाता रहा है और आगे भी संघर्ष जारी रहेगा। मौके पर मृणाल कांत सिंह, प्रीतम रवानी, रत्नेश यादव, राजीव पांडेय, राजू महतो, अमर प्रसाद, बुद्धू राम, प्रेम राम, रंजीत मंडल, रविंदर राय, राजेश कुमार, चंदन राम, कुणाल राम आदि मौजूद थे।

## राष्ट्रीय पर्यावरण कार्यशाला में राज्यपाल संतोष गंगवार होंगे मुख्य अतिथि

# देशभर के जाने-माने पर्यावरणविद्, विशेषज्ञ और विषय के जानकार लेंगे हिस्सा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**धनबाद :** आईआईटी (आईएसएम) धनबाद में 20 सितंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पर्यावरण कार्यशाला में झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार मुख्य अतिथि होंगे। बुधवार को आरोग्य भारती झारखंड प्रांत एवं आईआईटी (आईएसएम) की आयोजन समिति के प्रतिनिधिमंडल ने राजभवन पहुंचकर राज्यपाल को कार्यशाला में शामिल होने का औपचारिक आमंत्रण दिया।
राज्यपाल ने निमंत्रण स्वीकार करते हुए कार्यक्रम में शामिल होने की सहमति दी। कार्यशाला में देशभर के जाने-माने पर्यावरणविद्, विशेषज्ञ और विषय के जानकार हिस्सा लेंगे। इसमें स्थानीय, क्षेत्रीय और वैश्विक स्तर पर सामने आ रही पर्यावरणीय चुनौतियों, बदलते पर्यावरणीय परिदृश्य तथा संरक्षण के उपायों पर व्यापक मंथन होगा। विशेषज्ञ पर्यावरण संरक्षण को प्रभावी बनाने और मौजूदा चुनौतियों के समाधान को लेकर अपने विचार व सुझाव रखेंगे। आयोजन समिति के अनुसार कार्यशाला में हुई चर्चा और विशेषज्ञों की सिफारिशों को संकलित कर भारत सरकार को भेजा जायेगा। इसका उद्देश्य पर्यावरण संबंधी नीतियों में आवश्यक एवं प्रभावी संशोधन तथा संरक्षण के क्षेत्र में ठोस कदम उठाने के लिए सुझाव देना है। राजभवन में राज्यपाल को आमंत्रित करने के दौरान प्रो. अंशुमाली, अरुण राय, जय प्रकाश नारायण सिंह, डॉ. विकास रमन एवं पवन अग्रवाल मौजूद थे।

## इस्तीफा वापस लेकर फिर संगठन की कमान संभालेंगे लाल बाबू सिंह



**धनबाद :** झारखंड कुशवाहा महासभा की संगठनात्मक स्थिति और आगामी चुनाव प्रक्रिया को लेकर बुधवार को गांधी नगर स्थित कमलोदय भवन में आपात बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता सलाहकार समिति के संरक्षक अनिल सिंह ने की। बैठक में जिला अध्यक्ष लाल बाबू सिंह के इस्तीफे से उत्पन्न स्थिति और संगठन में चल रही भ्रांतियों पर विस्तार से चर्चा हुई। प्रदेश अध्यक्ष हाकिम प्रसाद महतो समेत केंद्रीय समिति के पदाधिकारियों, आजीवन सदस्यों, चुनाव सलाहकार समिति के सदस्यों और समाज के प्रबुद्धजनों ने संगठन की एकता, लोकतांत्रिक व्यवस्था और आगामी चुनाव को शांतिपूर्ण व पारदर्शी तरीके से कराने पर विचार रखे। बैठक में सदस्यों ने लाल बाबू सिंह से इस्तीफे पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया। संगठनहित और सदस्यों की भावनाओं को देखते हुए लाल बाबू सिंह ने अपना इस्तीफा वापस लेने की घोषणा की। इसके साथ ही वह पूर्ववत जिला अध्यक्ष के रूप में संगठन की कमान संभालेंगे। प्रदेश अध्यक्ष हाकिम प्रसाद महतो ने इस फैसले का स्वागत करते हुए लाल बाबू सिंह से संगठन को मजबूत और एकजुट बनाने की दिशा में काम करने का आह्वान किया।

# आईआईटी (आईएसएम) धनबाद में हिन्दुस्तानी क्लासिकल म्यूजिक की खास प्रस्तुति

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**धनबाद :** आईआईटी (आईएसएम) धनबाद में एसपीआईसी मैके (सोसाइटी फॉर प्रमोशन ऑफ इंडियन क्लासिकल म्यूजिक एंड कल्चर अमंगस्ट यूथ) के सहयोग से 31 अगस्त को पेनमैन ऑडिटोरियम में हिंदुस्तानी क्लासिकल वोकल पर खास लेक्चर-डेमोंस्ट्रेशन (एलईसी-डी) प्रोग्राम आयोजित किया गया। इस प्रोग्राम का मकसद स्टूडेंट्स को इंडियन क्लासिकल म्यूजिक और देश की रिच कल्चरल हेरिटेज से रूबरू कराना था। प्रोग्राम में जाने-माने हिन्दुस्तानी वोकलिस्ट रितेश मिश्रा और रजनीश मिश्रा ने अपनी शानदार प्रस्तुति दी। दोनों कलाकार महान हिन्दुस्तानी क्लासिकल वोकलिस्ट पद्म भूषण पंडित राजन मिश्रा और पद्म श्री पंडित साजन मिश्रा के पुत्र हैं। उनके साथ श्री सुमित मिश्रा ने हारमोनियम और श्री कौशिक कुवार ने तबला पर संगत की। प्रस्तुति के दौरान कलाकारों ने हिन्दुस्तानी क्लासिकल म्यूजिक की अलग-अलग बारीकियों और इसकी समृद्ध परंपरा के बारे में भी स्टूडेंट्स को जानकारी दी। लेक्चर-डेमोंस्ट्रेशन के जरिए स्टूडेंट्स को सिर्फ म्यूजिक सुनने का मौका ही नहीं मिला, बल्कि इस परम्परा को समझने और उसके विभिन्न पहलुओं को करीब से जानने का अवसर भी मिला। इस मौके पर आईआईटी (आईएसएम) धनबाद के डिप्टी डायरेक्टर प्रो. शरत कुमार दास और प्रो. संजय मंडल मौजूद थे। प्रो. शरत कुमार दास ने रितेश मिश्रा और रजनीश मिश्रा को सम्मानित भी किया। प्रोग्राम में स्टूडेंट्स और इंस्टीट्यूट कम्युनिटी के सदस्यों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। यह आयोजन स्टूडेंट्स को इंडियन आर्ट, म्यूजिक और कल्चरल ट्रेडिशन से जोड़ने की दिशा में आईआईटी (आईएसएम) धनबाद की पहल को दर्शाता है।

# मृतक मजदूर की पत्नी को मिला मुआवजा विधायक ने सौंपा 15 लाख का चेक

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**पाथरडीह/धनबाद :** पाथरडीह कोल वाशरी परिसर स्थित निमार्णाधीन कोलवाशरी में 20 अगस्त को वेल्डिंग मशीन में हुए विस्फोट में गंभीर रूप से घायल मजदूर दिलीप यादव की इलाज के दौरान मौत के बाद विधायक रागिनी सिंह ने पीड़ित परिवार के प्रति संवेदनशील पहल की। उन्होंने मृतक की पत्नी को 15 लाख रुपये का मुआवजा चेक सौंपा। साथ ही अंतिम संस्कार एवं श्राद्ध कर्म के लिए 50 हजार रुपये नकद दिए। विधायक के हस्तक्षेप के बाद मृतक की पत्नी को आर्यन कंपनी में नियोजन देने पर भी सहमति बनी है। तय व्यवस्था के अनुसार तीन महीने बाद वह प्रत्यक्ष रूप से काम करेंगी, जबकि इस अवधि में उन्हें वेतन मिलता रहेगा। मंगलवार की देर शाम तक मुआवजा और नियोजन की मांग को लेकर मृतक के परिजन व यूनियन प्रतिनिधि आंदोलन कर रहे थे। मामले को गंभीरता से लेते हुए विधायक ने प्रबंधन से वार्ता कर पीड़ित परिवार को तत्काल आर्थिक राहत दिलाने की पहल की। समझौते के बाद मुआवजा और आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई। मौके पर विधायक प्रतिनिधि उमेश यादव, अभिषेक पांडेय, मृतक के परिजन सहित अन्य लोग मौजूद थे। सहायता मिलने के बाद परिजनों ने विधायक के प्रति आभार जताया। विधायक रागिनी सिंह ने कहा कि दिलीप यादव की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। ऐसे कठिन समय में परिवार को अकेला नहीं छोड़ा जा सकता।

## ढाई करोड़ के टेंडर पर बवाल, भवन प्रमंडल कार्यालय में संवेदकों के बीच मारपीट

**धनबाद :** भवन प्रमंडल कार्यालय में बुधवार को करीब ढाई करोड़ रुपये के ऑनलाइन टेंडर को लेकर जमकर हंगामा हुआ। टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद जमशेदपुर से आए एक संवेदक एग्रीमेंट की प्रक्रिया पूरी कराने कार्यालय पहुंचे थे। इसी दौरान स्थानीय संवेदकों ने बाहरी संवेदक के टेंडर में शामिल होने का विरोध शुरू कर दिया। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और दोनों पक्षों के बीच मारपीट शुरू हो गई। घटना के बाद कार्यालय परिसर में अफरा-तफरी मच गई। वहां मौजूद लोगों ने दोनों पक्षों को शांत कराने का प्रयास किया। स्थिति बिगड़ने की सूचना सदर थाना पुलिस को दी गई। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और किसी तरह मामला शांत कराया। पुलिस ने मौके से दो लोगों को हिरासत में लिया है। स्थानीय संवेदकों का कहना है कि धनबाद की योजनाओं में बाहरी संवेदकों की भागीदारी बढ़ने से स्थानीय ठेकेदारों को काम मिलने में परेशानी हो रही है। उनका कहना है कि जिले की योजनाओं में स्थानीय संवेदकों को भी पर्याप्त अवसर मिलना चाहिए।

# न्यायालय के आदेश पर टाटा की जमीन से अतिक्रमण हटा, नेता के घर का आधा हिस्सा टूटा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**जोड़ापोखर (धनबाद) :** धनबाद न्यायालय के आदेश पर बुधवार को दंडाधिकारी की मौजूदगी में जिला प्रशासन, टाटा कंपनी के भू-संपदा अधिकारियों व सुरक्षा कर्मियों तथा जोड़ापोखर पुलिस ने शालीमार में अतिक्रमित जमीन को कब्जामुक्त कराया। कार्रवाई के दौरान राजनीतिक पार्टी के नेता रविंदर यादव के पक्के मकान का आधा हिस्सा तोड़ दिया गया। बताया गया कि शालीमार में रेल लाइन किनारे की जमीन पर कई लोग लंबे समय से मकान बनाकर रह रहे हैं। इसी क्रम में टाटा कंपनी ने यादव के आवासीय परिसर में अपनी करीब एक डिसमिल जमीन होने का दावा किया था। कंपनी ने वर्ष 1994 में जमीन खाली कराने का प्रयास किया था। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच विवाद भी हुआ था। इसके बाद टाटा कंपनी ने 1994 में धनबाद न्यायालय में टाइटल सूट दायर किया। यादव की ओर से पक्ष नहीं रखने पर न्यायालय ने वर्ष 2017 में टाटा कंपनी के पक्ष में फैसला सुनाया। फैसले के बाद कंपनी लगातार जमीन पर कब्जा लेने का प्रयास कर रही थी। न्यायालय के आदेश को लागू कराने के लिए दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई। गत 21 मई को दंडाधिकारी ने टीम के साथ जमीन की मापी व सीमांकन कर अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया था। इसके बावजूद जमीन खाली नहीं की गई। बुधवार को दंडाधिकारी भूषण मिश्रा के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम ने टाटा के अधिकारियों, सुरक्षा कर्मियों और जोड़ापोखर थाना व पुलिस केंद्र के जवानों के साथ कार्रवाई की। करीब 35 फीट चौड़ी और 12 फीट लंबी जमीन पर बने पक्के मकान के आधे हिस्से को तोड़कर जमीन टाटा कंपनी को सौंप दी गई।

## विद्यालय परिसर अतिक्रमण मुक्त कराने का भरोसा, सत्याग्रह स्थगित

**बाघमारा (धनबाद) :** नेहरू बालिका उच्च विद्यालय परिसर को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग को लेकर प्रस्तावित सत्याग्रह आंदोलन को लेकर मंगलवार को सम्पूर्ण जन जागृति ऑर्गेनाईजेशन और बरोरा क्षेत्रीय प्रबंधन के बीच बैठक हुई। संगठन के अध्यक्ष प्रेम कुमार एवं अन्य सदस्यों ने प्रबंधन के समक्ष 22 अगस्त को भेजे गए पत्र के माध्यम से उठाए गए मुद्दों पर चर्चा की। बैठक में प्रबंधन ने विद्यालय परिसर को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए अब तक की गई कार्रवाई की जानकारी संगठन के प्रतिनिधियों को दी। प्रबंधन ने कहा कि परिसर से अतिक्रमण हटाने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और इस मामले में हरसंभव कार्रवाई की जा रही है। प्रबंधन ने संगठन से अपील की कि विद्यालय परिसर में 2 सितंबर को प्रस्तावित सत्याग्रह आंदोलन को वापस लिया जाए। प्रबंधन के आश्वासन और अपील के बाद संगठन के प्रतिनिधियों ने आंदोलन वापस लेने पर सहमति जताई। हालांकि संगठन ने स्पष्ट किया कि विद्यालय परिसर की स्थिति को लेकर आगे भी निगरानी रखी जाएगी। संगठन ने प्रबंधन से आग्रह किया कि अगले 15 दिनों के भीतर पुनः बैठक कर अब तक हुई कार्रवाई और परिसर की वस्तुस्थिति से अवगत कराया जाए। प्रबंधन ने इस प्रस्ताव पर भी सहमति व्यक्त की। बैठक के बाद फिलहाल सत्याग्रह टल गया है। संगठन ने उम्मीद जताई कि प्रबंधन अपने आश्वासन के अनुरूप विद्यालय परिसर को जल्द अतिक्रमण मुक्त कराने की ठोस पहल करेगा।

# 24 जिलों से पहुंचे करीब 1000 ऊर्जा मित्र, मानव दिवस कर्मी के रूप में समायोजन की मांग

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**




**धनबाद :** स्मार्ट मीटर लगाये जाने से रोजगार पर मंडरा रहे संकट और वेतन भुगतान में अनियमितता के विरोध में झारखंड राज्य ऊर्जा मित्र संघ ने बुधवार को धैया स्थित आमंत्रण ग्रीन्स में महाजुटान किया। इसमें राज्य के सभी 24 जिलों से करीब 1000 ऊर्जा मित्र शामिल हुए। संघ के संरक्षक वैभव सिन्हा और संस्थापक सह प्रदेश अध्यक्ष संतोष कुशवाहा की मौजूदगी में आयोजित कार्यक्रम में ऊर्जा मित्रों ने रोजगार बचाने के लिए आंदोलन की रणनीति पर चर्चा की। ऊर्जा मित्रों ने कहा कि स्मार्ट मीटर की व्यवस्था लागू होने से पारंपरिक मीटर रीडिंग समेत कई कार्यों की जरूरत घट रही है। इससे वर्षों से बिजली विभाग से जुड़े ऊर्जा मित्रों के सामने बेरोजगारी का संकट खड़ा हो गया है। उनका कहना था कि हजारों परिवारों की आजीविका इस काम पर निर्भर है। इसलिए तकनीकी बदलाव की कीमत उन्हें बेरोजगार होकर नहीं चुकानी चाहिए। महाजुटान में सरकार से ऊर्जा मित्रों को मानव दिवस कर्मी के रूप में समायोजित करने की मांग की गई। संघ ने स्पष्ट किया कि वे नई सरकारी नौकरी की मांग नहीं कर रहे, बल्कि विभाग में वर्षों के अनुभव का उपयोग करते हुए वैकल्पिक कार्य और रोजगार सुरक्षा चाहते हैं। संघ के संरक्षक वैभव सिन्हा ने कहा कि ऊर्जा मित्रों की समस्याओं को जनप्रतिनिधियों के माध्यम से विधानसभा में भी उठाया गया है। सरकार को संवेदनशीलता दिखाते हुए ठोस नीति बनानी चाहिए। प्रदेश अध्यक्ष संतोष कुशवाहा ने कहा कि महाजुटान ऊर्जा मित्रों की एकजुटता का संदेश है। मांगों पर शीघ्र सकारात्मक पहल नहीं हुई तो रांची स्थित जेबीवीएनएल मुख्यालय के समक्ष राज्यव्यापी धरना-प्रदर्शन किया जायेगा।

## कुड़मी समाज की एसटी मांग पर फिर तेज हुआ आन्दोलन, 20 सितम्बर को कोड़ाडीह में महाजुटान



**धनबाद :** कुड़मी समाज को अनुसूचित जनजाति (एसटी) की सूची में शामिल करने की मांग को लेकर आंदोलन फिर तेज होने लगा है। आदिवासी कुड़मी समाज, झारखंड राज्य समिति की ओर से 20 सितंबर 2026 को करम पर्व के अवसर पर कोड़ाडीह में करम महाजुटान आयोजित किया जाएगा। इसमें बड़ी संख्या में समाज के लोगों के जुटने की संभावना है। महाजुटान की तैयारियों को लेकर लोपचांची वाटर बोर्ड स्थित लेक व्यू रेस्ट हाउस में समाज की बैठक हुई। अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष शंसाक शेखर महतो ने की, जबकि संचालन प्रदेश मुख्य महासचिव डॉ. निरिश कुमार महतो ने किया। बैठक में एसटी दर्जे की मांग के साथ कुड़मी समाज की भाषा, संस्कृति, परंपरा और सामाजिक पहचान से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। वक्ताओं ने कहा कि समाज की मांगों को मजबूती से उठाने के लिए व्यापक एकजुटता जरूरी है। कोड़ाडीह का महाजुटान आंदोलन की दिशा में महत्वपूर्ण पड़ाव साबित होगा। इसके लिए गांव-गांव और क्षेत्रवार जनसंपर्क अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। बैठक में हीरा लाल महतो, ज्योतिष्वर नाथ महतो, डॉ. दीपक पुनियार, रंजन नाथ महतो, अधिवक्ता तारेश्वर महतो, मणि लाल बंशीधर, सदानंद महतो, सुरेश प्रसाद महतो, मधुसूदन महतो, विनोद बिहारी महतो सहित समाज के कई लोग उपस्थित थे।

## कोलकाता के शैक्षणिक भ्रमण पर रवाना हुईं कस्तूरबा विद्यालय की छात्राएं



**धनबाद/बलियापुर :** कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, बलियापुर की छात्राएं और शिक्षिकाएं बुधवार को तीन दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण के लिए कोलकाता रवाना हुईं। भ्रमण के दौरान छात्राओं को कोलकाता स्थित साइंस सिटी समेत शहर के कई प्रमुख ऐतिहासिक, वैज्ञानिक एवं दर्शनीय स्थलों का भ्रमण कराया जायेगा। शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य छात्राओं को कक्षा की पढ़ाई के साथ व्यावहारिक ज्ञान और नई जानकारियों से रूबरू कराना है। साइंस सिटी में छात्राएं विज्ञान से जुड़े विभिन्न प्रयोगों, प्रदर्शनों और तकनीकी गतिविधियों की जानकारी प्राप्त करेंगी। इससे उनमें वैज्ञानिक सोच और जिज्ञासा विकसित होने की उम्मीद है। भ्रमण दल में विद्यालय की वार्डन मधुमिता कुमारी, अर्चना कुमारी समेत अन्य शिक्षिकाएं शामिल हैं। छात्राओं के रवाना होने के दौरान विद्यालय परिवार में उत्साह का माहौल रहा। शिक्षिकाओं ने छात्राओं को अनुशासन का पालन करने और भ्रमण के दौरान महत्वपूर्ण जानकारियां सीखने के लिए प्रेरित किया।

## नव नामांकित विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति योजनाओं की दी जानकारी

**सिन्दरी (धनबाद) :** बीआईटी सिन्दरी में चल रहे परिचयात्मक सत्र के दौरान नव नामांकित विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के दौरान उपलब्ध विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं की जानकारी दी गई। संस्थान के प्रो. जेएन महतो, प्रो. प्रभारी शैक्षणिक ने विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया और मिलने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने सीमेंस छात्रवृत्ति कार्यक्रम, रिलायंस छात्रवृत्ति, फाउंडेशन फॉर एक्सीलेंस छात्रवृत्ति और ई-कल्याण छात्रवृत्ति समेत अन्य योजनाओं की जानकारी दी। विशेष रूप से सीमेंस छात्रवृत्ति कार्यक्रम के तहत प्रथम वर्ष के महिला इंजीनियरिंग विद्यार्थियों को चार वर्षों तक आर्थिक सहायता के साथ ट्यूशन फीस, मेकाट्रानिक्स एवं औद्योगिक प्रशिक्षण, विकास केंद्र मेंटरिंग और इंटर्नशिप जैसे अवसर उपलब्ध होने की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को समय पर आवेदन करने और आवश्यक दस्तावेज तैयार रखने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में आयोजन अध्यक्ष डॉ. आरके वर्मा, प्रो. संजय पाल, डॉ. राहुल कुमार और समन्वयक डॉ. राजन नायक ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# जन्माष्टमी पर कृष्णमय होगा धनबाद, मंदिरों से लेकर घरों तक गूंजेगा नंदलाल का जयकारा

**कुमार अजय**



**धनबाद :** भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव जन्माष्टमी को लेकर धनबाद में तैयारियां तेज हो गई हैं। चार सितंबर को मनाये जाने वाले इस पर्व को लेकर शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक श्रद्धालुओं में उत्साह है। मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और झांकी की तैयारियां चल रही हैं। वहीं, कई स्थानों पर बाल गोपाल के रूप में बच्चों को सजाने तथा दही-हांडी सहित विभिन्न कार्यक्रमों की तैयारी की जा रही है।
जन्माष्टमी के दिन श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप की विशेष पूजा करेंगे। घरों में लड्डू गोपाल की आकर्षक सजावट के साथ झूला सजाया जायेगा। महिलाएं और युवतियां व्रत रखकर रात में भगवान के जन्म के बाद पूजा-अर्चना करेंगी। मंदिरों में मध्यरात्रि में श्रीकृष्ण जन्म का उत्सव मनाया जायेगा। इस दौरान शंख-घंटियों की ध्वनि और 'नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' के जयकारों से वातावरण भक्तिमय होने की उम्मीद है।
शहर के विभिन्न कृष्ण मंदिरों में रंग-बिरंगी रोशनी, फूलों और आकर्षक सजावट का काम शुरू हो गया है। मंदिरों में भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं पर आधारित झांकियां तैयार की जा रही हैं। कहीं कृष्ण जन्म की झांकी आकर्षण का केंद्र होगी तो कहीं गोवर्धन पर्वत, गोकुल और वृंदावन की झलक देखने को मिलेगी।

**बाजार में बढ़ी रौनक**

**जन्माष्टमी** को लेकर बाजार में भी रौनक बढ़ गई है। लड्डू गोपाल की पोशाक, मुकुट, बांसुरी, मोरपंख, झूला, पालना और पूजा सामग्री की मांग बढ़ी है। दुकानदारों ने भगवान कृष्ण के लिए अलग-अलग डिजाइन और आकार के वस्त्र तथा श्रृंगार सामग्री मंगाई है। बच्चों के लिए कृष्ण और राधा की पोशाक भी बाजार में उपलब्ध हैं।

**स्कूलों में भी दिखेगा कृष्ण का बाल रूप**

**धनबाद** जिले के कई विद्यालयों और सामाजिक संस्थाओं की ओर से जन्माष्टमी पर फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम और कृष्ण-राधा रूप सज्जा प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। नन्हे-मुन्ने बच्चों का कृष्ण और राधा के रूप में सजना अभिभावकों के लिए भी आकर्षण का केंद्र रहेगा।

**आधी रात को होगा जन्मोत्सव**

धार्मिक मान्यता के अनुसार भगवान श्रीकृष्ण का जन्म भाद्रपद कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को रोहिणी नक्षत्र में मध्यरात्रि के समय हुआ था। इसलिए जन्माष्टमी पर रात 12 बजे भगवान के जन्म का विशेष आयोजन किया जाता है। जन्म के समय मंदिरों में आरती, शंखनाद और घंटियों के साथ भक्त भगवान का स्वागत करेंगे। इसके बाद प्रसाद वितरण किया जायेगा।
जन्माष्टमी केवल धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि धर्म, प्रेम, कर्म और सत्य के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने वाला पर्व भी है। भगवान श्रीकृष्ण का जीवन अन्याय के विरुद्ध संघर्ष, कर्तव्य के पालन और मानवता के प्रति प्रेम की प्रेरणा देता है। इसी संदेश के साथ धनबाद में इस बार भी जन्माष्टमी श्रद्धा और उल्लास के बीच मनाने की तैयारी है।

## नन्हे कलाकारों ने राधा-कृष्ण बन कर मोहा मन



**झरिया (धनबाद) :** अमलापाड़ा स्थित स्टेप टू स्टेप डांस एकेडमी में बुधवार को जन्माष्टमी के अवसर पर रंगारंग फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संस्था के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए राधा-कृष्ण समेत विभिन्न पौराणिक पात्रों की आकर्षक वेशभूषा धारण कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। नन्हे-मुन्ने बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। प्रतियोगिता में सृष्टि गोराय, आराध्या गुप्ता, तन्वी भोजगड़िया, दिशा कुमारी, खुशी कुमारी, परिणीता देवनाथ, भावी अग्रवाल और हर्षिता अग्रवाल सहित अन्य बच्चों ने भाग लिया। बच्चों के उत्साह और आत्मविश्वास से कार्यक्रम का माहौल भक्तिमय होने के साथ ही खुशनुमा बना रहा। प्रतियोगिता के अंत में विजेता प्रतिभागियों को मेडल, प्रमाणपत्र और चॉकलेट देकर सम्मानित किया गया। संस्था के निदेशक दीपक अग्रवाल ने कहा कि बच्चों को नृत्य के साथ भारतीय संस्कृति और त्योहारों की परंपरा से जोड़ना संस्था का उद्देश्य है। ऐसी प्रतियोगिताओं से बच्चों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता और मंच पर अपनी प्रतिभा प्रस्तुत करने की क्षमता विकसित होती है। उन्होंने प्रतिभागियों, अभिभावकों और सहयोगियों के प्रति आभार जताया।

## सम्पादकीय.....

# भारत की अर्थव्यवस्था का बजा डंका

**दुनिया** इस समय आर्थिक और सामरिक अस्थिरता के दौर से गुजर रही है। रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद पैदा हुई वैश्विक परिस्थितियों ने पहले ही ऊर्जा और आपूर्ति श्रृंखला को प्रभावित कर रखा था। इसके बाद अमेरिका-ईरान तनाव और युद्ध ने वैश्विक बाजारों की चिंता बढ़ा दी। होर्मुज क्षेत्र में पैदा हुए संकट का असर तेल और समुद्री व्यापार पर पड़ा। भारत के आयात-निर्यात पर भी इसका दबाव महसूस किया गया। दूसरी ओर अमेरिका की ओर से भारत पर भारी टैरिफ लगाने की धमकी और व्यापारिक दबाव ने परिस्थितियों को और चुनौतीपूर्ण बना दिया। इसके बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था ने जिस मजबूती का प्रदर्शन किया है, वह केवल एक आर्थिक आंकड़ा नहीं, बल्कि देश की आर्थिक क्षमता और नीतिगत स्थिरता का बड़ा संकेत है। वित्त वर्ष 2027 की पहली तिमाही में भारत की सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत दर्ज की गई है। पिछले वर्ष की इसी अवधि में यह वृद्धि दर 6.9 प्रतिशत थी। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह आंकड़ा भारतीय रिजर्व बैंक के लगभग 7 प्रतिशत के अनुमान से भी बेहतर रहा। वैश्विक स्तर पर जब अनेक अर्थव्यवस्थाएं युद्ध, महंगाई, ऊर्जा संकट और व्यापारिक तनाव से जूझ रही हैं, तब भारत की अर्थव्यवस्था का इस गति से आगे बढ़ना निश्चित रूप से महत्वपूर्ण है। भारत की इस आर्थिक तस्वीर को केवल बाजार की स्वाभाविक ताकत के रूप में नहीं देखा जा सकता। इसके पीछे सरकार की लगातार बनाई गई आर्थिक रणनीति और उस रणनीति को जमीन पर लागू करने की कार्यप्रणाली भी महत्वपूर्ण है। पिछले कुछ वर्षों में सरकार ने विकास का आधार केवल तत्काल राहत या उपभोग को नहीं बनाया, बल्कि बुनियादी ढांचे, सड़क, रेल, बंदरगाह, ऊर्जा, रक्षा, विनिर्माण और डिजिटल अर्थव्यवस्था में लगातार निवेश बढ़ाने पर जोर दिया है। यही पूंजीगत खर्च आज आर्थिक गतिविधियों को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। पहली तिमाही में सरकार के पूंजीगत खर्च में 18.6 प्रतिशत की वृद्धि इस बात का प्रमाण है कि सरकार आर्थिक दबाव के समय भी विकास खर्च को रोकने के बजाय उसे आगे बढ़ाने की नीति पर कायम है। सरकार का यह दृष्टिकोण अर्थव्यवस्था के लिए दोहरा लाभ पैदा करता है। एक ओर बड़े स्तर पर निर्माण और आधारभूत ढांचे की परियोजनाओं से रोजगार और कारोबार को बढ़ावा मिलता है, वहीं दूसरी ओर सड़क, रेलवे, बिजली, लॉजिस्टिक्स और औद्योगिक ढांचे में सुधार से आने वाले वर्षों की आर्थिक क्षमता मजबूत होती है। भारत की अर्थव्यवस्था में सरकारी निवेश का असर निजी क्षेत्र की गतिविधियों पर भी दिखाई देता है। जब सरकार बुनियादी ढांचे में निवेश करती है तो उससे सीमेंट, स्टील, मशीनरी, परिवहन, निर्माण और अनेक दूसरे क्षेत्रों में मांग पैदा होती है। इससे अर्थव्यवस्था में पैसा घूमता है और निजी क्षेत्र को भी विस्तार का अवसर मिलता है। यही कारण है कि वर्तमान आर्थिक वृद्धि को केवल सरकारी खर्च से जोड़ना उचित नहीं होगा। सरकार द्वारा तैयार किया गया वातावरण निजी निवेश और उपभोग दोनों के लिए आधार तैयार कर रहा है। आम लोगों की खपत भी आर्थिक वृद्धि का एक महत्वपूर्ण आधार बनी हुई है। पिछले वर्ष जीएसटी और आयकर से संबंधित राहतों के कारण लोगों के हाथ में खर्च करने योग्य आय बढ़ी। महंगाई की चुनौतियों के बावजूद उपभोक्ता मांग में अपेक्षित कमजोरी नहीं आई। इसका असर यात्री वाहनों की बिक्री में दिखाई दिया, जहां पहली तिमाही में 25.6 प्रतिशत की शानदार वृद्धि दर्ज की गई। यह आंकड़ा बताता है कि घरेलू बाजार में उपभोक्ता विश्वास अभी भी मजबूत है। बिजली की मांग में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

## ● किसने क्या कहा




नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास की नयी इबारत लिख रहा छत्तीसगढ़

**सीपी राधाकृष्णन**
**उपराष्ट्रपति**

बाघ संरक्षण के साथ स्थानीय लोगों की आजीविका का ध्यान रखना भी जरूरी

**भूपेन्द्र यादव**
**केन्द्रीय पर्यावरण मंत्री**



# जब जलवायु घर छीन रही हो, कानून को छत बनना होगा

विशेष | **प्रो. आरके जैन**



**नदी** का पानी उतर जाए तो आदमी घर लौट सकता है, लेकिन कटाव जमीन निगल जाए तो लौटने को कुछ बचता नहीं। यही नदी-कटाव को बाढ़ से अधिक क्रूर बनाता है। ब्रह्मपुत्र 1950 के बाद से असम की 4.27 लाख हेक्टेयर जमीन निगल चुकी है। माजुली द्वीप 1970 के दशक में 1,250 वर्ग किलोमीटर था, जो अब 350-600 वर्ग किलोमीटर रह गया है। सरकारी आंकड़े 2014-24 के बीच 17,390 लोगों के विस्थापन की बात करते हैं, जबकि संसद में दिए जवाब 86 हजार से अधिक लोगों की भूमिहीनता बताते हैं। तटबंधों या सरकारी जमीन पर बसे परिवार 'अतिक्रमणकारी' कहलाते हैं। भूमि अधिग्रहण कानून 2013 में राज्य जमीन ले तो मुआवजा है; नदी ले जाए तो न अधिग्रहण माना जाता है, न मुआवजा।

**बाढ़** और कटाव से घर उजड़ते हैं, परिवारों का भविष्य भी बह जाता है; लेकिन कानून में उनके लिए कोई ठिकाना नहीं। भारत में जलवायु परिवर्तन अब भविष्य की चेतावनी नहीं, लाखों लोगों की वर्तमान त्रासदी है। 2024 में जलवायु संबंधी आपदाओं से 54 लाख आंतरिक विस्थापन दर्ज हुए—दक्षिण एशिया में सबसे अधिक। करीब दो-तिहाई बाढ़ से जुड़े थे। 2022 में यह आंकड़ा 25 लाख था। असम, सुंदरबन, ओडिशा और बिहार के नदी-तटीय इलाकों में परिवार हर साल घर, खेत और पहचान खो रहे हैं। फिर भी अब तक (2026) ऐसा कोई कानून नहीं, जो उन्हें 'जलवायु विस्थापित' मानकर अधिकार तय करे। आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 तत्काल राहत तक सीमित है; स्थायी पुनर्वास और मुआवजे का अधिकार कानून से बाहर है। नदी का पानी उतर जाए तो आदमी घर लौट सकता है, लेकिन कटाव जमीन निगल जाए तो लौटने को कुछ बचता नहीं। यही नदी-कटाव को बाढ़ से अधिक क्रूर बनाता है। ब्रह्मपुत्र 1950 के बाद से असम की 4.27 लाख हेक्टेयर जमीन निगल चुकी है। माजुली द्वीप 1970 के दशक में 1,250 वर्ग किलोमीटर था, जो अब 350-600 वर्ग किलोमीटर रह गया है। सरकारी आंकड़े 2014-24 के बीच 17,390 लोगों के विस्थापन की बात करते हैं, जबकि संसद में दिए जवाब 86 हजार से अधिक लोगों की भूमिहीनता बताते हैं। तटबंधों या सरकारी जमीन पर बसे परिवार 'अतिक्रमणकारी' कहलाते हैं। भूमि अधिग्रहण कानून 2013 में राज्य जमीन ले तो मुआवजा है; नदी ले जाए तो न अधिग्रहण माना जाता है, न मुआवजा।
सबसे गहरी चोट तब लगती है, जब जमीन का अस्तित्व मिट गया हो और उसी का कागज मांगकर इंसान को राहत से बाहर कर दिया जाए। संविधान का अनुच्छेद 21 जीवन, आजीविका और आश्रय का अधिकार देता है, लेकिन अदालतें भी इस संकट का व्यापक समाधान नहीं कर पाई हैं। गौहाटी उच्च न्यायालय ने कुछ मामलों में राहत दी है, पर व्यापक नीति नहीं बनी। असम की 2020 की पुनर्वास नीति 2023 में संशोधित/आंशिक रूप से वापस ली गई। पंद्रहवें वित्त आयोग ने कटाव प्रभावितों के लिए अलग फंड की सिफारिश की थी और 2024 में केंद्र ने कुछ दिशानिर्देश जारी किए, मगर जमीनी पहुंच सीमित है। दस्तावेजों की शर्त उस परिवार के सामने है, जिसकी जमीन और कागज दोनों नदी में समा चुके हैं। उजड़ना केवल गांव छोड़ना नहीं है; यह आदमी को उसकी पुरानी पहचान से भी बेदखल कर देता है। सुंदरबन में बढ़ती लवणता खेती और मछली पालन खत्म कर रही है। खेत और पानी जब रोजी छीन लेते हैं, तो परिवार शहरों की ओर जाता है। वहां झुग्गियों में नई जिंदगी शुरू होती है—मगर अधिकारों के बिना। कोई राष्ट्रीय रजिस्टर, स्पष्ट नोडल एजेंसी नहीं है। 2022 का निजी सदस्य विधेयक—क्लाइमेट माइग्रेंट्स (प्रोटेक्शन एंड रिहैबिलिटेशन) बिल—संसद में आगे नहीं बढ़ सका। इस बीच जलवायु विस्थापन अस्थायी घटना नहीं, स्थायी और संरचनात्मक संकट बनता जा रहा है। व्यवस्था फिर भी उसे 'आपदा' की छोटी अवधि में बांधकर देख रही है।
दुनिया के दूसरे हिस्सों में कानून ने बदलती जलवायु की आहट सुन ली है, लेकिन भारत में उजड़े लोगों की आवाज व्यवस्था की दीवारों से टकराकर लौट आती है। बांग्लादेश और फिजी ने जलवायु विस्थापितों को कानूनी पहचान देने की दिशा में कदम उठाए हैं। ऑस्ट्रेलिया-तुवालु समझौता बताता है कि जलवायु आवागमन को कानूनी ढांचे में जगह दी जा सकती है। भारत में कार्बन सेस और पर्यावरणीय जुमार्ने से समर्पित फंड बनाने के प्रस्ताव हैं, लेकिन राजनीतिक इच्छाशक्ति का अभाव है। जब बांध या हाईवे परियोजना से विस्थापित व्यक्ति को मुआवजा और पुनर्वास मिलता है, तो प्रकृति से उजड़े परिवार को क्यों नहीं? जमीन जाने का दर्द उसके कारण से कम नहीं होता। इस कानून-विहीनता का सबसे भारी बोझ उन्हीं पर पड़ता है, जो पहले ही गरीबी ढो रहे हैं। आदिवासी, दलित और गरीब किसान जलवायु विस्थापन के सबसे असुरक्षित शिकार हैं। उनके लिए जमीन केवल संपत्ति नहीं, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा और पीढ़ियों की पहचान है। जमीन जाने के साथ बच्चों की पढ़ाई, रोजी और समुदाय से जुड़ाव टूटता है। उनकी आवाज संसद तक पहुंचना कठिन है। चुनावी घोषणापत्रों में जलवायु विस्थापन का उल्लेख नहीं के बराबर है और सरकारी सर्वेक्षणों में भी यह प्राथमिकता नहीं बन पाया। जब विस्थापितों को कानून कोई नाम नहीं देता, तो उनके अधिकारों की मांग भी अनसुनी रह जाती है। यह केवल प्रशासनिक कमी नहीं, संवैधानिक समानता का गंभीर प्रश्न है। अब राहत की घोषणा से आगे बढ़कर ऐसे कानून की जरूरत है, जो उजड़ने के बाद भी नागरिक को अकेला न छोड़े। समर्पित कानून जलवायु विस्थापितों को स्पष्ट पहचान दे, पंजीकरण करे, पुनर्वास को अधिकार बनाए और स्थायी फंड सुनिश्चित करे। भूमि खोने वालों को दस्तावेजी अड़चनों से राहत मिले तथा आवास, आजीविका और सामाजिक सुरक्षा की व्यवस्था हो।

# रचनात्मक कार्य : पूर्ण स्वराज्य की अहिंसक राह

गौरतलब | **रमेश चंद शर्मा**



**रचनात्मक** कार्य की महत्ता पर विचार करते हुए बापू ने स्पष्ट कहा था कि 'रचनात्मक कार्य ही पूर्ण स्वराज्य या मुकम्मल आजादी को हासिल करने का सच्चा और अहिंसक रास्ता है। उसकी पूरी-पूरी सिद्धि ही संपूर्ण स्वतंत्रता है।' उनके अनुसार, 'सत्य और अहिंसात्मक साधनों द्वारा पूर्ण स्वराज्य की यानी पूरी-पूरी आजादी की रचना है।'

**'सत्य** ही ईश्वर है', 'मेरा जीवन ही मेरा संदेश है', 'सेवक की प्रार्थना', 'एकादश व्रत' और 'अचूक ताबीज का मंत्र' देने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने रचनात्मक कार्यों को विशेष महत्व दिया। गांधी विचार और जीवनशैली में रचनात्मक कार्यों का अपना स्थान है। व्यक्ति, परिवार, समाज और प्रकृति/सृष्टि के लिए इनकी उपयोगिता और सार्थकता है। रचनात्मक कार्य की महत्ता पर विचार करते हुए बापू ने स्पष्ट कहा था कि 'रचनात्मक कार्य ही पूर्ण स्वराज्य या मुकम्मल आजादी को हासिल करने का सच्चा और अहिंसक रास्ता है। उसकी पूरी-पूरी सिद्धि ही संपूर्ण स्वतंत्रता है।' उनके अनुसार, 'सत्य और अहिंसात्मक साधनों द्वारा पूर्ण स्वराज्य की यानी पूरी-पूरी आजादी की रचना है।' इस दृष्टि में स्वराज्य केवल राजनीतिक सत्ता हासिल करने का नाम नहीं है। वह समाज के प्रत्येक व्यक्ति की स्वतंत्रता और भागीदारी से निर्मित होने वाली व्यवस्था है। रचनात्मक कार्यक्रमों के माध्यम से समाज के हर तबके, वर्ग और व्यक्ति, यहां तक कि अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर स्वराज्य का मार्ग प्रशस्त किया जा सकता है। लोगों का सहयोग और सहकार प्राप्त कर उनकी भागीदारी सुनिश्चित की जा सकती है। बापू के अपने शब्दों में, 'राष्ट्र के प्रत्येक घटक की और उसमें भी उसके गरीब-से-गरीब व्यक्ति की स्वतंत्रता की सिद्धि।' यही स्वराज्य की मूल कसौटी है। इसके लिए केवल राजनीतिक संघर्ष पर्याप्त नहीं था। गांधी ने कहा, 'स्वराज्य की स्थापना के लिए जिस अहिंसक पुरुषार्थ की जरूरत है, उसके लिए यह जरूरी है कि रचनात्मक कार्यक्रम का अमल समझ-बूझकर किया जाय।' सविनय कानून-भंग और सत्याग्रह, चाहे व्यक्तिगत हो या सामूहिक, रचनात्मक कार्यों के सहायक हैं। वे समाज में अहिंसक प्रतिरोध की शक्ति पैदा करते हैं और रचनात्मक कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने का अवसर देते हैं। गांधी ने कहा था, 'सविनय कानून-भंग या सत्याग्रह, फिर वह सामूहिक हो या व्यक्तिगत, रचनात्मक कार्य का सहायक है, और वह सशस्त्र विद्रोह का स्थान भलीभांति ले सकता है।' इसलिए गांधी के यहां संघर्ष और निर्माण अलग-अलग प्रक्रियाएं नहीं हैं। सत्याग्रह अन्याय का प्रतिरोध करता है, जबकि रचनात्मक कार्य उस समाज के निर्माण की कोशिश करता है जिसमें अन्याय और हिंसा के लिए जगह कम होती जाए। गांधी ने इसी संदर्भ में कहा, 'सत्याग्रह में तालीम का अर्थ है, रचनात्मक कार्यक्रम या तामीरी काम।'

## आज का इतिहास

- इंग्लैंड तथा स्कॉटलैंड के बीच 1650 में डनबर की लड़ाई।
- फ्रांस की नेशनल एसेंबली ने 1791 में फ्रांसीसी संविधान को पारित किया।
- अमेरिका और ब्रिटेन के बीच पेरिस की संधि के साथ 1783 को क्रांतिकारी युद्ध समाप्त हो गया।
- अमेरिका में 1833 को पहली सफल समाचार पत्र ह्यन्यूयार्क सनह्ल बेंजामिन एच डे के द्वारा शुरू किया गया था।
- रूसी सेना ने 1900 में रूस तथा मंचूरियाई सीमा के दोनों तरफ आमूर नदी पर नियंत्रण स्थापित किया।
- कार्डिनल गियाकोमा डेल्ला चिएसा पोप बेनेडिक्ट 1914 में 15वां बना।
- प्राचीन इस्लामी नगर दमिश्क पर 1918 में ब्रिटेन की सेना का अधिकार हो गया।
- बेल्जियम में कम्युनिस्ट पार्टी की स्थापना 1921 में हुई।
- चीन में गृह युद्ध की शुरूआत 1924 में हुई।
- जर्मनी के पोलैंड पर चढ़ाई करने के दो दिन बाद ब्रिटेन-फ्रांस ने 1939 को उसके खिलाफ जंग का ऐलान किया।
- ब्रिटिश प्रधानमंत्री नेविले चेम्बरलिन द्वारा एक रेडियो प्रसारण पर 1939 में ब्रिटेन और फ्रांस का जर्मनी के खिलाफ युद्ध की घोषणा करने के साथ ही द्वितीय विश्व युद्ध शुरू हुआ।
- दूसरे विश्व युद्ध के दौरान मित्र राष्ट्रों ने 1943 में इटली पर हमला किया।
- द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जर्मनी के घटक देश इटली ने 1943 में हथियार डालने के समझौते पर हस्ताक्षर किये।
- एमीलियो नीनो फरिना 1950 में पहले ऋ वर्ल्?ड चैंपियन बने।
- अमेरिकी अटॉर्नी जनरल रॉबर्ट केनेडी ने 1964 में इस्तीफा दिया।
- कतर 1971 को स्वतंत्र राष्ट्र बना।
- दक्षिण अफ्रीका ने 1984 में संविधान को अंगीकार किया।
- दक्षिण फिलिपीन्स में 1984 को आये एक भयानक तूफान की वजह से करीब 1300 मारे गए और सैकड़ों घायल हुए।

## अंकजाल - 8378

*खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.*



**अंकजाल 8377 का हल**



Jagrutidaur.com, Bangalore

## राष्ट्रीय एकता में बाधक तत्व

**आर्थिक** और सामाजिक असमानता राष्ट्रीय एकता में बहुत बड़ी बाधा है। उस असमानता का मूल है अहं और स्वार्थ। इसलिए राष्ट्र की भावात्मक एकता के लिए अहं-विसर्जन और स्वार्थ-विसर्जन को मैं बहुत महत्व देता हूं। जातीय असमानता भी राष्ट्रीय एकता का बहुत बड़ा विघ्न है। उसका भी मूल कारण अहं ही है। दूसरों से अपने को बड़ा मानने में अहं पुष्ट होता है और आदमी अपने-आप में संतोष का अनुभव करता है। अहं का विसर्जन किए बिना जातीय भेद का अंत नहीं हो सकता। मनुष्य जन्मना मनुष्य का शत्रु नहीं है। एक पेड़ की दो शाखाएं परस्पर विरोधी कैसे हो सकती हैं? फिर भी यह कहा जाता है कि धर्म-संप्रदाय मनुष्यों में मैत्री स्थापित करने के लिए प्रचलित हुए हैं। उनमें जन्मना शत्रुता नहीं है, फिर मैत्री स्थापित करने की क्या आवश्यकता हुई? मैं फिर इस विश्वास को दोहराना चाहता हूं कि मनुष्य-मनुष्य में स्वभावतः शत्रुता नहीं है। वह निहित स्वार्थ वाले लोगों द्वारा उत्पन्न की जाती है। उसे मिटाने का काम धर्म-संप्रदाय ने प्रारंभ किया, किंतु आगे चलकर वे स्वयं निहित स्वार्थ वाले लोगों से घिर गए और मनुष्य को मनुष्य का शत्रु मानने के सिद्धांत की पुष्टि में लग गए। इस चिंतन के आधार पर मुझे लगता है कि सांप्रदायिक समस्या का मूल भी अहं और स्वार्थ को छोड़कर अन्यत्र नहीं खोजा जा सकता।

## सुविचार

श्रेष्ठ होना कोई कार्य नहीं, बल्कि यह हमारी एक आदत है, जिसे हम बार-बार करते हैं।
**अरस्तु**

विजेता बोलते हैं कि मुझे कुछ करना चाहिए, जबकि हारनेवाले बोलते हैं कि कुछ होना चाहिए
**शिव खेरा**

# बहुत गम्भीर है बैंक कैश चेस्ट में करोड़ों के नकली नोटों का मिलना



**अशोक मधुप**

**सहारनपुर** की पंजाब नेशनल बैंक की करेंसी चेस्ट में करीब 17 करोड़ रुपये की नकली करेंसी मिलने का मामला साधारण नही है। ये एक असाधारण और असामान्य घटना है। इसकी जांच भी असामान्य घटना के रूप में होनी वाहिए। नोटबंदी के समय सरकार ने दावा किया था कि नए नोट इस तरह बनाए गए है, कि उनकी नकल नही हो सकती। ये ही घोषणा नोटबंदी के समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र के नाम अपने संदेश में की थी। ऐसे में प्रश्न यह है कि सरकार के दावे के बाद पांच सौ के नकली नोट कैसे बना गए। नोट इक्का दुक्का कहीं आते तो मान लिया जाता कि किसी खुराफाती ने फोटो स्टेट मशीन से बना लिए है। ये मामला दो- चार ,सौ दो सो नोट का नही है। अभी तक एक करंसी चैस्ट की चल नही जांच में 17 करोड़ रुपए मिल चुके हैं। शुरू में सात करोड़ रुपए मिले थे। ये राशि बढकर अब 17 करोड़ हो गई। अभी ये नही कहा जा सकता कि इतनी ही राशि है। अभी तो जांच शुरू हुई है। ये संख्या और भी ज्यादा बढ़ सकती है। ये एक कैश चैस्ट का मामला है। देश भर के बैंकों की कैश चैस्ट की जांच होनी चाहिए। इससे बैंक की शाख को धक्का लगा है। बैंक और सरकार अब इस बात की गांरटी कैसे देगी कि बैंक से वितरित की जाने वाली करेंसी असली है? एटीएम से निकलने वाले नोट नकली नही है? करेंसी चैस्ट से करोड़ो की तादाद में नकली नोटों का मिलना बैंक की शाखा पर प्रश्न है। उत्तर प्रदेश के सहारनपुर (घंटाघर / सोफिया मार्केट) स्थित पंजाब नेशनल बैंक की करेंसी चेस्ट से असली नकदी बदलकर करोड़ों रुपये की नकली करेंसी रखी गई। शुरूआती जांच और प्राथमिकी में यह रकम 7.40 करोड़ आंकी गई थी, लेकिन विस्तृत ऑडिट के दौरान जाली नोटों का आंकड़ा 17 करोड़ तक पहुंचने की बात सामने आई है।पंजाब नेशनल बैंक की की ओर से अगस्त 2026 में लगभग 11.50 करोड़ की नकदी आरबीआई (जयपुर) भेजी गई थी। मामला तब खुला जब वहां भेजी गई करेंसी की गिनती हुई। गिनती में ?4,30,900 की कमी पाई गई। मेरठ जोनल ऑफिस से आई जांच टीम ने करेंसी चेस्ट का सीसीटीवी फुटेज खंगाला। फुटेज में पार्ट-टाइम हाउसकीपर विशाल कुमार नोटों की गड्डियों से नोट निकालता हुआ दिखाई दिया। उसके खिलाफ अलग से चोरी का मुकदमा दर्ज कराया गया। इसके बाद नौ अगस्त 2026 से करेंसी चेस्ट का विस्तृत ऑडिट शुरू हुआ। जब चेस्ट में रखी गड्डियों का मिलान किया गया, तो 500 के नोटों के 148 से अधिक बंडलों सहित भारी मात्रा में नकली (लो-क्वालिटी) नोट बरामद हुए। गड्डियों के ऊपर और नीचे असली नोट लगाए गए थे, जबकि बीच में नकली नोट भरे गए थे। बैंक कैश चेस्ट जैसे अत्यंत सुरक्षित क्षेत्र में जहां सख्त निगरानी और बायोमेट्रिक असेस होता है, वहां से असली पैसे गायब कर नकली नोट रख देना बिना बैंक अधिकारियों की मिलीभगत के संभव नहीं माना जा रहा है। इस प्रकरण में बैक के तीन अधिकारी और एक पार्ट टाइम हाउसकीपर निलंबित कर उनके विरूद्ध मुकदमें दर्ज कराए गए। सहारनपुर पुलिस ने मामले की गहराई से जांच के लिए विशेष जांच टीम एसआईटी गठित की है। पुलिस, बैंक की विजिलेंस टीम और आरबीआई की टीम संयुक्त रूप से चेस्ट रिकॉर्ड, ट्रांजैक्शन लेजर और सीसीटीवी की पड़ताल कर रही है।

# बहुत गहरी हैं दलित विरोधी मानसिकता की जड़ें

गौरतलब | **निर्मल रानी**



**लोकसभा** में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने भी इसे सीधे तौर पर दलित समाज का अपमान और संविधान विरोधी मानसिकता करार दिया। राहुल गांधी ने आरोपियों के खिलाफ रउ/रळ एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की। उत्तराखंड सहित देश के विभिन्न शहरों व जिलों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इस घटना के विरोध में जमकर प्रदर्शन किए और सचिवालय कूच किया। युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने दिल्ली के झंडेवालान स्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मुख्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया।

**उत्तराखंड** के हल्द्वानी रामलीला मैदान में गत 8 अगस्त को कांग्रेस पार्टी द्वारा 'विजय शंखनाद रैली' का आयोजन किया गया था। इस रैली को मुख्य रूप से कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने संबोधित किया था। इसके बाद 11 अगस्त को उसी मंच पर 'श्री राम सेना धर्मार्थ सेवा न्यास' नाम के संगठन से जुड़े कुछ लोगों ने मंच पर गंगाजल छिड़का, उसकी सफाई की और हवन,यज्ञ किया। इसे 'शुद्धिकरण' आयोजन का नाम दिया गया । इसके बाद कांग्रेस ने इसे दलित अपमान के रूप में मुद्दा बनाया। स्वयं मल्लिकार्जुन खड़गे ने राज्यसभा में इस मुद्दे को उठाते हुये भावुक होकर कहा कि 'इस शुद्धिकरण ने मुझे छुआछूत के डंक का अहसास कराया है और मेरा गहरा अपमान किया है। मैं एक दलित समाज से आता हूँ, इसलिए भाजपा विचारधारा के लोगों ने यह कृत्य किया'। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने भी इसे सीधे तौर पर दलित समाज का अपमान और संविधान विरोधी मानसिकता करार दिया। राहुल गांधी ने आरोपियों के खिलाफ रउ/रळ एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की। उत्तराखंड सहित देश के विभिन्न शहरों व जिलों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इस घटना के विरोध में जमकर प्रदर्शन किए और सचिवालय कूच किया। युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने दिल्ली के झंडेवालान स्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मुख्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान युवा कांग्रेस के कार्यकताओं ने 'मनुस्मृति' की प्रतियां और उसके अनेक पन्ने जलाये। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि यह लड़ाई दो विचारधाराओं के बीच है। एक विचारधारा बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के संविधान की है, जबकि दूसरी भाजपा और आरएसएस की है जो मनुस्मृति के आधार पर देश चलाना चाहती है। उन्होंने आरोप लगाया कि खड़गे के भाषण के बाद मंच को अपवित्र मानकर गंगाजल से उसका शुद्धिकरण करना देश के करोड़ों दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों व उनकी अस्मिता का अपमान है। नागपुर स्थित संघ के केंद्रीय मुख्यालय के बाहर भी मनुस्मृति जलाकर विरोध दर्ज कराया गया। गोया 'शुद्धिकरण' की इस घटना को लेकर उपजा राजनीतिक विवाद इस समय देश के सबसे बड़े राजनैतिक मुद्दों में से एक बन गया है।
देश में इसतरह के कई ऐसे 'हाई प्रोफाइल' मामले सार्वजनिक होते हैं जो संघ व भाजपा से जुड़े नेताओं की दलित विरोधी मानसिकता को उजागर करते रहते हैं। दलित कार्यकर्ता, लेखक और पत्रकार भंवर मेघवंशी को ही देख लीजिये। उन्होंने मात्र 13 वर्ष की आयु में 1987 में आरएसएस की शाखा में जाना शुरू किया था। मेघवंशी संगठन में भीलवाड़ा के जिला प्रमुख के पद तक पहुंचे और 1990 के राम जन्मभूमि आंदोलन में एक सक्रिय कारसेवक के रूप में भी भाग लिया। परन्तु ऐसे समर्पित स्वयंसेवक को जातिगत भेदभाव के कारण हमेशा के लिए संघ से नाता तोड़ना पड़ा। संघ छोड़ने के मुख्य कारणों को उन्होंने अपनी चर्चित आत्मकथा 'मैं एक कारसेवक था' में बयान किया है।

## राशिफल

| | |
|---|---|
| **मेष** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। | **तुला** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। |
| **वृष** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। | **वृश्चिक** किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। कार्य भार बढ़ेगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। |
| **मिथुन** जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। | **धनु** बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। कुछ आर्थिक चिन्ताएं भी कम होंगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। |
| **कर्क** शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। | **मकर** व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। |
| **सिंह** पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिन्ता रहेगी। | **कुंभ** आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। |
| **कन्या** शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। | **मीन** कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। |

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर्स, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं **एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड**, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : **JHAHIN2009/32423**, **प्रबंध सम्पादक :** नागेंद्र नारायण सिंह, **सम्पादक (झारखंड) :** विष्णु शंकर उपाध्याय* । दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 8863906660
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## बिशुनपुर में तीन महत्त्वपूर्ण सड़कों का शिलान्यास, ग्रामीणों को मिलेगी बेहतर आवागमन की सुविधा

# सड़क विकास की पहली सीढ़ी : सुखदेव भगत

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला :** बिशुनपुर प्रखंड क्षेत्र में ग्रामीण सड़कों के निर्माण की दिशा में बुधवार को महत्वपूर्ण पहल की गई। कुजाम से छोटन पाट तक 3.71 किलोमीटर, हेलता से बलातू पाट तक 5 किलोमीटर तथा कुजाम से रामझरिया तक 6 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। सांसद सुखदेव भगत और मंत्री चमरा लिंडा ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर एवं शिलापट्ट का अनावरण कर योजनाओं का शुभारंभ किया शिलान्यास कार्यक्रम में कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजनील तिग्गा, प्रमुख राजलक्ष्मी उरांव, उपप्रमुख चंदन सिंह, मुखिया बसनु उरांव, जयमंती देवी, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, बीडीओ, सीओ, आरईओ के कार्यपालक अभियंता समेत बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं ग्रामीण मौजूद रहे। मौके पर सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि सड़क केवल आवागमन का साधन नहीं, बल्कि ग्रामीण क्षेत्र



के विकास की पहली सीढ़ी है। इन सड़कों के निर्माण से दूरदराज के गांवों को मुख्य मार्ग से बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी। ग्रामीणों को बाजार, अस्पताल, स्कूल और सरकारी कार्यालयों तक पहुंचने में सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि लंबे समय से ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क निर्माण की जरूरत महसूस की जा रही थी। अब इन योजनाओं के धरातल पर उतरने से लोगों की वर्षों पुरानी समस्या दूर होगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई और रोजगार से जुड़ी योजनाओं को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जाएगा। कार्यक्रम में महात्मा उरांव, मोती चौबे, सुनील उरांव, आलोक साहू, शाहिद अहमद बेलू, पवन, अनवर, बंधन उरांव, सुदीप उरांव, विजय बिरहोर समेत अन्य लोग उपस्थित थे। सांसद ने एसआईआर, जनगणना और परिसीमन को लेकर लोगों को जागरूक, कार्यक्रम के दौरान सांसद सुखदेव भगत ने ग्रामीणों को एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण), आगामी जनगणना और परिसीमन को लेकर भी जागरूक किया। उन्होंने कहा कि इन प्रक्रियाओं को लेकर ग्रामीण सजग रहें और अपने दस्तावेजों एवं आवश्यक जानकारी को दुरुस्त रखें। सांसद ने कहा कि जनगणना के दौरान अपनी पहचान और धार्मिक मान्यता को सही तरीके से दर्ज कराना महत्वपूर्ण है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि वे जनगणना के धर्म कॉलम में अपनी धार्मिक पहचान 'सरना' दर्ज कराएं। उन्होंने कहा कि यह आदिवासी समाज की पहचान, संस्कृति और परंपरा को सुरक्षित रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को जागरूक होकर अपनी सही जानकारी दर्ज करानी चाहिए। उन्होंने कहा कि परिसीमन का आधार जनसंख्या होती है, इसलिए जनगणना से जुड़ी जानकारी का सही होना बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने ग्रामीणों से एसआईआर और जनगणना के दौरान किसी प्रकार की परेशानी होने पर संबंधित अधिकारियों से संपर्क करने की अपील की।

### गांवों तक विकास पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता : मंत्री

मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों का समुचित विकास तभी संभव है, जब गांवों तक बेहतर सड़क और बुनियादी सुविधाएं पहुंचें। सरकार का उद्देश्य सुदूर गांवों को मुख्यधारा से जोड़ना है। इन सड़कों के निर्माण से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलने के साथ-साथ कृषि उत्पादों को बाजार तक पहुंचाने में भी सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता की जरूरतों और समस्याओं को ध्यान में रखते हुए विकास योजनाओं को आगे बढ़ाया जा रहा है। सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा और संबंधित अधिकारियों को समय पर कार्य पूरा कराने के निर्देश दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि बिशुनपुर क्षेत्र के विकास के लिए जनप्रतिनिधि और प्रशासन मिलकर काम करेंगे।

## भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा को लेकर विद्यालयों में सम्पर्क अभियान

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देश पर अखिल विश्व गायत्री परिवार की ओर से 19 सितंबर को झारखंड के विभिन्न जिलों में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा में अधिक से अधिक विद्यार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के स्कूलों में संपर्क अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान लातेहार जिला संयोजक संतोष कुमार सिन्हा, बालूमाथ संयोजक कृष्णकांत गुप्ता, महानंद कुशवाहा और प्रेम शर्मा ने कई विद्यालयों के प्रबंधन एवं शिक्षकों से मुलाकात कर परीक्षा की जानकारी दी। टीम ने प्रोजेक्ट



इंदिरा गांधी बालिका उच्च विद्यालय, बारियातू कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, एंजेल पब्लिक स्कूल और ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल समेत अन्य शिक्षण संस्थानों का दौरा किया। जिला संयोजक संतोष कुमार सिन्हा और बालूमाथ संयोजक कृष्णकांत गुप्ता ने बताया कि परीक्षा का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, संस्कार, नैतिक मूल्यों, महापुरुषों के जीवन और परंपराओं से परिचित कराना है। इसके जरिए बच्चों में अपनी संस्कृति के प्रति रुचि बढ़ाने के साथ राष्ट्रभावना और अच्छे संस्कार विकसित करने का प्रयास किया जाता है। विद्यालयों की ओर से भी अभियान को सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। शिक्षक निर्मल सिन्हा, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्राचार्य अवनीकांत पाठक, एंजेल पब्लिक स्कूल के निदेशक रवि कुमार, ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के निदेशक फिरोज और तपेश्वर ओझा ने परीक्षा के आयोजन में सहयोग का भरोसा दिलाया।

## एक झलक

### सड़क दुर्घटना में महिला की मौत

**डंडई/गढ़वा :** डंडई निवासी ध्रुव कुमार की 40 वर्षीय पत्नी किरण देवी की मंगलवार को सड़क दुर्घटना में इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया, वहीं पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। बताया गया कि रक्षाबंधन के अवसर पर किरण देवी अपने मायके भाइयों को राखी बांधने गई थीं। राखी बांधने के बाद वह बाइक से डंडई स्थित अपने घर लौट रही थीं। इसी दौरान रास्ते में अचानक बाइक से गिरने के कारण उनके सिर में गंभीर चोट लग गई। परिजनों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए वाराणसी स्थित बीएचयू ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान करीब एक-दो घंटे बाद उनकी मौत हो गई। उनकी मौत की खबर मिलते ही परिवार में मातम छा गया। मृतका के दो बेटे और दो बेटियां हैं, जो सभी पढ़ाई कर रहे हैं। हादसे से बच्चों समेत पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। किरण देवी की मौत की खबर सुनकर बड़ी संख्या में ग्रामीण, परिचित और स्थानीय जनप्रतिनिधि उनके घर पहुंचे तथा शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया। बुधवार को डंडई स्थित दानरो नदी के तट पर मृतका का अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। घटना के बाद से पूरे डंडई क्षेत्र में शोक का माहौल है।

### ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने को लेकर नगर परिषद में बैठक

**झुमरी तिलैया :** झुमरी तिलैया शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने एवं जाम की समस्या से निजात दिलाने को लेकर नगर परिषद अध्यक्ष रमेश हर्षधर के कक्ष में महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में डीएसपी प्रमोद कुमार केसरी, तिलैया थाना प्रभारी विनय कुमार, उपाध्यक्ष मनोहर कुमार, नगर प्रबंधक लेमांशु कुमार, नगर प्रबंधक रणधीर कुमार वर्मा सहित कई वार्ड पार्षद एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने और आवश्यक कदम उठाने को लेकर चर्चा की गई।

### उपायुक्त के नाम से फर्जी वाट्सएैप खाता, लोगों से सतर्क रहने की अपील

**मेदिनीनगर :** पलामू उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत के नाम से फर्जी वाट्सऐप प्रोफाइल बनाकर लोगों को संदेश भेजे जाने की सूचना मिली है। जानकारी मिलने के बाद जिला प्रशासन ने आम लोगों से ऐसे फर्जी खातों और संदेशों से सावधान रहने की अपील की है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि उपायुक्त के नाम से प्राप्त किसी भी संदिग्ध संदेश पर बिना पुष्टि के भरोसा न करें और किसी भी प्रकार की व्यक्तिगत या आर्थिक जानकारी साझा न करें। संदिग्ध संदेश मिलने पर संबंधित कार्यालय से उसकी सत्यता की पुष्टि करने के बाद ही कोई कार्रवाई करें। जिला प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने और साइबर ठगी से बचने के लिए संदिग्ध संदेशों की जांच किए बिना उनका जवाब नहीं देने की अपील की है।

## विशेष गहन पुनरीक्षण के शिविरों का उपायुक्त ने किया औचक निरीक्षण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला :** भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत जिले में चल रहे विशेष शिविरों और सुनवाई प्रक्रिया की जमीनी स्थिति का जायजा लेने के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त दिलेश्वर महतो ने विभिन्न पंचायतों में आयोजित शिविरों का औचक निरीक्षण किया। उपायुक्त ने शिविरों में मतदाताओं की उपस्थिति, प्राप्त दावों और आपत्तियों, नोटिस तामिला, दस्तावेज सत्यापन तथा मामलों के निष्पादन की प्रगति की जानकारी ली। इसी क्रम में उन्होंने रायडीह प्रखंड के सीलम पंचायत में आयोजित विशेष शिविर का निरीक्षण किया और सुनवाई प्रक्रिया का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। उन्होंने नोटिस प्राप्त करने वाले कई मतदाताओं से सीधे संवाद कर उनके मामलों की जानकारी ली तथा उनके द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों और संबंधित अभिलेखों का अवलोकन किया। मतदाताओं से नोटिस, दस्तावेज जमा करने और सुनवाई की प्रक्रिया में आ रही कठिनाइयों के बारे में भी जानकारी ली। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि मतदाताओं को विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया की जानकारी सरल और स्पष्ट रूप से उपलब्ध कराई जाए, ताकि दस्तावेज प्रस्तुत करने तथा दावे-आपत्तियों के निस्तारण में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

## गारू में खनन बिल के खिलाफ झामुमो की बैठक

# ग्रामीणों ने दी आन्दोलन की चेतावनी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** केन्द्र सरकार के खनन एवं खनिज विकास एवं विनियम संशोधन बिल, 2026 के खिलाफ झारखंड मुक्ति मोर्चा ने बुधवार को गारू प्रखंड में बैठक कर विरोध दर्ज कराया। जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव के निर्देश पर हुई बैठक में ग्रामीणों और महिलाओं ने बिल को झारखंड के हितों के खिलाफ बताते हुए इसे वापस लेने की मांग की। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष तौकिर मियां ने की। जिला सचिव बुद्धेश्वर उरांव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।प्रखंड अध्यक्ष तौकिर मियां ने कहा कि झारखंड के लिए जल, जंगल, जमीन और खनिज केवल संसाधन नहीं, बल्कि यहां के लोगों के अधिकार और जीवन से जुड़े विषय हैं। इन पर किसी तरह का बाहरी



नियंत्रण स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि झामुमो राज्य के प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा के लिए सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करेगा। जिला सचिव बुद्धेश्वर उरांव ने कहा कि संशोधन बिल के जरिए झारखंड की खनिज संपदा पर राज्य के अधिकार को कमजोर करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि खनिज संपदा से होने वाले लाभ में राज्य और यहां के लोगों का हित सबसे ऊपर होना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसे प्रावधान राज्य को आर्थिक रूप से कमजोर कर सकते हैं।बैठक में मौजूद ग्रामीणों ने कहा कि झारखंड की जमीन और खनिज पर फैसला यहां के हितों को ध्यान में रखकर होना चाहिए। वक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि केंद्र सरकार ने बिल वापस नहीं लिया तो आंदोलन को गांव-गांव तक ले जाया जाएगा और जरूरत पड़ने पर अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू किया जाएगा। मौके पर कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने झारखंड की प्राकृतिक संपदा तथा अस्मिता की रक्षा का संकल्प लिया।

## कोर्ट परिसर में हंगामा करने पर तीन महिलाओं पर केस

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** कोर्ट परिसर में मंगलवार की शाम उस समय अफरातफरी मच गई, जब तीन महिलाएं कथित तौर पर हंगामा करते हुए कोर्ट के अंदर पहुंच गईं। मामले में कोर्ट की सुरक्षा में तैनात पुलिस पदाधिकारी के आवेदन पर सदर थाना मं तीनों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। इनमें एक 15 वर्षीय नाबालिग किशोरी भी शामिल है। पुलिस के अनुसार, शाम करीब चार बजे तीन महिलाएं और एक लड़का कोर्ट के गेट नंबर तीन पर पहुंचे थे। महिलाओं ने बताया कि उनकी कोर्ट में तारीख है। सुरक्षा जांच के बाद उन्हें परिसर में जाने दिया गया। करीब दस मिनट बाद अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-द्वितीय के अंगरक्षक ने



सुरक्षा प्रभारी को सूचना दी कि तीनों महिलाएं धक्का-मुक्की करते हुए कोर्ट के अंदर चली गई हैं।आरोप है कि कोर्ट के अंदर पहुंचने के बाद एक महिला अपने कपड़े फाड़ने की कोशिश करने लगी, जबकि दूसरी महिला गाली-गलौज कर रही थी। वहीं, तीसरी महिला मोबाइल से वीडियो बनाने लगी। इस दौरान तीनों के हंगामे और शोरगुल से न्यायिक कार्य प्रभावित हुआ। सूचना मिलने पर कोर्ट परिसर में तैनात महिला पुलिसकर्मियों ने तीनों महिलाओं को बाहर निकाला।

## महिला मरीज के लिए अनिल बाखला ने दिया खून, परिजनों ने कहा

# समय पर मिली बड़ी मदद



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** जरूरत के समय किसी अनजान मरीज के लिए मदद का हाथ बढ़ाना इंसानियत की मिसाल बन जाता है। ऐसा ही मामला लातेहार सदर अस्पताल में सामने आया, जहां इलाजरत विनीता देवी के लिए अनिल बाखला ने एक यूनिट रक्तदान किया। बताया गया कि विनीता देवी को इलाज के दौरान रक्त की जरूरत पड़ी थी। इसकी जानकारी मिलने के बाद अनिल बाखला ने तत्काल ब्लड बैंक पहुंचकर स्वेच्छा से रक्तदान किया। उनके द्वारा दिए गए रक्त से मरीज के इलाज में जरूरी सहायता मिल सकी। बिना किसी परिचय या व्यक्तिगत स्वार्थ के जरूरतमंद मरीज की मदद के लिए आगे आने पर अस्पताल में मौजूद लोगों ने भी अनिल के प्रयास की सराहना की। रक्तदान के बाद अनिल बाखला ने कहा कि किसी मरीज को समय पर रक्त मिल जाए तो इससे बड़ी मदद और कुछ नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि स्वस्थ लोगों को रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। नियमित रक्तदान से जरूरत के समय गंभीर स्थिति में पहुंच चुके मरीजों को समय पर जीवनरक्षक रक्त उपलब्ध कराया जा सकता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि रक्तदान को लेकर किसी तरह की झिझक नहीं रखनी चाहिए। स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान कर जरूरतमंदों की सहायता करनी चाहिए। इधर, विनीता देवी के परिजनों ने अनिल बाखला के प्रति आभार जताया।

## प्रशिक्षण केन्द्र का जायजा लेने पहुंचीं नेहा साहू

**लातेहार :** चटनाही में मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत संचालित कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र में बुधवार को विधायक प्रतिनिधि नेहा साहू पहुंचीं। उन्होंने केंद्र का निरीक्षण कर प्रशिक्षण की स्थिति और विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने कक्षाओं में जाकर पढ़ाई का जायजा लिया और विद्यार्थियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति भी देखी। नेहा साहू ने प्रशिक्षण ले रहे विद्यार्थियों से बातचीत कर उनकी पढ़ाई और केंद्र में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में पूछा। उन्होंने यह भी जाना कि उन्हें किताबी जानकारी के साथ किस तरह का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षकों से प्रशिक्षण की गुणवत्ता और कक्षाओं में पढ़ाए जा रहे विषयों की जानकारी लेते हुए उन्होंने विद्यार्थियों को बेहतर तरीके से प्रशिक्षण देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में रोजगार के लिए पढ़ाई के साथ किसी काम में दक्ष होना भी जरूरी है। युवाओं के पास हुनर होगा तो उनके लिए नौकरी के साथ स्वरोजगार के रास्ते भी खुलेंगे। मुख्यमंत्री सारथी योजना का उद्देश्य भी युवाओं को उनकी रुचि और क्षमता के अनुसार कौशल से जोड़ना है, ताकि वे आगे चलकर अपने पैरों पर खड़े हो सकें।

## नवरंग चौक-डेमू सड़क जर्जर, गड्ढों में सफर को मजबूर हजारों लोग

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** जिला मुख्यालय के नवरंग चौक से डेमू होते हुए लोहरदगा जिले को जोड़ने वाली प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क की हालत इन दिनों बदतर हो गई है। सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। कई हिस्सों में डामर उखड़ चुका है। बारिश के बाद गड्ढों में पानी भर जाने से सड़क की स्थिति और खतरनाक हो जाती है। इस मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों और राहगीरों को हर दिन परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।यह सड़क लातेहार जिले के मनिका और लातेहार विधानसभा क्षेत्र के साथ लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र को जोड़ती है। करीब 25 हजार से अधिक लोगों की आवाजाही इस मार्ग से होती है। ग्रामीणों के लिए बाजार, अस्पताल, स्कूल, कॉलेज और अन्य जरूरी कामों के लिए यह प्रमुख रास्ता है। सड़क खराब होने से रोजमर्रा के आवागमन पर सीधा असर पड़ रहा है।



**पांच साल पहले बनी, अब चलना मुश्किल**

**ग्रामीणों** के अनुसार, सड़क का निर्माण करीब पांच वर्ष पहले कराया गया था। निर्माण के कुछ समय बाद से ही सड़क की हालत बिगड़ने लगी थी। अब स्थिति यह है कि कई स्थानों पर सड़क का बड़ा हिस्सा टूट चुका है। जगह-जगह गहरे गड्ढे बन गए हैं।दोपहिया वाहन चालकों के लिए सबसे अधिक परेशानी है। बारिश के दौरान गड्ढों में पानी भर जाने से उनकी गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता। इससे वाहन के अनियंत्रित होने और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। बाहर से आने वाले वाहन चालकों को स्थानीय लोगों की तुलना में अधिक परेशानी होती है।

**मरीजों और बच्चों की बढ़ी परेशानी**

**सड़क** की खराब हालत का असर मरीजों और स्कूली बच्चों पर भी पड़ रहा है। आपात स्थिति में मरीजों को अस्पताल पहुंचाने में वाहन चालकों को काफी दिक्कत होती है। वहीं, स्कूल आने-जाने वाले बच्चों को भी रोज जर्जर सड़क से गुजरना पड़ता है।ग्रामीणों का कहना है कि सड़क पर बने गड्ढों के कारण छोटी-बड़ी दुर्घटनाएं होती रहती हैं। कई जगह बारिश के बाद सड़क पर पानी जमा हो जाता है। इससे पैदल राहगीरों को भी रास्ता पार करने में परेशानी होती है।ग्रामीणों के अनुसार, सड़क की बदहाली की जानकारी कई बार संबंधित विभाग के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को दी जा चुकी है। इसके बावजूद अब तक मरम्मत को लेकर ठोस पहल नहीं हुई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से सड़क की तत्काल मरम्मत कराने की मांग की है।

## धर्मपुर मोड़ पर चला अतिक्रमण हटाओ अभियान सड़क किनारे से हटाये गये ठेला-खोमचे



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** शहर में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने और सार्वजनिक स्थलों को अतिक्रमण से मुक्त रखने के उद्देश्य से नगर पंचायत की ओर से बुधवार को धर्मपुर मोड़ के पास अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी राजीव रंजन के निर्देश पर चलाए गए अभियान में सड़क किनारे और सार्वजनिक स्थानों पर लगाए गए मछली सहित अन्य ठेला-खोमचों को हटाया गया।नगर पंचायत की टीम ने मौके पर दुकानदारों को समझाते हुए कहा कि सड़क और सार्वजनिक स्थान लोगों के आवागमन के लिए हैं। इन जगहों पर दुकान लगाने से राहगीरों को परेशानी होती है और यातायात भी प्रभावित होता है। टीम ने दुकानदारों को भविष्य में दोबारा सार्वजनिक स्थान पर अतिक्रमण कर दुकान नहीं लगाने की सख्त हिदायत दी। अभियान के बाद धर्मपुर मोड़ के आसपास सड़क किनारे काफी जगह खाली हो गई। इससे वाहनों के साथ पैदल चलने वाले लोगों को भी आवागमन में सहूलियत मिली। कार्रवाई को लेकर स्थानीय लोगों ने नगर पंचायत के प्रयास की सराहना की। लोगों का कहना था कि सड़क किनारे बेतरतीब तरीके से दुकानें लगने से अक्सर जाम की स्थिति बनती है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर बैठक

# अधिक से अधिक मामलों के निष्पादन पर जोर

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला :** आगामी 12 सितंबर 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गुमला अजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों की समीक्षा करते हुए लंबित मामलों के अधिकतम निष्पादन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में उपायुक्त दिलेश्वर महतो, पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जामा, डीएफओ बेलाल अहमद, सिविल सर्जन शंभू चौधरी सहित न्यायिक एवं विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, स्थायी



लोक अदालत के सदस्य, इंश्योरेंस कंपनी के अधिवक्ता एवं मोटर दुर्घटना दावा वाद से जुड़े अधिवक्ता उपस्थित रहे। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने सभी न्यायिक पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने न्यायालयों में लंबित सुलह योग्य मामलों की पहचान कर पक्षकारों को आपसी समझौते के माध्यम से विवादों के निपटारे के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत सरल, त्वरित एवं कम खचीर्ले तरीके से विवादों के स्थायी समाधान का प्रभावी माध्यम है। बैठक में बैंक ऋण वसूली, विद्युत एवं दूरसंचार, मोटर दुर्घटना दावा, वैवाहिक एवं पारिवारिक विवाद, श्रम विवाद, सुलह योग्य आपराधिक मामले तथा चेक अनादरण से संबंधित मामलों के अधिकाधिक निष्पादन पर विशेष जोर दिया गया।

## त्योहारों से पहले खाद्य सुरक्षा विभाग ने चलाया मिलावटखोरी के खिलाफ अभियान

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला :** आगामी त्योहारों को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग ने गुमला शहरी क्षेत्र में मिलावटखोरी के खिलाफ जांच अभियान चलाया। संयुक्त खाद्य सुरक्षा आयुक्त, उपायुक्त गुमला और अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी के निर्देश पर चलाए गए अभियान का नेतृत्व खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी प्रकाश चंद्र गुग्गी, कुमार प्रभाकर और आशा राज ने किया। जांच के दौरान लोहरदगा रोड स्थित 'फन एन फूड' से लड्डू तथा 'गुरमीत ट्रेडर्स' से सूजी और बेसन के नमूने लिए गए। सभी नमूनों को जांच के लिए राज्य खाद्य जांच प्रयोगशाला, नामकुम, रांची भेजा गया है। अधिकारियों ने बताया कि जांच रिपोर्ट



मिलने के बाद नियमानुसार आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। टीम ने शहर के कई किराना दुकानों, होटलों, रेस्टोरेंट और अन्य खाद्य प्रतिष्ठानों का भी निरीक्षण किया। इस दौरान खाद्य अनुज्ञप्ति, साफ-सफाई, खाद्य पदार्थों की उपयोग अवधि, पानी की जांच रिपोर्ट और कर्मचारियों के स्वास्थ्य प्रमाण-पत्र की जांच की गई। दुकानदारों को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री बेचने तथा खाद्य सुरक्षा नियमों का पालन करने के निर्देश दिए गए।

# बीआईटी सिन्दरी में नवप्रवेशी छात्रों को प्रेरित करेंगे बीडीओ प्रवीण कुमार सिंह

## ■ किसान परिवार से प्रशासनिक सेवा तक का सफर बना मिसाल ■ बरडीहा में दो माह में बदली कार्यशैली की तस्वीर

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के रहने वाले और वर्तमान में बरडीहा के प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) प्रवीण कुमार सिंह को धनबाद स्थित बीआईटी सिंदरी ने अपने नए बी.टेक विद्यार्थियों के इंडक्शन कार्यक्रम में अतिथि वक्ता के रूप में आमंत्रित किया है। संस्थान की ओर से निदेशक प्रो. (डॉ.) पंकज राय ने उन्हें आमंत्रण भेजा है। छह सितंबर को आयोजित कार्यक्रम में सिंह सत्र 2026-30 के नवप्रवेशी विद्यार्थियों से संवाद करेंगे और उन्हें अपने अनुभवों के जरिए आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेंगे।साधारण किसान परिवार से निकलकर प्रशासनिक सेवा तक पहुंचने वाले प्रवीण कुमार सिंह की यह



यात्रा क्षेत्र के युवाओं के लिए भी प्रेरणा का विषय बनी हुई है। ग्रामीण परिवेश में पले-बढ़े सिंह ने अभावों और चुनौतियों के बीच पढ़ाई जारी रखी और मेहनत के दम पर प्रशासनिक सेवा में अपनी जगह बनाई। अब बीआईटी सिंदरी जैसे प्रतिष्ठित संस्थान में इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों को संबोधित करने का अवसर मिलना उनके संघर्ष और उपलब्धियों को एक नई पहचान देता है।

**दो महीने में लोगों का भरोसा जीता**

**बरडीहा** में बीडीओ के रूप में पदभार संभालने के बाद करीब दो महीने के कार्यकाल में ही प्रवीण कुमार सिंह की कार्यशैली की चर्चा होने लगी है। ग्रामीणों का कहना है कि वे समस्याओं को सुनने के साथ उनके समाधान के लिए मौके पर पहल करते हैं। लंबे समय से लंबित मामलों पर कार्रवाई और लोगों से सीधे संवाद की वजह से प्रखंड कार्यालय में आम ग्रामीणों की आवाजाही बढ़ी है।पहले जहां कई लोग अपनी समस्या लेकर कार्यालय पहुंचने में संकोच करते थे, वहीं अब ग्रामीण सीधे पदाधिकारी से मिलकर अपनी बात रखने लगे हैं। क्षेत्र भ्रमण के दौरान भी सिंह को ग्रामीणों से बातचीत करते और उनकी समस्याएं सुनते देखा जाता है। गांवों में उनके पहुंचने पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुटना भी उनकी बढ़ती स्वीकार्यता का संकेत माना जा रहा है।

**छात्रों से साझा करेंगे संघर्ष के अनुभव**

**बीआईटी** सिंदरी में आयोजित इंडक्शन कार्यक्रम का उद्देश्य नए विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ जीवन की चुनौतियों और भविष्य की जिम्मेदारियों के लिए तैयार करना है। इसी क्रम में सिंह को उनके प्रशासनिक अनुभव और संघर्ष की कहानी विद्यार्थियों के सामने रखने के लिए आमंत्रित किया गया है। बताया जा रहा है कि अपने संबोधन में वे ग्रामीण पृष्ठभूमि से निकलकर लक्ष्य हासिल करने तक के सफर, कठिन परिस्थितियों में निरंतर प्रयास और जिम्मेदारी के साथ काम करने जैसे विषयों पर विद्यार्थियों से बात करेंगे। उनका जमीनी अनुभव छात्रों को यह समझने में मदद कर सकता है कि सफलता केवल संसाधनों पर नहीं, बल्कि लगन, अनुशासन और निरंतर मेहनत पर भी निर्भर करती है।बीआईटी सिंदरी से मिले इस आमंत्रण को क्षेत्र के लोगों ने गर्व का विषय बताया है। स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने प्रवीण कुमार सिंह को बधाई देते हुए कहा कि एक किसान परिवार से निकले व्यक्ति का प्रतिष्ठित तकनीकी संस्थान के मंच तक पहुंचना ग्रामीण युवाओं के लिए भी सकारात्मक संदेश है।

## जमुईवाले श्री साहेब वैद्य का कोडरमा के गीतांजलि में आगमन

**कोडरमा :** कोडरमा जयनगर रोड स्थित गीतांजलि बैंक्विट में जमुई के चर्चित वैद श्री साहेब जी का दूसरी बार आगमन हुआ ल,अलग-अलग बीमारियों के उपचार के लिए हजारों लोग अपनी बारी का इंतजार करते हुए नजर आए। उनके पहुंचने की जानकारी मिलते ही इलाज कराने के लिए बड़ी संख्या में लोग कोडरमा के गीतांजलि बैंक्विट पहुंचे।पिछली बार वैद्य जी के कोडरमा आगमन के बाद कुछ लोगों की शिकायत थी कि वे स्वयं मरीजों को नहीं देखते हैं। हालांकि, इस बार वैद्य जी कई मरीजों को स्वयं देखते हुए नजर आए। वैद्य जी ने बताया कि वे करीब एक महीने के अंतराल पर कोडरमा आते हैं। इस कारण लोगों तक उनके आने की जानकारी होने पर बड़ी संख्या में मरीज उपचार के लिए पहुंच जाते हैं। कोडरमा जिला के साथ-साथ अन्य जिला से भी लोग जो पहले इलाज कर चुके हैं या जिन्हें जानकारी मिलती है वह इलाज कराने पहुंच जा रहे हैं।उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक मरीजों तक उपचार पहुंचाने का प्रयास किया जाता है। वही बातचीत के दौरान कुछ मरीज ने बताया कि दवा खाने से आराम तो मिलता है लेकिन दवा छोड़ने के बाद तकलीफ फिर से होने लगती है।

## एक झलक

### ट्रेड लाइसेंस नहीं होने पर लातेहार में तीन दुकानें सील

**लातेहार** : नगर पंचायत लातेहार क्षेत्र में ट्रेड लाइसेंस की जांच को लेकर विशेष अभियान चलाया गया। यह अभियान कार्यपालक पदाधिकारी राजीव रंजन के निर्देश पर चलाया गया। इस दौरान सदर अस्पताल गेट के पास नगर पंचायत द्वारा निर्मित दुकानों की जांच की गई। जांच के दौरान तीन व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के पास ट्रेड लाइसेंस नहीं पाया गया। ट्रेड लाइसेंस नहीं होने के कारण नगर पंचायत की टीम ने संबंधित तीनों दुकानों को तत्काल सील कर दिया। जांच अभियान में नगर प्रबंधक, कनीय अभियंता, लेखपाल, रेवेन्यू इंस्पेक्टर समेत नगर पंचायत के अन्य कर्मी मौजूद थे। टीम ने दुकानदारों से आवश्यक लाइसेंस एवं दस्तावेजों की भी जानकारी ली। मौके पर मौजूद नगर प्रबंधक राजकुमार वर्मा ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में ट्रेड लाइसेंस की जांच का अभियान आगे भी जारी रहेगा। बिना वैध ट्रेड लाइसेंस के संचालित होने वाले व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### नदी में बही दो वर्षीय बच्ची, मौत

**सतगावां** : थाना क्षेत्र के कोठियार पंचायत अंतर्गत नावाडीह गांव में बुधवार को बरमसी नदी में अचानक आई तेज बाढ़ की चपेट में आने से दो वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। मृत बच्ची की पहचान सुधीर कुमार राय की दो वर्षीय पुत्री माही कुमारी के रूप में हुई है। परिजनों और ग्रामीणों के अनुसार, बुधवार को सुधीर कुमार राय की पत्नी मधु देवी बर्तन धोने के लिए बरमसी नदी के समीप गई थीं। इसी दौरान अचानक नदी में पानी का बहाव तेज हो गया और बच्ची माही कुमारी तेज पानी की धार में बह गई। बच्ची को बचाने के लिए परिजनों और ग्रामीणों ने तत्काल प्रयास किया, लेकिन पानी का बहाव इतना तेज था कि बच्ची बहते हुए करीब पांच किलोमीटर दूर चली गई। ग्रामीणों ने बच्ची की तलाश शुरू की और काफी प्रयास के बाद उसे बरामद किया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं पूरे गांव में मातम और चिंता का माहौल है।

### बरसाती नाले में बहने से वनरक्षक की मौत

**चतरा** : चतरा जिले के मयूरहंड से एक बेहद दुखद खबर है। हुसिया पंचायत के करकरा गांव निवासी 45 वर्षीय वनरक्षक राजकुमार भुइयां की बरसाती नाले में बहने से मौत हो गई है। लापता वनरक्षक का शव बुधवार सुबह 8 बजे बन्हा चेकडैम के पास से बरामद कर लिया गया है। इस दर्दनाक घटना के बाद से मृतक के परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है और पूरे गांव में मातम पसरा है। राजकुमार भुइयां पचमु जंगल के वनरक्षक थे।

## ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर उद्यमी बनाने की दिशा में पहल, कोडरमा में झारखंड इनक्यूबेटर प्रोग्राम के जिला स्तरीय कार्यक्रम का शुभारम्भ

# महिला उद्यमिता सशक्तीकरण पर जोर

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं सफल उद्यमी बनाने के उद्देश्य से कोडरमा जिले में झारखंड इनक्यूबेटर प्रोग्राम के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम का उद्घाटन सह शुभारंभ सामुदायिक संचालित प्रशिक्षण केंद्र, कोडरमा में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता एवं जिला परिषद् अध्यक्ष रामधन यादव शामिल हुए। उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, जिला परिषद् अध्यक्ष रामधन यादव, डीपीएम जेएसएलपीएस प्रकाश रंजन एवं दीदियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त उत्कर्ष



गुप्ता ने कहा कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिला उद्यमियों को अपना व्यवसाय शुरू करने एवं उसे विकसित करने के लिए आवश्यक प्रशिक्षण, मार्गदर्शन, मेंटरशिप, वित्तीय सहायता तथा बाजार से जुड़ाव उपलब्ध कराना है। यह कार्यक्रम झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी द्वारा आईआईएम कोलकाता इनोवेशन पार्क के तकनीकी सहयोग से संचालित किया जा रहा है।उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के तहत अगले तीन वर्षों में पूरे झारखंड में 150 महिला-नेतृत्व वाले ग्रामीण उद्यमों को सहयोग प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया है। इसका उद्देश्य महिला-नेतृत्व वाले ग्रामीण उद्यमों को बढ़ावा देना, ग्रामीण उद्यमिता को नई पहचान प्रदान करना तथा एंटरप्राइज इनक्यूबेशन के माध्यम से महिलाओं को सफल उद्यमी बनने के लिए सक्षम बनाना है। उपायुक्त ने कहा कि आज झारखंड में लाखों महिलाएं स्वयं सहायता समूहों एवं विभिन्न आजीविका गतिविधियों से जुड़ी हुई हैं। अब समय है कि इन प्रयासों को अगले स्तर तक ले जाया जाए। यह कार्यक्रम क्षमता निर्माण, मेंटरशिप, वित्तीय सहायता, 0% सॉफ्ट लोन, मार्केट लिंकेज, ब्रांडिंग, पैकेजिंग तथा व्यवसाय के औपचारिकीकरण जैसी व्यापक सुविधाएं उपलब्ध कराएगा, जिससे महिलाएं आत्मविश्वास के साथ अपने उद्यमों का विस्तार कर सकेंगी। जिला परिषद् अध्यक्ष रामधन यादव ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से आधुनिक तकनीक, बेहतर बाजार पहुंच एवं संस्थागत सहयोग से ग्रामीण महिलाओं के लिए नए अवसर सृजित होंगे। इससे सतत आजीविका को बढ़ावा मिलेगा, स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को और मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर कोडरमा जिले के सभी प्रखंडों से लगभग 200 महिला उद्यमी, जेएसएलपीएस के विभिन्न कैडर–सीआरपी, बीडीएसपी, पीआरपी एवं बैंक सखी–सहित पलाश जेएसएलपीएस के डीपीएम प्रकाश रंजन, अन्य कर्मी तथा आईआईएम कोलकाता के प्रशिक्षक स्नेहाशीष दास उपस्थित थे।

## मॉडर्न किड्स पैराडाइज में माताओं के लिए भव्य जन्माष्टमी उत्सव



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झुमरी तिलैया** : मॉडर्न पब्लिक स्कूल एवं मॉडर्न किड्स पैराडाइज में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर माताओं के लिए भव्य उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पीजी से कक्षा तीन तक के बच्चों की माताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। इस दौरान मटका सजावट, दही-हांडी सजावट, कृष्ण झूला सजावट, कृष्ण मुकुट सजावट, माताओं एवं नन्हे राधा-कृष्ण की रैंप वॉक तथा गरबा नृत्य जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। रैंप वॉक प्रतियोगिता में सुहानी पहाड़ी और उनकी बेटी शानवी पहाड़ी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मटका सजावट में रिया कुमारी और उनकी बेटी आध्या कुमारी तथा कृष्ण झूला सजावट में पूजा कुमारी और उनकी बेटी संस्कृति कुमारी विजेता रहीं। सभी विजेताओं को मंच पर सम्मानित किया गया। विद्यालय की निर्देशिका ने कहा कि जन्माष्टमी प्रेम, त्याग और ममता का संदेश देने वाला पर्व है। माताएं बच्चों की प्रथम गुरु और संस्कारों की जननी होती हैं। प्रधानाचार्य जीसी वर्मा ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य बच्चों को आधुनिक शिक्षा के साथ भारतीय संस्कारों से जोड़ना है। ऐसे आयोजन माता और बच्चों के रिश्ते को मजबूत करने में सहायक हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में शिक्षकों की भूमिका की सराहना की गई। अंत में जय श्रीकृष्ण के जयघोष के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## शहर में चौक-चौराहों पर ट्रैफिक पुलिस की निगरानी बढ़ी, बैरिकेडिंग से जाम पर नियंत्रण

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने सक्रियता बढ़ा दी है। पुलिस अधीक्षक कपिल चौधरी के निर्देश पर ट्रैफिक प्रभारी रूद्रानंद सरस के नेतृत्व में शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर लगातार निगरानी की जा रही है। जाम और अव्यवस्थित यातायात की समस्या को देखते हुए कई स्थानों पर सड़क के बीच बैरिकेड लगाए जा रहे हैं। रेडमा चौक पर की गई बैरिकेडिंग से वाहनों की आवाजाही को निर्धारित लेन में व्यवस्थित करने में मदद मिल रही है। इससे वाहन चालकों द्वारा अचानक लेन बदलने और गलत तरीके से वाहन चलाने पर नियंत्रण की कोशिश की जा रही है। यातायात व्यवस्था व्यवस्थित होने से वाहन चालकों के साथ पैदल राहगीरों को भी आवागमन में सुविधा मिल रही है।

## उपभोक्ता हितों की आवाज बुलंद करेंगे राजू, बने पलामू प्रमंडल अध्यक्ष

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)** : उपभोक्ता संरक्षण संगठन ने पलामू प्रमंडल में संगठनात्मक जिम्मेदारी का विस्तार करते हुए चैनपुर प्रखंड के डुमरी निवासी राजू कुमार प्रजापति को पलामू प्रमंडल अध्यक्ष नियुक्त किया है। संगठन के केंद्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष भइया दयानंद प्रसाद एवं प्रदेश अध्यक्ष की सहमति के बाद पत्रांक संख्या 68/2026 के माध्यम से उनकी नियुक्ति की गई। नवनियुक्त प्रमंडल अध्यक्ष राजू कुमार प्रजापति ने कहा कि संगठन का प्रमुख उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि महंगाई, खाद्य पदार्थों में मिलावट, नाप-तौल में अनियमितता तथा दोषपूर्ण वितरण



व्यवस्था जैसी समस्याओं के खिलाफ संगठन प्रभावी तरीके से आवाज उठाएगा। उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों और उपलब्ध कानूनी संरक्षण की जानकारी देने के साथ-साथ उन्हें अपने अधिकारों के प्रति सजग बनाना संगठन की प्राथमिकता होगी। इसके अलावा नाप-तौल एवं मूल्य निर्धारण में होने वाली गड़बड़ियों पर रोक लगाने और पारदर्शी व्यवस्था स्थापित करने के लिए संबंधित विभागों के साथ समन्वय किया जाएगा। राजू कुमार प्रजापति ने कहा कि उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए जिला प्रशासन, खाद्य आपूर्ति विभाग, उपभोक्ता आयोग तथा पुलिस प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य किया जाएगा।

## दो थाना प्रभारियों का तबादला, संदीप कुमार को हंटरगंज और दिलेश्वर कुमार को गिद्धौर की कमान

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चतरा** : जिले में पुलिसिंग व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी ने दो थाना प्रभारियों का तबादला करते हुए नई जिम्मेदारी सौंपी है। टंडवा थाना में पदस्थापित पुलिस अवर निरीक्षक संदीप कुमार को हंटरगंज थाना प्रभारी तथा पुलिस अवर निरीक्षक दिलेश्वर कुमार को गिद्धौर थाना प्रभारी बनाया गया है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक की गोपनीय शाखा ने आदेश जारी कर दोनों अधिकारियों को शीघ्र योगदान देने का निर्देश दिया है। 2018 बैच के पुलिस अवर निरीक्षक संदीप कुमार इससे पहले राजपुर थाना प्रभारी के रूप में कार्य कर चुके हैं। इसके अलावा वह सदर और टंडवा थाना में भी पदस्थापित रहे हैं। वहीं 2012 बैच के पुलिस अवर निरीक्षक दिलेश्वर कुमार वशिष्ठनगर-जोरी थाना प्रभारी की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। अनुभव को देखते हुए दोनों अधिकारियों को महत्वपूर्ण थानों की जिम्मेदारी दी गई है। प्रभात कुमार के तबादले के बाद हंटरगंज थाना प्रभारी का पद रिक्त था और पुलिस निरीक्षक विपिन कुमार अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे थे। अब संदीप कुमार को नियमित थाना प्रभारी बनाया गया है। वहीं गिद्धौर थाना प्रभारी पुरुषोत्तम अग्निहोत्री को पुलिस लाइन भेज दिया गया है। पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी ने कहा कि बेहतर कानून-व्यवस्था और प्रभावी पुलिसिंग के लिए अधिकारियों को उनकी कार्यक्षमता एवं आवश्यकता के अनुसार जिम्मेदारी दी जा रही है। उन्होंने नवपदस्थापित थाना प्रभारियों को अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था बनाए रखने और आम लोगों की शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिसिंग में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## कुंदा थाना प्रभारी प्रिंस कुमार सिंह का तबादला, ग्रामीणों ने जतायी मायूसी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चतरा** : कुंदा थाना प्रभारी प्रिंस कुमार सिंह का करीब दो वर्ष के कार्यकाल के बाद तबादला हो गया। कुंदा थाना में लंबे समय तक थाना प्रभारी के रूप में सेवा देने वाले प्रिंस कुमार सिंह के कार्यकाल को क्षेत्र में कानून-व्यवस्था और अपराध नियंत्रण के लिहाज से सराहनीय बताया जा रहा है। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के साथ नक्सली गतिविधियों और आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए प्रभावी कार्रवाई की। उनके कार्यकाल में क्षेत्र में नक्सली गतिविधियों में कमी आने और शांति का माहौल कायम होने की बात कही जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार, पहले जहां रात के समय सड़कों पर सन्नाटा रहता था, वहीं अब देर तक वाहनों की आवाजाही सामान्य हो गई है। कानून-व्यवस्था और बेहतर कार्यशैली के लिए प्रिंस कुमार सिंह को पुलिस महानिरीक्षक की ओर से प्रशस्ति पत्र भी मिल चुका है। इसके अलावा अपराध नियंत्रण और सामाजिक पुलिसिंग के लिए चतरा के पूर्व पुलिस अधीक्षक सुमित अग्रवाल ने भी उन्हें सम्मानित किया था। प्रिंस कुमार सिंह ने ग्रामीणों, विशेषकर गरीब और जरूरतमंद लोगों के बीच पुलिस के प्रति भरोसा कायम करने का प्रयास किया। पीड़ितों और असहाय लोगों की मदद के लिए तत्पर रहने के कारण स्थानीय लोगों में उनकी अलग पहचान बनी। उनके तबादले की खबर से कुंदा क्षेत्र के ग्रामीणों में मायूसी है।

## जन समाधान दिवस में छात्राओं की समस्या पर उपायुक्त ने लिया त्वरित संज्ञान

# बोर्ड परीक्षा से पहले सड़क दुरुस्त करने के निर्देश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**मेदिनीनगर** : प्रत्येक बुधवार की भांति समाहरणालय सभागार में आयोजित जन समाधान दिवस में इस बार पाटन प्रखंड के किसैनी ग्राम से पहुंची कक्षा 10 की छात्राओं ने अपनी समस्या उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत के समक्ष रखी। छात्राओं ने बताया कि वे प्रतिदिन साइकिल से विद्यालय जाती हैं। बारिश के कारण विद्यालय जाने वाली सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। इसके कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं और कई बार उन्हें चोट भी लग चुकी है। छात्राओं ने बताया कि उनकी सुरक्षा को लेकर अब अभिभावक उन्हें विद्यालय भेजने से भी हिचक रहे हैं, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि वे कक्षा 10 की छात्राएं हैं और पढ़ाई में होने वाली यह बाधा आगामी बोर्ड परीक्षा के परिणाम को प्रभावित कर सकती है। छात्राओं की बात सुनकर उपायुक्त ने तत्काल मामले का संज्ञान लिया। उन्होंने छात्राओं से कहा कि सड़क का स्थायी निर्माण एक लंबी प्रक्रिया है और इसे तुरंत पूरा कर पाना संभव नहीं है, लेकिन फिलहाल सड़क को आवागमन योग्य बनाने के लिए आवश्यक व्यवस्था की जा सकती है। उपायुक्त श्री शेखावत ने संबंधित पदाधिकारियों को तत्काल सड़क पर डस्ट एवं अन्य आवश्यक सामग्री डालकर सड़क को चलने योग्य बनाने का निर्देश दिया, ताकि छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में परेशानी न हो और उनकी पढ़ाई बाधित न हो। उपरोक्त के अतिरिक्त जन समाधान दिवस में मुख्य रूप से भूमि विवाद,सार्वजनिक रास्ता रोकने, अयोग्य लाभुकों को पीएम आवास दिये जाने, दाखिल खारिज, राजस्व,स्वास्थ्य विभाग, आपूर्ति, पेयजल, शिक्षा, कल्याण विभाग से संबंधित आवेदन प्राप्त किये गये।

## जमीन पर कब्जा दिलाने पहुंची टीम के सामने महिला ने पेट्रोल छिड़क कर लगायी आग

# बचाने के प्रयास में पुत्र और एएसआई भी झुलसे, महिला रिम्स रेफर

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चतरा** : शहर के केशरी चौक स्थित गौरक्षणी के सामने बुधवार को जमीन पर कब्जा दिलाने पहुंची प्रशासनिक टीम के समक्ष उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक महिला ने पेट्रोल छिड़ककर खुद को आग लगा ली। महिला को बचाने के प्रयास में उसका पुत्र धीरज कुमार और पुलिस के एएसआई प्रवीण कुमार भी हल्का झुलस गए। घटना के बाद पुलिस ने आनन-फानन में झुलसी महिला को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया। महिला रीना देवी (पति स्व। नरेश प्रसाद कसेरा) का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। वहीं, पुत्र धीरज कुमार और एएसआई प्रवीण कुमार का भी उपचार कराया जा रहा है। सदर अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ। अन्ना अंजुम ने बताया कि महिला गंभीर रूप से झुलसी है। उसका इलाज किया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए रांची रिम्स के बर्न वार्ड रेफर कर दिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही सदर अस्पताल में भी लोगों की भीड़ जुट गई। घटनास्थल पर एसडीपीओ सन्नी वर्धन, थाना प्रभारी अनिल उरांव समेत कई पदाधिकारी पहुंचे हुए हैं।

**जमीन खाली कराने को लेकर परिजनों ने जताया विरोध**

**घटना** के बाद महिला के परिजनों ने प्रशासन की कार्रवाई पर सवाल उठाए। परिजनों का आरोप है कि उनका परिवार करीब 100 वर्षों से उक्त स्थान पर रह रहा है। इसके बावजूद बिना किसी पूर्व सूचना के अचानक घर खाली कराने के लिए टीम पहुंच गई। परिजनों ने मारवाड़ी मुहल्ला निवासी प्रदीप स्वामी पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि फर्जी तरीके से कागजात तैयार कर जमीन हड़पने का प्रयास किया जा रहा है। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है।

**घटनास्थल से सदर अस्पताल तक अफरा-तफरी**

**महिला** के खुद को आग लगाने की घटना के बाद केशरी चौक के आसपास अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। घटनास्थल पर बड़ी संख्या में लोग जुट गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। वहीं, सदर अस्पताल में भी झुलसे लोगों को देखने के लिए लोगों की भीड़ लगी रही।

**पेट्रोल लेकर पहुंचा था युवक, माचिस जलाने के बाद लगी आग : एएसआई**

**महिला** को बचाने वाले एएसआई प्रवीण कुमार ने बताया कि वे सीओ और अन्य पदाधिकारियों के साथ जमीन पर दखल-दहानी कराने पहुंचे थे। इस दौरान पहले से रह रहे घर के लोगों समेत अन्य लोगों ने कार्रवाई का विरोध शुरू कर दिया। एएसआई के अनुसार, इसी दौरान करण कुमार नामक एक युवक डब्बे में पेट्रोल लेकर मौके पर पहुंचा और वहां मौजूद लोगों पर पेट्रोल छिड़कने लगा। बचाव के दौरान किसी व्यक्ति ने माचिस जला दी, जिसके बाद महिला आग की चपेट में आ गई और गंभीर रूप से झुलस गई। उन्होंने कहा कि तत्काल बचाव और उपचार की कार्रवाई से बड़ी घटना होने से टल गई।

**महिला की हालत गम्भीर, रिम्स रेफर : डीएस**

सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. मनीष लाल ने बताया कि आग से झुलसी महिला की स्थिति गंभीर है। 70 प्रतिशत सेप्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स के बर्न वार्ड रेफर कर दिया गया है। वहीं दो अन्य झुलसे लोगों का सदर अस्पताल में इलाज किया जा रहा है।


## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, सिमडेगा

**(सर्वसाधारण के लिए सूचना)**

**गुमशुदा महिला पोमी बागे, पति–अमित बागे, सा0–टिकरा, थाना–जलडेगा, जिला–सिमडेगा, राज्य–झारखण्ड,** दिनांक–16.08.2026 को बिना किसी का बताए अपने घर से कहीं चली गई है, जो अबतक घर वापस नहीं आई है। गुमशुदा महिला की बरामदगी अभी तक नहीं हो पायी है, जिसकी विवरणी निम्नवत् है:–



हुलिया की विवरणी :–

लिंग :– स्त्री।
उम्र :– 30 वर्ष।
रंग :– सांवला।
उँचाई :– 05 फीट 02 ईंच।
बाल :– काला।
भाषा :– सादरी, मुण्डारी एवं हिन्दी।
पहनावा :– गुलाबी रंग का साड़ी।
पहचान :– गला में काला धागा के साथ ताबिज पहने हुए।

अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त गुमशुदा महिला के बारे में पता चलता है तो नीचे अंकित दूरभाष नं0 पर अविलंब सूचित करेंगे।

पुलिस अधीक्षक, सिमडेगा – मोबाइल नं0–9431116444
पुलिस उपाधीक्षक, (मु0) सिमडेगा – मोबाइल नं0–9431706227
थाना प्रभारी, जलडेगा – मोबाइल नं0–9431706237
पुलिस नियंत्रण कक्ष, सिमडेगा – मोबाइल नं0–9262998531
मानव तस्करी संबंधी टोल फ्री नं0 – मोबाइल नं0–1800–3456–256

पुलिस अधीक्षक,
सिमडेगा

PR 388827 Simdega (26-27)_D

## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, सिमडेगा

**(सर्वसाधारण के लिए सूचना)**

उपर्युक्त प्रसंगाधीन विषय के संबंध में सूचित करना है कि महाबुआँग थानान्तर्गत कुछ लावारिस मोटरसाईकल बहुत दिनों से है, जिसकी खोज बिन किसी के द्वारा अब तक नहीं किया गया है, जिसका विवरणी एवं फोटो निम्नवत है :–

| क्र0 सं0 | कम्पनी एवं वाहन का नाम | रजि0 नम्बर | ईंजन नं0 | चेचिस नं0 |
|---|---|---|---|---|
| 01. | Bajaj Motarcycle | JH20-A-1640 | -- | 4G16F1222 |

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है उपरोक्त लावारिस मोटरसाईकल के बारे में किसी को जानकारी है अथवा वाहन मालिक को सूचना प्राप्त होता है तो नीचे अंकित दूरभाश नं0 पर अविलंब सूचित करेंगे।

पुलिस अधीक्षक, सिमडेगा – मोबाइल नं0–9431116444
पुलिसउपाधीक्षक, (मु0) सिमडेगा – मोबाइल नं0–9431706227
थानाप्रभारी, पाकरटाँड़ – मोबाइल नं0–9608015588
पुलिसनियंत्रण कक्ष, सिमडेगा – मोबाइल नं0–9262998531

पुलिस अधीक्षक,
सिमडेगा

PR 388830 Simdega(26-27)#D

## कार्यालय : जिला परिषद, चतरा।

(E.mail: districtboardchatra@gmail.com)

**–बंदोबस्ती हेतु आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि चतरा जिला परिषद क्षेत्रान्तर्गत सिमरिया प्रखण्ड अन्तर्गत निर्मित **भारत माता कल्याण मण्डप को (Builtup Area- 4794.25 sqft)** का आवंटन खुला डाक के माध्यम से तीन वर्षों (36 माह) के लिए किया जाना है। बन्दोवस्ती डाकवक्ता के द्वारा बोली गई अधिकतम डाक की राशि पर आवंटित किया जायेगा।

इच्छुक व्यक्ति दिनांक 05/09/2026 से 16/09/2026 तक **''चतरा जिला परिषद कार्यालय''** मो0 10,000/– (दस हजार रू0) की डिमाण्ड ड्राफ्ट जो **''DDC CUM CEO DISTRICT BOARD CHATRA''** के नाम से भुगतेय हो जमा कर फार्म प्राप्त कर सकता है। यह राशि किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं की जायेगी।

| भवन का नाम | न्यूनतम डाक की राशि (एक वर्ष के लिए) | जमानत की राशि |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| भारत माता कल्याण मण्डप, सिमरिया | 300000 (रू0 तीन लाख ) | 75000 (रू0 पचहत्तर हजार) |

**नियम शर्तें –**

1. आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि – दिनांक 18.09.2026 के अपराह्न 05.00 बजे तक।
2. डाकबोली की तिथि एवं समय – दिनाक 21.09.2026 के अपराह्न 02.00 बजे।
3. स्थान – जिला परिषद सभाकक्ष, चतरा
4. डाक बोली में उसी डाकवक्ता को भाग लेने की अनुमति दी जायेगी, जो वांछित कागजात (Technical Bid) की अहर्ता रखता हो। वांछित कागजात में सफल डाकवक्ता की सूची कार्यालय नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित किया जायेगा।
5. बन्दोबस्ती की न्यूनतम डाक की राशि मो0 300000 (तीन लाख रू0) प्रति वर्ष (तीन वर्ष के लिए–900000.00 ( नौ लाख रू0) के लिए निर्धारित की गयी है। उच्चतम डकबक्ता द्वारा निर्धारित राशि पर बंदोबस्तीधारी को सरकार द्वारा निर्धारित GST अतिरिक्त भुगतान करना होगा।
6. सुरक्षित/जमानत की राशि मो0 75000 ( पचहत्तर हजार रू0) बैंक ड्राफ्ट द्वारा **''उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, चतरा''** के पदनाम से देय हो जमा करना अनिवार्य होगा। असफल जमाकर्त्ताओं की जमानत की राशि डाक समाप्ति के तुरंत बाद वापस कर दी जायेगी।
7. संबंधित भवन का एकरारनामा की तिथि से जिस स्थिति में है (As it is where it is ) एकरारनामा किया जायेगा।
8. डाकवक्ता को जिला के स्थायी निवासी होने पर वरीयता प्रदान की जायेगी।
9. जिला परिषद में किसी भी प्रकार का बकाया रखने वाले व्यक्ति/फर्म बन्दोबस्ती हेतु डाक में भाग नहीं लेगें।
10. अद्योहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये डाक को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।
11. अन्य डाक की नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी जिला परिषद कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है, जो इस सूचना का एक अभिन्न अंग होगा।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद,चतरा।

PR 388899 (District) 26-27 (D)

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल झुमरीतिलैया

**अति अल्पकालीन निविदा**

**आमंत्रण सूचना संख्या–07/JMT/2026-27** **Date 01.09.2026**

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, राँची।
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल झुमरीतिलैया
3. परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक – 09.09.2026 अपराह्न 4:00 बजे तक।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि :– दिनांक – 10.09.2026 अपराह्न 3:00 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक – 10.09.2026 अपराह्न 4.00 बजे।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल झुमरीतिलैया
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल झुमरीतिलैया।
8. निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल झुमरीतिलैया।
9. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र. | कार्य का नाम | कार्य की संख्या | ग्रुप संख्या | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | Supplying labour, vehicle with fuel & lubricants with all tools & plants for the repair & maintenance of drilled tube wells in the rural areas of District **Koderma** in different Block Dt. 01.09.2026 to 31.0 3.2027 Under Drinking Water and Sanitation Division Jhumritelaiya **RM to DT- Block Chandwara** (a) Major repair – 313 Nos (b) Minor Repair- 209 Nos | 522 Nos | GR- No.-1/Chandwara | 3,88,110- | 7800/- | 750/- | 7 Month |
| 2 | RM to DT- Block - Jainagar (a) Major Repair – 377 (b) Minor Repair – 251 | 628 Nos | GR- No.-2/ Jainagar | 4,67,126/- | 9400/- | 750/- | 7 Month |
| 3 | RM to DT- Block - Markacho (c) Major Repair – 358 (d) Minor Repair – 238 | 596 Nos | GR- No.-3/ Markacho | 4,43,422/- | 8900/- | 750/- | 7 Month |
| 4 | RM to DT- Block - Koderma (a) Major Repair – 349 (b) Minor Repair – 233 | 582 Nos | GR- No.-4/ Koderma | 4,32,731/- | 8700/- | 750/- | 7 Month |
| 5 | RM to DT- Block - Domchanch (a) Major Repair – 374 (b) Minor Repair – 249 | 623 Nos | GR- No.-5/ Domchanch | 4,63,408/- | 9300/- | 750/- | 7 Month |
| 6 | RM to DT- Block - Satgawan (a) Major Repair – 325 (b) Minor Repair – 217 | 542 Nos | RM/ DT/ GR- No.-6/ Satgawan | 4,02,984/- | 8100/- | 750/- | 7 Month |

**नोट: स्वीकृति की प्रत्याशा में निविदा आमंत्रित की जा रही है।**

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,झुमरीतिलैया।

PR 388905 Drinking Water and Sanitation(26-27)D

## एक झलक

### डायल-112 के चालकों के साथ एसएसपी की बैठक

**भागलपुर :** भागलपुर में आपातकालीन सेवा डायल-112 की कार्यप्रणाली को अधिक चुस्त-दुरुस्त और संवेदनशील बनाने के लिए पुलिस महकमे ने कवायद तेज कर दी है। इसी कड़ी में बुधवार को स्मार्ट सिटी सभागार में वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव एवं नगर पुलिस अधीक्षक अतुलेश झा की संयुक्त अध्यक्षता में डायल-112 के चालकों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान पुलिस के वरीय अधिकारियों ने चालकों को आपातकालीन सूचना मिलते ही बिना किसी देरी के त्वरित रिस्पॉन्स करने और कम से कम समय में घटनास्थल पर पहुंचने के कड़े निर्देश दिए। एसएसपी ने स्पष्ट किया कि डायल-112 पुलिस की सबसे त्वरित रिस्पॉन्स टीम है, इसलिए संकट के समय आम नागरिकों तक समय पर सहायता पहुंचाना ही इसकी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए।

### करंट प्रवाहित तार की चपेट में आने से किसान की मौत, शव रख कर घंटों सड़क जाम

**बक्सर :** नगर थाना क्षेत्र के सिंडिकेट इलाके में बुधवार की सुबह सड़क पर गिरे करंट प्रवाहित बिजली तार की चपेट में आने से 60 वर्षीय किसान की मौत हो गई। मृतक की पहचान बुधनपुरवा मोहल्ला, वार्ड संख्या 34 निवासी फुलेश्वर यादव के रूप में हुई है। हादसे के बाद इलाके में अफरातफरी मच गई और देखते ही देखते बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर जुट गए। बताया जाता है कि फुलेश्वर यादव सुबह टहलने के लिए घर से निकले थे। इसी दौरान सिंडिकेट इलाके में सड़क पर बिजली का तार गिरा हुआ था, जिसमें करंट प्रवाहित हो रहा था। तार की चपेट में आते ही किसान गंभीर रूप से झुलस गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना से आक्रोशित स्थानीय लोगों ने सिंडिकेट नहर के समीप शव को सड़क पर रखकर घंटों जाम कर दिया। प्रदर्शन कर रहे लोगों की मांग थी कि मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा दिया जाए और क्षेत्र में जर्जर बिजली व्यवस्था को तत्काल दुरुस्त कराया जाए। लोगों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि जर्जर तार और बिजली व्यवस्था के कारण आए दिन हादसे का खतरा बना रहता है।

### सोन नदी में छोड़ा गया 5.63 लाख क्यूसेक पानी

**डेहरी आन सोन :** सोन के ऊपरी जलग्रहण क्षेत्र झारखण्ड, मध्य प्रदेश व उतरप्रदेश में भारी वर्षा से सोन के तटीय क्षेत्र में हाई जारी है। बुधवार शाम इंद्रपुरी बराज से 5.63 लाख क्यूसेक पानी सोन नदी में छोड़ा गया है। सोन नदी का जलस्तर बढ़ना जारी। आज भी झारखण्ड के भीम बराज से 1.45 लाख, उत्तर प्रदेश के रिहंद जलाशय से 55 हजार व बाणसागर से छोड़ा गया पानी भी बराज पर पहुंचने लगा है। आज शाम सोन नदी में पांच लाख 63 हजार 6 54 क्यूसेक पानी सोन में प्रवाहित किया जा रहा है। इंद्रपुरी बराज पर भारी मात्रा में पानी के आने व सोन नहर कैचमेंट इलाके में भारी वर्षा होने के कारण नहरों में पानी की आपूर्ति को बंद किया गया है।

### प्रणय चंद्रवंशी के हत्यारों पर होगी शख्त कार्रवाई : डॉ. प्रेम

**नवादा :** जिले के हिसुआ के ग्राम पंचु गढ़पर निवासी 22 वर्षीय प्रणय भारती चंद्रवंशी की गोली मारकर हत्या किए जाने की घटना पर बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने गहरा दु:ख व्यक्त करते हुए हत्यारो के विरुद्ध शख्त कार्रवाई की बात कही है। डॉ. प्रेम कुमार ने बताया कि घटना के सूचना मिलते ही नवादा के पुलिस अधीक्षक से तत्काल दूरभाष पर बात कर पूरे मामले की जानकारी ली तथा हत्या में संलिप्त अपराधी के विरुद्ध कठोर एवं उचित कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अपराधी चाहे कितना भी प्रभावशाली क्यों न हो, कानून से ऊपर कोई नहीं है। पुलिस इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए दोषी को गिरफ्तार कर उसे कानून के अनुसार कड़ी सजा दिलाने की दिशा में कार्य करे।

### मतदाता पंजीकरण एवं मतदाता सूची पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का रांची में शुभारम्भ

# विशेषज्ञों ने नागरिकता, वैश्विक अनुभवों, तकनीक, जागरूकता, लैंगिक व प्रवासी मुद्दों पर किया मंथन





■ निर्वाचन प्रबंधन के व्यावहारिक अनुभवों और अकादमिक शोध का समन्वय मतदाता सूची प्रबंधन को अधिक समावेशी एवं विश्वसनीय बनाने में होगा सहायक : के. रवि कुमार




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय, झारखण्ड द्वारा केन्द्रीय विश्वविद्यालय झारखण्ड के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 'वोटर रजिस्ट्रेशन एंड वोटर रजिस्टर्स 2026' का शुभारम्भ बुधवार, 02 सितम्बर 2026 को नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडी एंड रिसर्च इन लॉ (NUSRL), रांची में हुआ। आईआईएम रांची, NUSRL रांची एवं सेंट जेवियर्स कॉलेज, रांची सम्मेलन के नॉलेज पार्टनर हैं। उद्घाटन सत्र में भारत निर्वाचन आयोग के प्रधान सचिव अरविन्द आनन्द मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार, केन्द्रीय विश्वविद्यालय झारखण्ड के कुलपति प्रो. सारंग मेधेकर, NUSRL के कुलपति प्रो. (डॉ.) अशोक आर. पाटिल तथा सेंट जेवियर्स कॉलेज, रांची के प्राचार्य डॉ. फादर रॉबर्ट प्रदीप कुजूर सहित शिक्षाविद्, शोधकर्ता एवं विषय विशेषज्ञ उपस्थित रहे। दीप प्रज्वलन के उपरांत अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार ने स्वागत सम्बोधन दिया। इस अवसर पर सम्मेलन पुस्तक 'वोटर रजिस्ट्रेशन एंड वोटर रजिस्टर्स, फाउंडेशन्स, ग्लोबल प्रैक्टिस एंड लीगल फ्रेमवर्क Voll-1', 'वोटर रजिस्ट्रेशन एंड वोटर रजिस्टर्स, थेवरी, अवेयरनेस, इनक्लूजन एंड टेक्नोलॉजी Voll-2' एवं स्मारिका का भी विमोचन किया गया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि 'मतदाता पंजीकरण एवं मतदाता सूची' विषय पर आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्देश्य वर्तमान में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) से आगे बढ़ कर मतदाता पंजीकरण के विषय पर व्यापक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में विमर्श करना है। उन्होंने बताया कि सम्मेलन के लिए 800 से अधिक विश्वविद्यालयों एवं संस्थानों से सम्पर्क किया गया, जिसके फलस्वरूप 230 सार (Abstracts) प्राप्त हुए। स्वतंत्र अकादमिक विशेषज्ञ समिति द्वारा इनमें से 80 सार को शॉर्टलिस्ट किया गया तथा अंततः 58 शोध-पत्रों का प्रकाशन एवं विचार-विमर्श के लिए चयन किया गया। वैश्विक व्यवस्थाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि विभिन्न देशों में सक्रिय, स्वचालित एवं हाइब्रिड मतदाता पंजीकरण प्रणालियां प्रचलित हैं तथा जनसंख्या डेटाबेस, सिविल रजिस्ट्री, बायोमेट्रिक्स एवं सतत अद्यतनीकरण जैसी व्यवस्थाओं का उपयोग बढ़ रहा है। भारत में मजबूत संवैधानिक एवं कानूनी ढांचा, व्यापक क्षेत्रीय सत्यापन तथा राजनीतिक दलों की सक्रिय भागीदारी की व्यवस्था है। इसका मूल उद्देश्य ऐसी शुद्ध, समावेशी एवं पारदर्शी मतदाता सूची सुनिश्चित करना है, जिसमें प्रत्येक पात्र नागरिक शामिल हो और कोई अपात्र व्यक्ति सम्मिलित न रहे। के. रवि कुमार ने कहा कि भारत मतदाता सूची प्रबंधन को अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए तकनीक एवं डेटाबेस आधारित सत्यापन का क्रमिक रूप से उपयोग कर रहा है, ताकि विसंगतियों की पहचान कर मतदाता अभिलेखों की शुद्धता में सुधार किया जा सके। इसके साथ ही पूरी प्रक्रिया क्षेत्रीय सत्यापन, राजनीतिक दलों एवं अन्य हितधारकों की सहभागिता, न्यायिक समीक्षा तथा भारत निर्वाचन आयोग के अधीक्षण, निर्देशन एवं नियंत्रण में संचालित होती है। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन विद्वानों, शोधकर्ताओं एवं निर्वाचन से जुड़े व्यावहारिक विशेषज्ञों को मतदाता पंजीकरण प्रणालियों का आलोचनात्मक अध्ययन करने तथा अंतरराष्ट्रीय अनुभवों से सीखने के लिए एक खुला अकादमिक मंच प्रदान करता है। चयनित 58 शोध-पत्रों तथा दो दिवसीय विचार-विमर्श से प्राप्त महत्त्वपूर्ण निष्कर्षों को संरक्षित करते हुए भौतिक एवं निःशुल्क डिजिटल स्वरूप में प्रकाशित किया जायेगा, जिससे भविष्य के शोध एवं निर्वाचन प्रशासन के लिए एक महत्त्वपूर्ण ज्ञान-संसाधन तैयार हो सके। नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडी एंड रिसर्च इन लॉ (NUSRL), रांची के कुलपति प्रो. (डॉ.) अशोक आर. पाटिल ने कहा कि मतदाता सूची लोकतांत्रिक सहभागिता का प्रवेश द्वार है और विश्वसनीय चुनाव की शुरूआत शुद्ध, समावेशी एवं नियमित रूप से अद्यतन मतदाता सूची से होती है। उन्होंने निर्वाचन प्रक्रिया की शुचिता और समावेशन के बीच संतुलन बनाये रखने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में सुनिश्चित होना चाहिए, वहीं फर्जी, डुप्लीकेट अथवा अपात्र पंजीकरण को रोकना भी आवश्यक है। 'वोटर रजिस्ट्रेशन एंड वोटर रजिस्टर्स 2026' अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए प्रो. पाटिल ने कहा कि मतदाता सूची प्रबंधन में शुद्धता, समावेशन, सुगमता, पारदर्शिता एवं जवाबदेही जैसे सिद्धांतों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि तकनीक का उपयोग कार्यकुशलता बढ़ाने के लिए होना चाहिए, लेकिन यह मानवीय विवेक एवं निर्णय का विकल्प नहीं बनना चाहिए। अंतिम लक्ष्य यह सुनिश्चित करना होना चाहिए कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से बाहर न रहे, कोई अपात्र व्यक्ति इसमें शामिल न हो तथा प्रत्येक नागरिक विश्वास एवं भरोसे के साथ निर्वाचन प्रक्रिया में भाग ले सके। सेंट जेवियर्स कॉलेज, रांची के प्राचार्य डॉ. फादर रॉबर्ट प्रदीप कुजूर ने कहा कि शुद्ध एवं समावेशी मतदाता सूची मजबूत लोकतंत्र की आधारशिला है। शैक्षणिक संस्थानों की भूमिका को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि कॉलेज एवं विश्वविद्यालय मतदाता जागरूकता, परिसर आधारित मतदाता पंजीकरण अभियान तथा नागरिक शिक्षा के माध्यम से लोकतंत्र को मजबूत बनाने में महत्त्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। उन्होंने बढ़ते प्रवासन, शहरीकरण एवं तकनीकी बदलाव के बीच विशेष रूप से युवा मतदाताओं, प्रवासियों एवं वंचित समुदायों की निर्वाचन प्रक्रिया में भागीदारी सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया। डॉ. कुजूर ने डेटा की शुद्धता, निजता, सुगम्यता, तकनीक एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जिम्मेदार उपयोग तथा निर्वाचन प्रणाली में जनविश्वास बनाये रखने से जुड़ीं प्रमुख चुनौतियों को भी रेखांकित किया। उन्होंने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार के नेतृत्व एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय, झारखण्ड के प्रयासों की सराहना करते हुए निर्वाचन प्राधिकारों, शैक्षणिक संस्थानों, शोधकर्ताओं एवं विद्यार्थियों के बीच अधिक सहयोग पर बल दिया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में होने वाला विचार-विमर्श मतदाता पंजीकरण एवं मतदाता सूची प्रबंधन को अधिक समावेशी, पारदर्शी, सुलभ एवं विश्वसनीय बनाने के लिए महत्त्वपूर्ण निष्कर्ष एवं व्यावहारिक सुझाव प्रदान करेगा। केन्द्रीय विश्वविद्यालय झारखण्ड के कुलपति प्रो. सारंग मेधेकर ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय, झारखण्ड के साथ विश्वविद्यालय की निकट साझेदारी का उल्लेख करते हुए कहा कि यह सहयोग अकादमिक शोध और निर्वाचन प्रबंधन के व्यावहारिक अनुभवों को प्रभावी रूप से एक मंच पर लाता है। उन्होंने कहा कि भारत की विशाल निर्वाचन प्रक्रिया के संचालन के लिए व्यापक लॉजिस्टिक व्यवस्था एवं दक्ष पेशेवरों की आवश्यकता होती है। वहीं, उभरतीं तकनीकों एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग से निर्वाचन प्रबंधन के क्षेत्र में नयी सम्भावनाओं के साथ नयी चुनौतियां भी सामने आ रही हैं। प्रो. मेधेकर ने अकादमिक जगत एवं निर्वाचन प्रशासन के बीच की दूरी को कम करने की पहल के लिए भारत निर्वाचन आयोग की सराहना की। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि दो दिवसीय सम्मेलन में मतदाता पंजीकरण एवं मतदाता सूची प्रबंधन से जुड़े विषयों पर सार्थक विचार-विमर्श होगा और महत्त्वपूर्ण निष्कर्ष सामने आयेंगे। उन्होंने सम्मेलन के आयोजन में प्रो. आलोक गुप्ता, डॉ. अपर्णा एवं केन्द्रीय विश्वविद्यालय झारखण्ड की टीम के योगदान की भी सराहना की। अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड सुबोध कुमार ने अपने स्वागत सम्बोधन में कहा कि लोकतंत्र की पूरी प्रक्रिया के केन्द्र में नागरिक और मतदाता होते हैं। इसलिए शुद्ध, समावेशी और पारदर्शी मतदाता सूची मजबूत लोकतंत्र की बुनियाद है। उन्होंने कहा कि भारत जैसे विशाल देश में प्रवासन, शहरीकरण, बदलती जनसंख्या और नये युवा मतदाताओं के कारण मतदाता सूची को लगातार अद्यतन रखना आवश्यक है। झारखण्ड में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से छूटे नहीं और किसी अपात्र व्यक्ति का नाम इसमें शामिल न हो।

## अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के पहले दिन पैनल डिस्कशन एवं छह तकनीकी सत्र का हुआ आयोजन

**उद्घाटन** सत्र के बाद 'वोटर रजिस्ट्रेशन एंड वोटर रजिस्टर' विषय पर पैनल चर्चा आयोजित की गयी। इसकी अध्यक्षता बिहार के पूर्व पुलिस महानिदेशक डी.एन. गौतम ने की। जबकि, प्रो. संदीप शास्त्री सह-अध्यक्ष रहे। विशेषज्ञों ने मतदाता जागरूकता, निर्वाचन समावेशन, मतदान की सुगमता, EPIC एवं मतदाता सूची में एकरूपता, महिलाओं की निर्वाचन सहभागिता, आंतरिक प्रवासन, सार्वजनिक जवाबदेही, विभिन्न देशों की मतदाता पंजीकरण प्रणालियों तथा वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं पर विचार-विमर्श किया। तकनीकी सत्र-1 'वोटर रजिस्ट्रेशन एंड वोटर रजिस्टर-स्ट्रेन्थिंग डेमोक्रेसी' विषय पर आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता प्रो. सुधीर कुमार सिंह ने की तथा सह-अध्यक्षता डॉ. प्रतिमा सारंगी ने की। सत्र में नागरिकता, मतदाता पंजीकरण, राजनीतिक दलों की भूमिका एवं लोकतंत्र को सुदृढ़ करने से संबंधित शोध-पत्र प्रस्तुत किये गये। तकनीकी सत्र-2 'वोटर रजिस्ट्रेशन : क्रॉस कंट्री एक्सपेरियेंस एक्रॉस ग्लोब' विषय पर आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता डॉ. महेश देबता ने तथा सह-अध्यक्षता डॉ. बी.बी. बिस्वास ने की। सत्र में एस्टोनिया, ब्राजील, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, डेनमार्क, घाना, दक्षिण अफ्रीका सहित विभिन्न देशों की मतदाता पंजीकरण प्रणालियों एवं अनुभवों का अध्ययन किया गया। तकनीकी सत्र - 3 'वोटर रजिस्ट्रेशन : थ्योरेटिकल पैराडिज्म' विषय पर आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता चैतन्य प्रसाद ने तथा सह-अध्यक्षता प्रो. दिवांशु श्रीवास्तव ने की। सत्र में निर्वाचन समावेशन, लोकतांत्रिक सुदृढ़ीकरण एवं मतदाता सूची प्रबंधन के सैद्धांतिक आयामों पर चर्चा की गयी। तकनीकी सत्र-4 'वोटर रजिस्ट्रेशन एंड वोटर रजिस्टर-सोशल मीडिया एंड इम्परेटिव ऑफ अवेयरनेस' विषय पर आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता शिव प्रसाद शर्मा ने तथा सह-अध्यक्षता प्रो. संजय कुमार ने की। सत्र में सोशल मीडिया, बहुभाषी मतदाता जागरूकता, निर्वाचन साक्षरता तथा मतदाता पंजीकरण में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग से संबंधित शोध प्रस्तुत किये गये। तकनीकी सत्र-5 'वोटर रजिस्ट्रेशन : क्रॉस कंट्री एक्सपेरियेंस एक्रॉस ग्लोब' विषय पर आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता डॉ. आनंदकुमार आर. शिंदे ने तथा सह-अध्यक्षता डॉ. अरुण राय ने की। सत्र में भारत सहित अन्य लोकतांत्रिक देशों की मतदाता पंजीकरण प्रणालियों, ऑनलाइन पंजीकरण तथा आधुनिक तकनीक के उपयोग पर तुलनात्मक अध्ययन प्रस्तुत किये गये। तकनीकी सत्र - 6 'वोटर रजिस्ट्रेशन एंड वोटर रजिस्टर : जेंडर एंड माइग्रेंट इश्यूज' विषय पर आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता डॉ. चार्वाक पति ने तथा सह-अध्यक्षता डॉ. हनी राज ने की। सत्र में ग्रामीण एवं वंचित समुदायों, प्रवासी आबादी एवं श्रमिकों तथा जनजातीय एवं सीमावर्ती क्षेत्रों में रहनेवाले लोगों के मतदाता पंजीकरण एवं निर्वाचन समावेशन से संबंधित चुनौतियों पर विचार-विमर्श किया गया। समानांतर तकनीकी सत्रों के आयोजन के लिए ठवरफ्छ के तीन कक्षों/लेक्चर थिएटरों को विशेष रूप से तैयार किया गया था। नॉलेज पार्टनर संस्थानों के प्रोफेसरों, शोधकर्ताओं, विद्यार्थियों एवं छात्र स्वयंसेवकों ने सम्मेलन में सक्रिय सहभागिता की। विद्यार्थियों एवं स्वयंसेवकों ने तकनीकी एवं अकादमिक सत्रों में भाग लेने के साथ सम्मेलन के सुचारु संचालन में भी सहयोग किया।

### विषय विशेषज्ञों को विशेष रूप से किया गया आमंत्रित

**सम्मेलन** की थीम 'वोटर रजिस्ट्रेशन एंड वोटर रजिस्टर्स' पर प्रतिष्ठित विषय विशेषज्ञों से विशेष शोध-पत्र आमंत्रित किये गये थे। इन विशेषज्ञों को विभिन्न तकनीकी सत्रों की अध्यक्षता करने तथा अपने विशेषज्ञ अनुभव एवं अकादमिक दृष्टिकोण से विचार-विमर्श को समृद्ध करने के लिए विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। आमंत्रित विशेषज्ञों में बिहार के पूर्व पुलिस महानिदेशक डी.एन. गौतम, आईपीएस (सेवानिवृत्त); उत्कल विश्वविद्यालय के लोक प्रशासन विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डॉ. (श्रीमती) प्रतिमा सारंगी; एम.एस. रामैया यूनिवर्सिटी ऑफ एप्लाइड साइंसेज के प्रोफेसर ऑफ एमिनेंस एवं सलाहकार डॉ. वी. विजयकुमार ; जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ इंटरनेशनल रिलेशंस के सेंटर फॉर इनर एशियन स्टडीज के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. महेश देबता; इग्नू के स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज में राजनीति विज्ञान के प्रोफेसर प्रो. सतीश कुमार सिंह; बेंगलुरु विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग के प्रोफेसर एवं अध्यक्ष प्रो. सुरेंद्र कुमार; दिल्ली विश्वविद्यालय के कला संकाय के राजनीति विज्ञान विभाग के प्रो. सुधीर कुमार सिंह; जादवपुर विश्वविद्यालय के अंतरराष्ट्रीय संबंध विभाग के प्रो. ईशान नस्कर; दूरदर्शन के पूर्व अपर महानिदेशक श्री चैतन्य प्रसाद; शिव नादर विश्वविद्यालय, चेन्नई के स्कूल ऑफ लॉ के एसोसिएट प्रोफेसर एवं सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च, नयी दिल्ली के नॉन-रेजिडेंट फेलो डॉ. राहुल वर्मा; दिल्ली विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. रेखा सक्सेना; बेंगलुरु विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग के पूर्व प्रोफेसर एवं NITTE एजुकेशन ट्रस्ट, बेंगलुरु कैंपस के उपाध्यक्ष प्रो. संदीप शास्त्री; क्राइस्ट कॉलेज, कानपुर के राजनीति विज्ञान विभाग के पूर्व प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष तथा उररढ, कानपुर के अध्यक्ष प्रो. ए.के. वर्मा; गवर्नमेंट पीजी कॉलेज, अंडमान एवं निकोबार के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. स्वपन के. बिस्वास; ल्कद्धअ, गुरुग्राम के प्रोजेक्ट एसोसिएट शिव प्रसाद शर्मा, आईएएस (सेवानिवृत्त); पंचकूला के एस.के. सेठिया, एचसीएस (सेवानिवृत्त); तथा भारतीय सांख्यिकी संस्थान, कोलकाता के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. हरि चरण बेहारा शामिल थे। इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, राज्य प्रशिक्षण नोडल पदाधिकारी देव दास दत्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. धीरज कुमार ठाकुर, अवर निर्वाचन पदाधिकार सुनील कुमार सिंह, प्रो. आलोक कुमार गुप्ता, डॉ. अपर्णा, डॉ. चार्वाक पति, डॉ. आनंदकुमार आर. शिंदे, डॉ. बी.के. सिन्हा एवं डॉ. आशुतोष कुमार पांडेय सहित शिक्षाविद्, शोधकर्ता, विद्यार्थी, छात्र स्वयंसेवक, निर्वाचन विभाग के राष्ट्रीय स्तर के मास्टर ट्रेनर तथा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय, झारखण्ड के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

## आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने एंथे 2026 किया लॉन्च




■ छात्रों को अपनी क्षमता पहचानने और प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता की तैयारी में मदद करने वाला सबसे बड़ा टैलेंट हंट एग्जाम

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए क्या पढ़ना है, यह जानना सफलता की तैयारी का सिर्फ एक हिस्सा है। अपनी मौजूदा स्थिति, अपनी मजबूतियों और उन क्षेत्रों को समझना जहां सुधार की जरूरत है, उतना ही महत्वपूर्ण है। आकाश नेशनल टैलेंट हंट एग्जाम (एंथे) पिछले 16 वर्षों से तैयारी और छात्रों की सेल्फ-अवेयरनेस के बीच इसी गैप को दूर करने की दिशा में काम कर रहा है। एंथे की शुरूआत से अब तक 1 करोड़ से अधिक छात्रों के रजिस्ट्रेशन के साथ, यह परीक्षा भारत के सबसे बड़े और सबसे लंबे समय से संचालित स्टूडेंट असेसमेंट प्लेटफॉर्म्स में से एक बन चुकी है। टैलेंट की पहचान के उद्देश्य से शुरू हुई यह पहल अब एक स्ट्रक्चर्ड अकादमिक बेंचमार्क के रूप में विकसित हो गई है, जो छात्रों को अपनी तैयारी का आकलन करने, अपनी कॉम्पिटिटिव पोटेंशियल को समझने और आगे की शैक्षणिक यात्रा के लिए एक मजबूत आधार तैयार करने में मदद करती है। किसी ऐसी परीक्षा से अलग, जो केवल अंतिम स्कोर के आधार पर प्रदर्शन का आकलन करती है, एंथे को एक व्यापक और वैज्ञानिक तरीके से तैयार किए गए डायग्नोस्टिक असेसमेंट के रूप में डिजाइन किया गया है।

### प्राथमिक विद्यालय वनतारा गोला की चहारदीवारी के पास लहलहा रहा गांजे का संदिग्ध पौधा

# जिम्मेदारों की निगरानी पर उठे सवाल



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गोला (रामगढ़) :** प्राथमिक विद्यालय वनतारा गोला के परीक्षा भवन के पीछे चारदीवारी से सटे परिसर में गांजे का संदिग्ध पौधा लहलहाता नजर आ रहा है। पौधा काफी बड़ा हो चुका है और उसकी पत्तियां दूर से ही स्पष्ट दिखाई दे रही हैं। विद्यालय परिसर के समीप इस तरह के संदिग्ध पौधे का उगना न केवल चिंता का विषय है, बल्कि सरकारी विद्यालय की निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल खड़े करता है। बताया जाता है कि फिलहाल प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को हाई स्कूल स्थित विद्यालय में शिफ्ट कर दिया गया है और प्राथमिक विद्यालय भवन में नियमित रूप से बच्चों का अध्ययन-अध्यापन नहीं हो रहा है। हालांकि, भवन सरकारी विद्यालय का है और परिसर की देखरेख व सुरक्षा की जिम्मेदारी संबंधित व्यवस्था के तहत बनी हुई है। ऐसे में विद्यालय परिसर में संदिग्ध पौधे का इस तरह लहलहाना निगरानी व्यवस्था की स्थिति को लेकर सवाल खड़े करता है। बताया जाता है कि पौधे के ठीक पीछे चारदीवारी के बाहर सुलभ शौचालय स्थित है, जहाँ कथित तौर पर कई बार कुछ लोगों को गांजे का सेवन करते हुए देखा गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, सेवन के दौरान गांजे के बीज इधर-उधर फेंके जाने के कारण संभवतः यह पौधा उग आया होगा। अब इसकी टहनियां तोड़े जाने की बात भी सामने आ रही है। इससे आशंका जताई जा रही है कि कुछ लोग इसकी पत्तियों अथवा टहनियों का नशे के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं। हालांकि, तस्वीर के आधार पर पौधे को गांजे का पौधा होने की आधिकारिक पुष्टि नहीं की जा सकती। इसकी वास्तविक पहचान जांच के बाद ही स्पष्ट होगी। मामले का दूसरा पहलू भी गंभीर है। फिलहाल विद्यालय में बच्चे अध्ययनरत नहीं हैं, बावजूद इसके यह परिसर सरकारी संपत्ति है और इसकी सुरक्षा व देखरेख की जिम्मेदारी बनी रहती है। ऐसे में यदि जांच में पौधा गांजे का पाया जाता है तो यह विद्यालय परिसर की निगरानी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करेगा। स्थानीय लोगों ने संबंधित अधिकारियों से तत्काल पौधे की जांच कराने, उसे हटाने, विद्यालय परिसर की साफ-सफाई व निगरानी सुनिश्चित करने तथा विद्यालय के आसपास नशे का सेवन करने वालों पर निगरानी बढ़ाकर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है।

## बिहार कैबिनेट के 27 प्रस्तावों पर लगी मुहर, स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना पांच साल बढ़ी




**एजेंसी**

**पटना :** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में बुधवार शाम हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में 27 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक में बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना को अगले पांच वर्षों तक जारी रखने, गृह विभाग में अत्यंत पिछड़ा वर्ग (ईबीसी) कोटि के लिए 14 पदों के सृजन, बिहार संग्रहालय और पटना संग्रहालय के रखरखाव के लिए 40 करोड़ रुपये तथा नेहरू पथ के चौड़ीकरण के लिए 39.80 करोड़ रुपये की स्वीकृति समेत कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। मंत्रिमंडल ने बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना का विस्तार वित्तीय वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक करने की मंजूरी दी है। योजना के तहत बिहार राज्य शिक्षा वित्त निगम के माध्यम से विद्यार्थियों को चार लाख रुपये तक का शिक्षा ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। सरकार का उद्देश्य उच्च शिक्षा हासिल करने के इच्छुक विद्यार्थियों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना है, ताकि आर्थिक कारणों से उनकी पढ़ाई बाधित न हो। कैबिनेट ने गृह विभाग में अत्यंत पिछड़ा वर्ग कोटि के लिए 14 नए पदों के सृजन के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी। इसके अलावा सामान्य प्रशासन विभाग के पटना मुख्यालय में कार्यालय परिचारी के 16 नए पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई। बिहार विधानसभा सचिवालय में निदेशक सह प्रभारी सचिव पूनम सिन्हा को सेवानिवृत्ति के बाद एक वर्ष के लिए संविदा के आधार पर निदेशक पद पर नियोजित करने की भी मंजूरी दी गई है। उनका संविदा नियोजन 1 सितंबर से प्रभावी होगा। मंत्रिमंडल ने भारत छोड़ो आंदोलन के अमर शहीद रामफल मंडल की शहादत दिवस प्रत्येक वर्ष 23 अगस्त को सीतामढ़ी जिले में राजकीय समारोह के रूप में मनाने की मंजूरी दी। इसी तरह स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और चंपारण सत्याग्रह के सूत्रधार पंडित राजकुमार शुक्ला की जयंती भी प्रत्येक वर्ष 23 अगस्त को पश्चिम चंपारण जिले में राजकीय समारोह के रूप में मनाई जाएगी। वित्तीय वर्ष 2026-27 में बिहार संग्रहालय और पटना संग्रहालय के रखरखाव के लिए गैर-वेतन मद में 40 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है। वहीं, राजधानी पटना में नेहरू पथ के डाक बंगला चौराहा से रुकनपुर तक सड़क चौड़ीकरण कार्य के लिए 39 करोड़ 80 लाख रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई। सात निश्चय-3 के तहत बिहार राज्य बकरी पालक सहकारी फेडरेशन लिमिटेड के गठन को मंजूरी दी गई। इसके साथ ही वित्तीय वर्ष 2026-27 से 2028-29 तक इस योजना पर 14 करोड़ 79 लाख 50 हजार रुपये खर्च करने की स्वीकृति दी गई है। सरकार की ओर से इसे बकरी पालन से जुड़े लोगों को संगठित करने और इस क्षेत्र को सहकारी ढांचे के माध्यम से बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। राज्य के शहरी क्षेत्रों में आधारभूत संरचनाओं के विकास के लिए मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना की अवधि वित्तीय वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक बढ़ाने की स्वीकृति दी गई है। इसके अलावा बिहार विरासत विकास समिति, पटना के कार्यपालक निदेशक प्रोफेसर अनिल कुमार के वेतन, भत्ते और सेवा शर्तें निर्धारित करने की स्वीकृति दी गई।

## लोक शिकायत निवारण में 98 .95 प्रतिशत मामलों का हुआ निष्पादन

**एजेंसी**

**किशनगंज :** जिला लोक शिकायत निवारण एवं आरटीपीएस के तहत प्राप्त आवेदनों के निष्पादन को लेकर बुधवार को जिलाधिकारी नवीन कुमार की अध्यक्षता में संबंधित पदाधिकारियों के साथ मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में लोक शिकायत और आरटीपीएस से जुड़े मामलों की प्रगति की समीक्षा करते हुए डीएम ने लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में जिला लोक शिकायत निवारण अधिनियम के तहत कुल 5662 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। इनमें से 5603 मामलों का निष्पादन किया जा चुका है, जबकि 59 मामले लंबित हैं। इस प्रकार मामलों के निष्पादन की दर 98.95 प्रतिशत रही। वहीं, अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण स्तर पर कुल 9477 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 9388 का निष्पादन किया गया है। 89 आवेदन अभी लंबित हैं। बैठक में आरटीपीएस के माध्यम से प्राप्त आवेदनों की भी समीक्षा की गई। जिले में निबंधन, माप-तौल, पेंशन, राशन कार्ड, एलपीसी, म्यूटेशन, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, जाति, निवास, आय, चरित्र प्रमाण पत्र एवं प्रवासी मजदूरों से संबंधित कुल 73,647 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

# तिलक वर्मा की शानदार बल्लेबाजी से साउथ जोन फाइनल में, नॉर्थ जोन को 07 विकेट से हराया




एजेंसी

**बेंगलुरु :** कप्तान तिलक वर्मा की लगातार दूसरी शानदार पारी और एमडी नितीश की घातक गेंदबाजी के दम पर बुधवार को साउथ जोन ने दलीप ट्रॉफी के फाइनल में जगह बना ली। साउथ जोन ने बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ग्राउंड-2 में खेले गए सेमीफाइनल में नॉर्थ जोन को सात विकेट से हराया। पहली पारी में शतक जड़ने वाले तिलक ने दूसरी पारी में नाबाद 51 रन बनाकर टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। वहीं, एमडी नितीश ने पांच विकेट लेकर नॉर्थ जोन की दूसरी पारी को 297 रन पर समेटने में अहम भूमिका निभाई। नॉर्थ जोन ने बुधवार को सात विकेट पर 256 रन से आगे खेलना शुरू किया था। उसके पास 139 रनों की बढ़त थी। अंशुल कंबोज और निशांत सिंधु ने आठवें विकेट के लिए साझेदारी को 60 रन तक पहुंचाया लेकिन नितीश ने कंबोज को 36 रन पर बोल्ड कर दिया। इसके बाद गुरनूर बरार और अर्शदीप सिंह ने एक-एक छक्का लगाया लेकिन नितीश ने दोनों को पवेलियन भेज दिया और पांच विकेट पूरे किए। नॉर्थ जोन की पूरी टीम 297 रन पर सिमट गई और निशांत सिंधु 35 रन बनाकर नाबाद रहे। साउथ जोन को जीत के लिए 181 रनों का लक्ष्य मिला। रिकी भुई और नारायण जगदीशन ने 64 रन की साझेदारी कर टीम को अच्छी शुरूआत दिलाई। भुई ने 53 गेंदों पर सात चौकों की मदद से 42 रन बनाए लेकिन गुरनूर बराड़ ने उन्हें आउट कर दिया। शेख रशीद केवल एक रन बनाकर आबिद मुश्ताक का शिकार बने। इसके बाद जगदीशन और तिलक वर्मा ने पारी संभाली और लंच तक साउथ जोन का स्कोर दो विकेट पर 72 रन पहुंचा दिया। दूसरे सत्र में दोनों ने टीम को 100 रन के पार पहुंचाया। हालांकि जगदीशन 43 रन बनाकर आबिद मुश्ताक की गेंद पर स्टंप हो गए। इसके बाद तिलक ने आर. स्मरण के साथ मिलकर नाबाद 79 रन की साझेदारी की और साउथ जोन को जीत दिला दी। तिलक ने कंबोज की गेंद पर दो चौके और मुश्ताक की गेंद पर एक चौका लगाया। दूसरी ओर स्मरण ने आयुष बडोनी की ऑफ स्पिन के खिलाफ दो चौके जड़े। आखिर में तिलक ने चौका लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया और टीम को सात विकेट से जीत दिला दी।

### पहली पारी में भी तिलक का शतक रहा निर्णायक

**साउथ** जोन की जीत की नींव तिलक ने पहली पारी में ही रख दी थी। नॉर्थ जोन के 195 रन के जवाब में साउथ जोन ने एक समय 80 रन पर पांच विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद तिलक ने श्रेयस गोपाल के साथ 175 रनों की शानदार साझेदारी की। तिलक ने नाबाद 116 रन बनाए, जबकि गोपाल ने 87 रन की पारी खेली। इससे साउथ जोन को पहली पारी में 117 रन की महत्वपूर्ण बढ़त मिली। नॉर्थ जोन की ओर से सनत सांगवान और आयुष दोसेजा ने अर्धशतक लगाकर मुकाबले को रोमांचक बनाने की कोशिश की लेकिन तीसरे दिन बल्लेबाजी में फिर लड़खड़ाने के कारण नॉर्थ जोन वापसी नहीं कर सका। फाइनल में साउथ जोन का सामना ईस्ट जोन से होगा। ईस्ट जोन ने मंगलवार को सेंट्रल जोन को चार विकेट से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। खिताबी मुकाबला छह सितंबर से चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेला जाएगा।

### संक्षिप्त स्कोर

**नॉर्थ जोन :** 195 और 297 रन (सनत सांगवान 76, आयुष दोसेजा 52; एमडी नितीश 5/56, कावुरी साईतेजा 2/57)

**साउथ जोन :** 312 और 182/3 (तिलक वर्मा 51, नारायण जगदीशन 43, रिकी भुई 42; आबिद मुश्ताक 2/55)।

## एक झलक

### आईसीसी ने श्रीलंका से महिला चैम्पियंस ट्रॉफी की मेजबानी वापस ली

**कोलंबो :** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने श्रीलंका से साल 2027 में होने वाली पहली महिला चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी वापस ले ली है। इस बारे में हालांकि अंतिम फैसला आईसीसी की अगली बैठक में होगा पर इतना तय है कि महिला चैम्पियंस ट्रॉफी अब श्रीलंका में नहीं होगी। अब इसकी मेजबान किये मिलती है ये देखना होगा। आईसीसी के इस फैसले से श्रीलंकाई बोर्ड को करारा झटका लगा है। इस टूर्नामेंट का आयोजन 14 से 28 फरवरी 2027 तक श्रीलंका में होना था। जिसके लिए बोर्ड ने तैयारियां भी शुरू कर दीं थीं। आईसीसी ने यह फैसला श्रीलंका क्रिकेट (एएलसी) प्रशासन में सरकारी हस्तक्षेप को देखते हुए किया है। आईसीसी का मानना है कि सदस्य बोर्डों का कामकाज स्वतंत्र रुप से चलना चाहिये। वह सरकार के हस्तक्षेप के खिलाफ है। क्रिकेट का संचालन सरकार द्वारा नियुक्त ट्रांसफॉर्मेशन कमेटी कर रही है।

### मोनफिल्स अमेरिकी ओपन में जीत के साथ ही दूसरे दौर में पहुंचे

**न्यूयॉर्क :** गोएल मोनफिल्स ने वैलेजो को 2-6, 6-1, 6-2, 6-0 से हराकर अमेरिकी ओपन टेनिस के दूसरे दौर में प्रवेश किया है। इसी के साथ ही मोनफिल्स ने अपना 40 वां जन्मदिन मनाया। वहीं अमेरिकी ओपन के अनुसार 40 साल से अधिक उम्र के खिलाड़ियों में वह तीसरे खिलाड़ी है जिसे यहां जीत मिली है। उनसे पहले साल 1977 में दो बार के केन रोजवॉल, 42, और 1992 में पांच बार के जिमी कॉनर्स ने 40 साल से अधिक की उम्र में ये खिताब जीता था। मोनफिल्स ने कहा, विशेष नंबर, 40, और अच्छा मैच खेलना, यह विशेष था। मुझे लगता है कि मेरा सबसे अच्छा जन्मदिन रहा। मुझे याद नहीं है पर यह मेरे परिवार के साथ था। वह निश्चित रूप से सबसे अच्छा था।

संन्यास से पहले साल 2026 में ये उनका अंतिम टूर होगा, फिर भी मिश्रित युगल इवेंट के दौरान वह पत्नी एलिना स्वितोलिना के खेलने उतरे। मोनफिल्स का हौसला बढ़ाने वालों में उनकी पत्नी, डब्ल्यूटीए स्टार स्वितोलिना भी शामिली थीं। पीआईएफ एटीपी रैंकिंग में पहले नंबर 6 पर रहे मोनफिल्स का अगला मुकाबला दूसरे दौर में लर्नर टिएन से होगा।

### माई के सामने दूर-दूर तक नहीं टिकते क्रिकेटर

**बार्सिलोना :** अर्जेंटीना के महान फुटबॉलर लियोनल मेसी ने अचानक ही खेल से संन्यास लेकर सभी को हैरान कर दिया है। मेसी ने मैदान में जिस तेजी से गोल किये हैं। उसी तेजी से अपने दो दशक के करियर में कमाई भी की है। वह विश्व के सबसे धनी खिलाड़ियों में से एक है। फुटबॉल दुनिया के सबसे लोकप्रिय और देखे जाने वाले खेलों में से एक है, और इसमें शीर्ष खिलाड़ियों को भारी भरकम राशि मिलती है और ये क्रिकेटरों को मिलने वाली रकम से कई गुना अधिक है या यूं कहें तो स्टार क्रिकेटर जितनी रकम अपने करियर में कमा पाते हैं उतनी तो दिग्गज फुटबॉलर एक साल में ही कमा लेते हैं। ऐसे में मेसी जैसे दिग्गज खिलाड़ी की उनकी कमाई और संपत्ति कितनी होगी इसके अनुमान लगाये जा सकते हैं। वहीं मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसाल मेसी की अनुमानित नेटवर्थ वर्तमान में लगभग 1.1 अरब डॉलर है।

## आईसीसी टेस्ट रैंकिंग

# गिल-बुमराह को नुकसान देवदत्त की बड़ी छलांग



एजेंसी

**दुबई :** भारतीय कप्तान शुभमन गिल बुधवार को जारी ताजा आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में दो स्थान फिसलकर नौवें स्थान पर पहुंच गए। वहीं, तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को पीछे छोड़ते हुए न्यूजीलैंड के मैट हेनरी गेंदबाजों की रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गए। श्रीलंका के खिलाफ दोहरा शतक लगाने वाले देवदत्त पडिक्कल को रैंकिंग में बड़ा फायदा हुआ है। वह पांच स्थान की छलांग लगाकर 54वें स्थान पर पहुंच गए हैं। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत भारतीय बल्लेबाजों में अब भी सबसे ऊंची रैंकिंग पर कायम हैं। पंत सातवें स्थान पर हैं, जबकि यशस्वी जायसवाल 11वें स्थान पर बरकरार हैं। हाल ही में समाप्त हुई भारत-श्रीलंका टेस्ट श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन करने वाले श्रीलंका के सोनल दिनुषा दो शतकों की बदौलत करियर की सर्वश्रेष्ठ 25वीं रैंकिंग पर पहुंच गए हैं। अपने पहले पांच टेस्ट में उनका बल्लेबाजी औसत 86.57 रहा है। भारतीय टीम के ध्रुव जुरेल ने नाबाद 115 रन की पारी के दम पर 83वें से 65वें स्थान पर छलांग लगाई। श्रीलंका के पसिंदु सोरियाबंडारा ने अपने दूसरे ही टेस्ट में 80 और 92 रन बनाए, जिससे वह 170 स्थान ऊपर उठकर 74वें स्थान पर पहुंच गए। कामिंदु मेंडिस भी दूसरी पारी में अर्धशतक लगाने के बाद फिर से शीर्ष-10 में शामिल हो गए हैं। गेंदबाजों में श्रीलंका के तेज गेंदबाज असिथा फर्नांडो चार स्थान ऊपर चढ़कर 11वें स्थान पर पहुंच गए हैं। भारत के स्पिनर मानव सुथार ने भी चार स्थान की छलांग लगाकर 44वां स्थान हासिल किया, जबकि मोहम्मद सिराज एक स्थान ऊपर उठकर 17वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

### रॉबिन्सन और टंग की भी शानदार उछाल

**पाकिस्तान** के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में इंग्लैंड को 2-0 की बढ़त दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले तेज गेंदबाज ओली रॉबिन्सन और जोश टंग की रैंकिंग में भी सुधार हुआ है। दोनों टेस्ट में प्लेयर ऑफ द मैच रहे रॉबिन्सन ने प्रत्येक पारी में चार-चार विकेट लिए और मैच में कुल आठ विकेट लेकर 35 रन दिए। वह छह स्थान की छलांग लगाकर पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं। श्रृंखला शुरू होने के बाद से वह 22 स्थान ऊपर चढ़ चुके हैं। टंग ने मैच में पांच विकेट लेकर चार स्थान की छलांग लगाई और करियर की सर्वश्रेष्ठ 13वीं रैंकिंग हासिल की। श्रृंखला के दौरान उनकी रैंकिंग में 20 स्थान का सुधार हुआ है। पाकिस्तान के तेज गेंदबाज मोहम्मद अब्बास ने भी लगातार अच्छे प्रदर्शन का फायदा उठाया है। एक मैच में नौ विकेट लेने के बाद वह 10 स्थान ऊपर चढ़कर संयुक्त रूप से 15वें स्थान पर पहुंच गए हैं। बल्लेबाजों की रैंकिंग में पाकिस्तान के सऊद शकील को भी बड़ा फायदा हुआ है। दूसरी पारी में 97 रन की उनकी पारी से वह 15 स्थान ऊपर उठकर 18वें स्थान पर पहुंच गए। वह अब अपने देश के कप्तान बाबर आजम के बाद दूसरे सबसे ऊंची रैंकिंग वाले पाकिस्तानी बल्लेबाज हैं। बाबर पांच स्थान फिसलकर 15वें स्थान पर पहुंच गए हैं।



## क्रुणाल पंड्या को अभी भी है भारतीय टीम में जगह मिलने की उम्मीद

**मुम्बई :** अनुभवी ऑलराउंडर क्रुणाल पंड्या अफगानिस्तान के खिलाफ आगामी टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज के लिए भारतीय क्रिकेट टीम में जगह नहीं मिलने बाद भी निराश नहीं हैं। 35 साल के हो रहे क्रुणाल के अनुसार उन्होंने उम्मीद अभी नहीं छोड़ी है। चयनकताओं द्वारा टीम की घोषणा किए जाने के तुरंत बाद क्रुणाल ने सोशल मीडिया पर कहा कि वह अभी भी टीम में जगह मिलने की उम्मीद को देखते हुए अपनी ओर से पूरे प्रयास कर रहे हैं। इससे अंदाजा होता है कि वह टीम में जगह बनाने के लिए प्रतिबद्ध दिखते हैं। भारत और अफगानिस्तान के बीच तीन मैचों की यह टी-20 सीरीज 13, 15 और 17 सितंबर को नयी दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेली जाएगी। गौरतब है कि पंड्या ने आखिरी बार जुलाई 2021 में श्रीलंका के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में भारत का प्रतिनिधित्व किया था और तब से ही वे राष्ट्रीय टीम से बाहर चल हैं।

# आकिब नबी का सरे के लिए काउंटी चैम्पियनशिप में पदार्पण

एजेंसी

**लंदन :** भारतीय तेज गेंदबाज आकिब नबी ने बुधवार को सरे की ओर से यॉर्कशायर के खिलाफ काउंटी चैंपियनशिप में पदार्पण किया। 29 वर्षीय नबी तीन मैचों के लिए सरे से जुड़े हैं और उनका लक्ष्य टीम के गेंदबाजी आक्रमण को मजबूती देना है। नबी को द ओवल में डिवीजन-1 के मुकाबले के लिए सरे की अंतिम एकादश में शामिल किया गया है। वह इसके बाद होव में ससेक्स और फिर घरेलू मैदान पर ग्लेमॉर्गन के खिलाफ होने वाले मुकाबलों के लिए भी उपलब्ध रहेंगे। नबी ने जम्मू-कश्मीर की ओर से शानदार घरेलू सत्र में रणजी ट्रॉफी का खिताब जीतने में अहम भूमिका निभाई थी। उन्हें टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था। उन्होंने 60 विकेट हासिल किए और उनका गेंदबाजी औसत 12.56 रहा। फाइनल में भी उन्होंने पांच विकेट लेकर जम्मू-कश्मीर को पहली बार रणजी ट्रॉफी चैंपियन बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके शानदार प्रदर्शन के बाद उन्हें श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए पहली बार भारतीय टीम में शामिल किया गया था। इससे पहले वह गर्मियों में भारत ए का प्रतिनिधित्व कर चुके थे। हालांकि उन्हें अंतरराष्ट्रीय पदार्पण का मौका नहीं मिला लेकिन राष्ट्रीय टीम में चयन ने लाल गेंद क्रिकेट में उनके तेजी से बढ़ते कद को दर्शाया।



## इंडोनेशिया मास्टर्स सुपर 100

# प्रणय ने अंतिम-16 में बनायी जगह, खड़ब और चालीहा भी जीतीं

एजेंसी

**जकार्ता :** शीर्ष वरीयता प्राप्त एच. एस. प्रणय ने बुधवार को एक गेम से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए इंडोनेशिया मास्टर्स सुपर 100 बैडमिंटन टूनार्मेंट के पुरुष एकल के अंतिम-16 में जगह बना ली। विश्व के 39वें नंबर के प्रणय ने चीनी ताइपे के लियाओ झुओ-फू को एक घंटे चार मिनट चले मुकाबले में 18-21, 21-15, 21-19 से हराया। पहला गेम गंवाने के बाद प्रणय ने दूसरे गेम में बेहतर खेल दिखाया और मुकाबला बराबरी पर ला दिया। निर्णायक गेम में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ा संघर्ष हुआ लेकिन प्रणय ने दबाव में बेहतर प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। प्रणय को शुरूआती दौर में बाई मिली थी। वह आखिरी बार जुलाई के अंत में ताइपे ओपन में खेले थे, जहां उन्हें अंतिम-16 में हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद उन्हें नई दिल्ली में आयोजित बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में जगह नहीं मिली थी। अंतिम-16 में प्रणय का सामना चीन के शुआन चेन झू से होगा।



### चालीहा और खड़ब भी अंतिम-16 में

**महिला** एकल में शीर्ष वरीयता प्राप्त अस्मिता चालीहा ने थाईलैंड की पोर्नपिचा चोइकीवोंग को 21-17, 23-21 से हराकर अंतिम-16 में प्रवेश किया। तीसरी वरीयता प्राप्त अनमोल खड़ब ने हांगकांग की लियांग का विंग को 21-17, 21-9 से हराया। वहीं, इलिशा पाल ने हमवतन आकर्षि कश्यप को 21-13, 21-7 से शिकस्त दी।

# खेल महोत्सव के उत्कृष्ट प्रतिभागियों को मेडल व मोमेंटो देकर किया सम्मानित



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**चौपारण :** के.बी.एस.एस. प्लस टू उच्च विद्यालय, चौपारण में आयोजित तीन दिवसीय खेल महोत्सव के उत्कृष्ट प्रतिभागियों को बुधवार को मेडल एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय परिसर में 27, 29 और 30 अगस्त को आयोजित खेल महोत्सव प्रभारी प्रधानाध्यापक कालीचरण राम की अध्यक्षता तथा खेल सह नोडल शिक्षक किशन कुमार एवं शिक्षिका सुभाषिनी कुमारी के मार्गदर्शन में हुआ। प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने विभिन्न खेलों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आयोजन के दौरान खिलाड़ियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और खेल भावना देखने को मिली। बुधवार को आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मेडल एवं मोमेंटो प्रदान किए गए। इस अवसर पर प्रभारी प्रधानाध्यापक कालीचरण राम ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के शारीरिक और मानसिक विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों से पढ़ाई के साथ खेल गतिविधियों में भी सक्रिय भागीदारी करने का आह्वान किया।

## कुश्ती में बहादुरगढ़ की धाक, दो पहलवान भारतीय टीम में शामिल

# हिन्द केसरी सोनू पहलवान अखाड़े के हैं दोनों पहलवान

- हरदीप और रोहित का अंडर-23 भारतीय कुश्ती टीम में चयन, लॉस एंजिलस में दिखायेंगे दमखम

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**बहादुरगढ़ :** बहादुरगढ़ की कुश्ती के लिए बड़ी उपलब्धि सामने आई है। हिन्द केसरी सोनू पहलवान अखाड़े के दो युवा पहलवानों हरदीप और रोहित का अंडर-23 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में चयन हुआ है। हरदीप ग्रीको-रोमन के 130 किलोग्राम, जबकि रोहित फ्रीस्टाइल के 57 किलोग्राम भारवर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। लखनऊ में आयोजित चयन प्रतियोगिता में दोनों पहलवानों ने अपने-अपने भारवर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए भारतीय टीम में जगह बनाई। अंडर-23 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप का आयोजन अमेरिका के लॉस एंजिलस में 12 से 18 अक्टूबर तक होगा। दोनों पहलवान हिन्द केसरी सोनू पहलवान अखाड़े में अर्जुन अवार्डी पहलवान एवं कोच धर्मेंद्र दलाल के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण ले रहे हैं। कोच धर्मेंद्र दलाल ने बताया कि दोनों पहलवानों ने कड़ी मेहनत और लगन के दम पर यह मुकाम हासिल किया है। रोहित पहले ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा साबित कर चुका है। जूनियर नेशनल चैंपियन होने के साथ उसने जूनियर एशिया चैंपियनशिप में कांस्य पदक हासिल किया है, जबकि सब-जूनियर एशिया और विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक जीत चुका है। इसी तरह हरदीप इसी वर्ष अंडर-23 एशिया चैंपियनशिप में कांस्य पदक अपने नाम किया। इसके अलावा हरदीप सब-जूनियर एशिया और विश्व चैंपियन भी है। दोनों पहलवानों के भारतीय टीम में चयन की खबर मिलते ही हिन्द केसरी सोनू पहलवान अखाड़े में खुशी का माहौल बन गया।



# मुखिया प्रतिनिधि ने खिलाड़ियों के बीच खेल सामग्री का किया वितरण

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**चौपारण :** चौपारण पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सह पूर्व मुखिया बिनोद कुमार सिंह ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके बीच खेल किट सामग्री का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है। खेल न केवल शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाता है, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता का भी विकास करता है। उन्होंने खिलाड़ियों से नियमित अभ्यास करने और विभिन्न प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन करने का आह्वान किया। खिलाड़ियों ने खेल सामग्री मिलने पर खुशी जताते हुए इसके लिए बिनोद कुमार सिंह का आभार व्यक्त किया। स्थानीय लोगों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए इसे खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने की दिशा में प्रेरणादायक कदम बताया।



## शहीद एतवा उरांव फुटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे दिन हुए छह रोमांचक मुकाबले

# एनएफसी पोखरटोली, एसके ब्रदर्स सहित चार टीमें पहुंचीं क्वार्टर फाइनल में

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची :** शहीद एतवा उरांव स्मारक न्यास के तत्वावधान में रांची जिला अंतर्गत मांडर प्रखंड के बुढ़ाखुखरा स्थित खेल मैदान में आयोजित शहीद एतवा उरांव फुटबॉल टूर्नामेंट-2026 के दूसरे दिन बुधवार को कई रोमांचक मुकाबले खेले गये। टूर्नामेंट के दौरान पहले और दूसरे चक्र के मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। पहले मुकाबले में एनएफसी पोखरटोली ने 11 जेन जी को 3-0 गोल से पराजित किया। दूसरे मुकाबले में 11 स्टार सतकानंदू और ट्रेवल एफए झिंझरी के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। निर्धारित समय तक निर्णय नहीं होने पर टाईब्रेकर का सहारा लिया गया, जिसमें ट्रेवल एफए झिंझरी ने 5-4 गोल से जीत दर्ज की। तीसरे मुकाबले में टीवीएस शोरूम मांडर और डायमंड एफसी सरगांव आमने-सामने थे। इस मुकाबले का फैसला भी टाईब्रेकर से हुआ, जिसमें डायमंड एफसी सरगांव ने 5-4 गोल से जीत हासिल की। चौथे मुकाबले में एसके ब्रदर्स ने लोयो सुपर किंग को 1-0 गोल से पराजित कर अगले चक्र में प्रवेश किया।



### दूसरे चक्र में दो टीमों ने किया क्वार्टर फाइनल में प्रवेश

**दूसरे** चक्र के पांचवें मुकाबले में एनएफसी पोखरटोली और ट्रेवल एफए झिंझरी के बीच कांटे की टक्कर हुई। टाईब्रेकर में एनएफसी पोखरटोली ने 6-5 गोल से जीत दर्ज कर क्वार्टर फाइनल में जगह बनायी। छठे मुकाबले में डायमंड एफसी सरगांव और एसके ब्रदर्स के बीच मुकाबला हुआ। इसमें एसके ब्रदर्स ने 1-0 गोल से जीत दर्ज करते हुए क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं, टूर्नामेंट में संत जेवियर कॉलेज मांडर और जय मसीह लोयो की टीमें एक सितम्बर को ही क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर चुकी हैं। अब तक कुल चार टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंच चुकी हैं।

## एक झलक

### बीएचईएल ने भारत सरकार को 283.56 करोड़ रुपये का दिया अंतिम लाभांश

**हरिद्वार :** भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) ने भारत सरकार को वर्ष 2025-26 के लिए 283 .56 करोड़ रुपये का अंतिम लाभांश दिया है। इस संबंध में, भारत सरकार द्वारा धारित इक्विटी (58 .17 प्रतिशत) पर अंतिम लाभांश के लिए एक चेक, एच.डी. कुमारस्वामी, केंद्रीय मंत्री (भारी उद्योग एवं इस्पात) को के. सदाशिव मूर्ति, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, बीएचईएल के सदाशिव मूर्ति द्वारा, कामरान रिजवी, सचिव (एचआई) की उपस्थिति में प्रदान किया गया। बीएचईएल की हरिद्वार इकाई के संचार एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा बुधवार। को जारी विज्ञप्ति में उपरोक्त जानकारी देते हुए बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 283 .56 करोड़ रुपये की लाभांश राशि, वित्तीय वर्ष 2024-25 की लाभांश राशि से ढाई गुने से भी अधिक है। इस अवसर पर बीएचईएल के निदेशक और भारी उद्योग मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए कंपनी के शेयरधारकों को दिया गया कुल लाभांश 487 .49 करोड़ रुपये है।

### प्रणव कंस्ट्रक्शंस लिमिटेड का आईपीओ 07 सितम्बर को खुलेगा

**नयी दिल्ली/मुंबई :** प्रणव कंस्ट्रक्शंस लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 07 सितंबर को खुलेगा। इसमें निवेश के लिए निवेशक 09 सितंबर तक बोली लगा सकते हैं। इसके लिए मूल्य का दायरा (प्राइस बैंड) 118-124 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। कंपनी ने बुधवार को प्रेसवार्ता में बताया कि प्रणव कंस्ट्रक्शंस लिमिटेड का आईपीओ 07 सितंबर को खुलेगा और 09 सितंबर को बंद होगा। इसमें निवेश के लिए एंकर निवेशक 4 सितंबर को बोली लगा सकते हैं। कंपनी ने इसके लिए मूल्य का दायरा (प्राइस बैंड) 118-124 रुपये प्रति शेयर तय किया है। प्रणव कंस्ट्रक्शंस लिमिटेड का यह आईपीओ 3,156.00 मिलियन तक का फ्रेश इश्यू है, जिसमें इन्वेस्टर शेयरहोल्डर-बायो ऊर्जा इंडिया इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा कुल 2,856,869 इक्विटी शेयरों की बिक्री का प्रस्ताव (ओएफएस) भी शामिल है। कंपनी के अनुसार 10 रुपये अंकित मूल्य वाले इस इश्यू में निवेशक न्यूनतम 120 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 120 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोली लगा सकते हैं। इसके शेयरों का एनएसई और बीएसई दोनों पर सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2003 में बनी यह कंपनी रियल एस्टेट के क्षेत्र में बड़ी कंपनी है।

### भारत-अफगानिस्तान व्यापार कस्टम और कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने पर सहमत

**नयी दिल्ली :** भारत और अफगानिस्तान संयुक्त कार्य समूह ने दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार एवं आर्थिक सहयोग और मजबूत करने के उपायों की समीक्षा के लिए वर्चुअल माध्यम से बैठक की। संयुक्त कार्यसमूह ने इस बैठक में व्यापार सुगमता, सीमा शुल्क सहयोग, संपर्क और निवेश पर चर्चा की। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने बुधवार को जारी बयान में बताया कि व्यापार, वाणिज्य और निवेश पर भारत और अफगानिस्तान संयुक्त कार्यसमूह (जेडब्ल्यूजी) की बैठक मंगलवार को वर्चुअल माध्यम से आयोजित की गई। जिसमें द्विपक्षीय व्यापार और आर्थिक सहयोग को सुदृढ़ करने के उपायों की समीक्षा की गई। बैठक में दोनों देशों ने वाणिज्यिक गतिविधियों को मजबूत करने के लिए आगे की कार्यवाहियों पर सहमति व्यक्त की। मंत्रालय के मुताबिक बैठक में भारत और अफगानिस्तान के अधिकारियों ने भाग लिया, जिनमें वाणिज्य, उद्योग, सीमा शुल्क, नियामक प्राधिकरणों और राजनयिक मिशनों के प्रतिनिधि शामिल थे। बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय व्यापार और आर्थिक सहयोग से संबंधित विभिन्न मुद्दों की समीक्षा की और व्यापार को पहले से अधिक सुविधाजनक बनाने तथा दोनों देशों के बीच वाणिज्यिक संबंधों को मजबूत करने के उपायों पर चर्चा की।

# रिकवरी के बावजूद गिरावट के साथ बंद हुआ शेयर बाजार



**नयी दिल्ली :** अमेरिका और ईरान के बीच तनाव बढ़ने और अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में तेजी आने के कारण दुनिया भर के शेयर बाजार में कोहराम मचा रहा। भारतीय शेयर बाजार भी शुरुआती कारोबार में ही कच्चे तेल की उबाल में झुलस गया। हालांकि बाद में खरीदारों ने लिवाली का जोर बना कर सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों को काफी सहारा भी दिया, जिसकी वजह से ये दोनों सूचकांक निचले स्तर से कुछ हद तक रिकवरी में सफल रहे। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.49 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। इसी तरह निफ्टी ने 0.59 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार का अंत किया। बाजार में आई कमजोरी के कारण बीएसई में लिस्टेड कंपनियों के मार्केट कैप में 2.77 लाख करोड़ रुपये की गिरावट आ गई। बीएसई का सेंसेक्स आज 472.96 अंक यानी 0.61 प्रतिशत टूट कर 76,471.32 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही बाजार में बिकवाली का दबाव बन गया, जिसके कारण थोड़ी देर में ही यह सूचकांक 808.56 अंक यानी 1.05 प्रतिशत लुढ़क कर 76,135.72 अंक के स्तर पर आ गया। इसके बाद बाजार में खरीदारों में एक्टिव होकर लिवाली शुरू कर दी, जिससे सेंसेक्स की चाल में सुधार होने लगा। लिवाली के सपोर्ट से सुबह 10:30 बजे तक यह सूचकांक रिकवर कर 76,505.40 अंक के स्तर तक आ गया। इसके बाद बाजार में एक बार फिर बिकवाली का दबाव बन गया, जिसकी वजह से इस सूचकांक की कमजोरी दोबारा बढ़ने लगी। हालांकि दोपहर 12 बजे के बाद खरीदारों ने एकबार फिर लिवाली का जोर बनाया। खासकर, शाम तीन बजे के बाद खरीदारों ने चौतरफा लिवाली शुरू कर दी, जिसके कारण सेंसेक्स दिन के निचले स्तर से 434.63 अंक की रिकवरी कर 373.93 अंक यानी 0.49 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 76,570.35 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स की तरह एनएसई के निफ्टी ने आज 197.80 अंक यानी 0.82 प्रतिशत फिसल कर 23,858 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलते ही बिकवाली का दबाव बनने के कारण यह सूचकांक थोड़ी देर में ही 269 अंक यानी 1.12 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 23,786.80 अंक के स्तर तक आ गया। इसके बाद खरीदारों ने लिवाली शुरू कर दी। खरीदारी के सपोर्ट से सुबह 10:30 बजे के करीब निफ्टी उछल कर 23,884.95 अंक तक पहुंचा। हालांकि बाजार में खरीदारी का ये सिलसिला अधिक देर तक जारी नहीं रह सका। बाजार में एकबार फिर बिकवाली का दबाव बन गया, जिसके कारण निफ्टी की कमजोरी बढ़ने लगी। दिन का पहला सत्र खत्म होने तक बाजार में बिकवाली का दबाव बना रहा, लेकिन दोपहर 12 बजे के बाद खरीदार एक्टिव होकर लिवाली करने लगे। खासकर, आखिरी आधे घंटे के कारोबार में चौतरफा लिवाली शुरू हो जाने के कारण निफ्टी दिन के निचले स्तर से 127.65 अंक सुधर कर 141.35 अंक यानी 0.59 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,914.45 अंक के स्तर पर बंद हुआ। दिनभर के कारोबार के दौरान ऑटोमोबाइल, आईटी और कैपिटल गुड्स सेक्टर के शेयरों की जम कर बिकवाली होती रही। बिकवाली के दबाव में निफ्टी का ऑटोमोबाइल इंडेक्स 1.79 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। इसी तरह निफ्टी का आईटी इंडेक्स 1.25 प्रतिशत की गिरावट का शिकार हो गया। जबकि बीएसई के कैपिटल गुड्स इंडेक्स ने 1.08 प्रतिशत टूट कर आज के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा मीडिया, बैंकिंग, कंज्यूमर ड्युरेबल्स, एफएमसीजी और हेल्थकेयर इंडेक्स भी गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए। दूसरी ओर, एनर्जी, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, ऑयल एंड गैस और मेटल सेक्टर के शेयरों में आज खरीदारों का पलड़ा भारी रहा। वहीं ब्रॉडर मार्केट में आज बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसके कारण निफ्टी का मिडकैप इंडेक्स 0.53 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.37 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार का अंत किया।

## सैमसंग ने गैलेक्सी बुक6 लाइनअप का किया विस्तार, अब ज्यादा लोगों की पहुंच में





**रांची :** सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने नया 14 इंच गैलेक्सी बुक6 पेश किया है। 799 डॉलर की शुरूआती कीमत वाला यह लैपटॉप रोजमर्रा के कामों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। इसमें 25 घंटे तक की बैटरी, नए इंटेल® कोर™ सीरीज 3 प्रोसेसर, गैलेक्सी एआई फीचर्स और गैलेक्सी इकोसिस्टम से जुड़े अनुभव मिलते हैं। गैलेक्सी बुक6 में 45 वॉट फास्ट चार्जिंग दी गयी है, जो 30 मिनट में करीब 33 प्रतिशत तक बैटरी चार्ज कर सकती है। इसका 16:10 डिस्प्ले डॉक्यूमेंट, वेब ब्राउजिंग और मल्टीटास्किंग के लिए अधिक स्क्रीन स्पेस देता है। एंटी-ग्लेयर तकनीक स्क्रीन पर पड़ने वाली चमक को कम करती है। सिर्फ 15.7 मिमी पतला और 1.35 किलोग्राम वजन वाला यह लैपटॉप वायलट सिल्वर और क्लासिक ग्रे रंगों में उपलब्ध है। इसमें दो यूएसबी टाइप-सी पोर्ट, यूएसबी टाइप-ए, एचडीएमआई 1.4 और 3.5 मिमी हेडफोन जैक दिये गये हैं। गैलेक्सी बुक6 में एआई सेलेक्ट, एआई कट आउट और नोट असिस्ट जैसे फीचर्स मिलते हैं। मल्टी कंट्रोल, सेकंड स्क्रीन, नियरबाय डिवाइसेज और लिंक टू विंडोज जैसे फीचर्स से अलग-अलग गैलेक्सी डिवाइस के बीच काम करना आसान होता है। गैलेक्सी बुक6 चुनिंदा बाजारों में उपलब्ध है। इसमें 8GB या 16GB मेमोरी तथा 256GB, 512GB और 1TB SSD विकल्प मिलते हैं।

### जीडीपी अनुमान की नयी पद्धति का केन्द्र ने किया बचाव

**नयी दिल्ली :** केन्द्र सरकार ने वित्त वर्ष 2026-27 की (अप्रैल-जून) पहली तिमाही के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) अनुमानों में किए गए बदलावों व नई पद्धति के बारे में विस्तार से जानकारी दी है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) ने हाल में जारी देश की आर्थिक वृद्धि के अनुमानों की पद्धति का बचाव करते हुए बुधवार को कहा कि पिछले वित्त वर्ष के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में संशोधन और विभिन्न मूल्य सूचकांकों में अंतर अद्यतन आंकड़ों तथा अनुमान लगाने की बेहतर तकनीकों को दर्शाते हैं, न कि यह मुख्य वृद्धि दर को कृत्रिम रूप से बढ़ाने का प्रयास है। एमओएसपीआई का यह स्पष्टीकरण सरकार द्वारा 2022-23 को आधार वर्ष बनाकर वार्षिक और तिमाही जीडीपी अनुमानों की नई श्रृंखला के जारी किये जाने के दो दिनों बाद आया है।

## सीतारमण ने की विश्व बैंक प्रमुख अजय बंगा से मुलाकात, सहयोग बढ़ाने पर चर्चा




**वॉशिंगटन :** केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा से मुलाकात कर भारत तथा इस अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्था के बीच सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। वित्त मंत्रालय ने बुधवार को एक्स पोस्ट में बताया कि सीतारमण ने मंगलवार को एशविले में जी20 सदस्य देशों के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक गवर्नर (एफएमसीबीजी) की बैठक से इतर विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा मुलाकात की। वित्त मंत्री ने भारत के साथ वर्ल्ड बैंक ग्रुप के लगातार जुड़ाव की सराहना की और 1.5 अरब डॉलर की डेवलपमेंट पॉलिसी फाइनेंसिंग (डीपीएफ) की तेजी से प्रोसेसिंग को सराहा। इस मुलाकात के दौरान सीतारमण ने सिडबी के जरिए एमएसएमई को आईएफसी से मिले सहयोग की भी तारीफ की। इस प्रक्रिया को रिकॉर्ड समय में पूरा किया गया और इसका एमएसएमई सेक्टर पर सकारात्मक असर पड़ा है। दोनों नेताओं ने भारत-वर्ल्ड बैंक समूह की साझेदारी को और मजबूत करने पर चर्चा की। इसमें भारत में एमआईजीए की बड़ी भूमिका पर विचार करना भी शामिल था, ताकि गारंटी के व्यवस्थित इस्तेमाल और प्राइवेट कैपिटल को ज्यादा जुटाकर कॉर्पोरेट, इंफ्रास्ट्रक्चर और म्युनिसिपल बॉन्ड मार्केट को गहरा किया जा सके। वित्त मंत्रालय ने बताया कि बातचीत में इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए क्रेडिट बढ़ाने के वास्ते सेक्टर-आधारित, प्रोग्राम-आधारित अप्रोच पर भी चर्चा हुई। बंगा ने भारत के इंफ्रास्ट्रक्चर में आए बड़े बदलाव की सराहना की और भारत के विकास लक्ष्यों को पूरा करने के लिए वर्ल्ड बैंक ग्रुप के साधनों का और फायदा उठाने के मौकों पर ध्यान दिया। इसमें एमआईजीए की भागीदारी और विदेशों में निवेश करने वाली भारतीय कंपनियों के लिए पॉलिटिकल रिस्क इंश्योरेंस शामिल है। वित्त मंत्री सीतारमण ने भारत में 'ग्लोबल डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर नॉलेज हब' बनाने के लिए वर्ल्ड बैंक ग्रुप के साथ भारत के जुड़ाव पर भी जोर दिया। इसमें खेती जैसे क्षेत्रों में टेक्नोलॉजी का फायदा उठाने के मौकों पर विचार करना शामिल है। उन्होंने इसके लॉन्च की दिशा में जल्द प्रगति की उम्मीद जताई। इसके अलावा सीतारमण ने नए भारत-वर्ल्ड बैंक ग्रुप कंट्री पार्टनरशिप फ्रेमवर्क के तहत विश्व-स्तरीय टूरिज्म डेस्टिनेशन विकसित करने पर भी चर्चा की। इसके लिए आईबीआरडी की पॉलिसी और इंफ्रास्ट्रक्चर सपोर्ट, आईएफसी के निवेश और एमआईजीए की गारंटी को मिलाकर एक समन्वित अप्रोच अपनाने की बात हुई।

## जापानी रेटिंग एजेंसी ने भारत की सॉवरेन रेटिंग बढ़ा करा 'ए-' की




**नयी दिल्ली :** अर्थव्यस्था के मोर्चे पर अच्छी खबर है। जापान की क्रेडिट रेटिंग एजेंसी (जेसीआरए) ने भारत की सॉवरेन रेटिंग को एक पायदान बढ़ाकर बीबीबी+ से ए- कर दिया है। इससे पहले जेसीआर ने भारत को 'बीबीबी+' रेटिंग दी थी। जापान की साख निर्धारण एजेंसी जेसीआर ने बुधवार को स्थिर परिदृश्य के साथ भारत की रेटिंग को एक पायदान बढ़ाकर 'ए-' कर दी। एजेंसी ने जारी एक बयान में रेटिंग बढ़ाने के पीछे भारत की 'मजबूत' आर्थिक वृद्धि और वित्तीय स्थिति में सुधार को प्रमुख कारण बताया है। रेटिंग एजेंसी जेसीआर ने कहा कि 140 करोड़ से अधिक की आबादी और मौजूदा मूल्य पर 3.9 लाख करोड़ डॉलर की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वाली भारतीय अर्थव्यवस्था के चालू वित्त वर्ष 2026-27 में छह फीसदी से अधिक की उच्च वृद्धि दर बनाए रखने की उम्मीद है। जेसीआरए ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने लगभग सात फीसदी की उच्च वृद्धि दर को बनाए रखी है। यह मजबूत निजी खपत और सार्वजनिक निवेश से समर्थित है। भारत सरकार ने उत्पादकता वृद्धि और आर्थिक विकास के लिए नीतियां भी लागू की हैं। इनमें डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना का विकास और वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) का कार्यान्वयन शामिल है।
एजेंसी ने बताया कि भारत सरकार ने उत्पादकता वृद्धि और आर्थिक विकास के अनुकूल नीतियों को लगातार लागू किया है। इनमें डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे का विकास और माल एवं सेवा कर (जीएसटी) को लागू करना शामिल है। इससे देश की आर्थिक बुनियाद पहले से मजबूत हुई है। जेसीआर ने गैर-बैंकिंग वित्तीय क्षेत्र की वित्तीय स्थिति में सुधार का भी उल्लेख किया। इससे हाल के वर्षों में भारत की वित्तीय प्रणाली की मजबूती में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। रेटिंग एजेंसी ने कहा, भारत की ठोस आर्थिक वृद्धि, वृद्धि की बुनियाद मजबूत करने वाली आर्थिक नीतियों की दक्षता और वित्तीय प्रणाली की बेहतर मजबूती को देखते हुए जेसीआर ने भारत की विदेशी मुद्रा और स्थानीय मुद्रा में दीर्घकालिक जारीकर्ता साख को एक पायदान बढ़ाकर 'ए-' कर दिया है।

### नायडू ने 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' के लिए एनओसी प्रक्रिया को आसान बनाने पर दिया जोर

**नयी दिल्ली :** केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू ने 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) जारी करने की प्रक्रिया सरल बनाने के उपायों की समीक्षा की। उन्होंने इसे 15 दिनों के भीतर समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान में बताया कि नागर विमानन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू ने नागर विमानन मंत्रालय और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में नायडू ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे उपरोक्त उपायों सहित एनओसी प्रक्रिया को सरल बनाने, स्वचालित करने और विकेंद्रीकृत करने के तौर-तरीकों की जांच करें और उन पर काम करें तथा 15 दिनों की समय सीमा के भीतर उनके कार्यान्वयन के लिए आवश्यक कार्रवाई करें। बैठक में नागर विमानन क्षेत्र में व्यापार करने में आसानी को बढ़ावा देने के उपायों की समीक्षा की गयी, जिसमें अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) जारी करने की प्रक्रिया को सरल और सुव्यवस्थित बनाने पर विशेष जोर दिया गया।

## पुराने लैपटॉप-डेस्कटॉप बनेंगे और भी पावरफुल, JioPC देगा 16GB RAM और 1TB तक स्टोरेज

- सभी इंटरनेट यूजर्स के लिए उपलब्ध
- 08 साल पुराने कंप्यूटर को भी AI-ready बनाने का दावा, प्लान 1,000 से शुरू




**नयी दिल्ली :** पुराना लैपटॉप या डेस्कटॉप स्लो हो गया है, तो तुरंत नया खरीदने की जरूरत शायद न पड़े। रिलायंस जियो का खड्डढउ आपके पुराने कम्प्यूटर को क्लाउड की ताकत से ज्यादा पावरफुल बनायेगा। यूजर अपने मौजूदा लैपटॉप या डेस्कटॉप पर 16GB तक RAM और 1TB तक स्टोरेज एक्सेस कर सकेंगे, वह भी बिना नया हार्डवेयर खरीदे। JioPC की सर्विस, एक स्टैंडअलोन सब्सक्रिप्शन के तौर पर कोई भी इंटरनेट यूजर ले सकता है। यानी इंटरनेट कनेक्शन किसी भी टेलीकॉम या ब्रॉडबैंड कम्पनी का हो, JioPC इस्तेमाल किया जा सकेगा। कम्पनी के मुताबिक इसे पांच मिनट से भी कम समय में एक्टिव किया जा सकता है। इसके लिए न डेटा माइग्रेशन की जरूरत है और न नया हार्डवेयर लगाने की। बताते चलें कि पहले JioPC सिर्फ जियो होम ब्रॉडबैंड ग्राहकों तक सीमित था। जियो का दावा है कि JioPC पुराने कम्प्यूटर को इतना पावरफुल बना सकता है कि अक से जुड़ी भारी प्रोसेसिंग और स्टोरेज की जरूरतें भी आसानी से पूरी की जा सकें। इसके लिए कम्प्यूटिंग का बड़ा हिस्सा JioPC के क्लाउड पर होगा। कम्पनी के मुताबिक 08 साल पुराना कम्प्यूटर भी आज के अक-पॉवर्ड ऐप्स के लिए जरूरी परफॉर्मेंस, स्टोरेज और क्षमताएं हासिल कर सकता है।

JioPC के प्लान 1,000 से शुरू होंगे। 8GB RAM और 500GB स्टोरेज वाला दो महीने का प्लान 1,000 में मिलेगा, जबकि 16GB RAM और 1TB स्टोरेज वाले JioPC Ultra की कीमत दो महीने के लिए 1,200 है। पांच महीने के प्लान क्रमशः 2,000 और 2,500 में मिलेंगे। वहीं, 12 महीने यानी 10+2 महीने के प्लान की कीमत 4,000 और 5,000 रखी गयी है। सभी कीमतों में GST शामिल है।
JioPC क्लाउड पर चलता है, इसलिए इसके लिए अच्छा और स्थिर इंटरनेट कनेक्शन जरूरी होगा। ब्रॉडबैंड के अलावा भरोसेमंद 4G या 5G कनेक्शन पर भी इसका इस्तेमाल किया जा सकता है।

## पेज एक के शेष

**शहर की सुन्दरता और सुरक्षा पर हमारा विशेष जोर : हेमन्त...**
होना चाहिए, बल्कि राज्य के अन्य प्रमुख शहरों को भी सुनियोजित एवं आधुनिक सुविधाओं से युक्त शहर के रूप में विकसित करने की दिशा में कार्य किया जाये। उन्होंने निर्देश दिया कि शहरों को जोनवार विभाजित कर आबादी एवं स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप विकास की कार्ययोजना तैयार की जाये।

**सड़क निर्माण के साथ ड्रेनेज व्यवस्था को भी प्राथमिकता देने के निर्देश**
मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सड़क निर्माण की योजनाओं में जल निकासी की समुचित व्यवस्था को सड़क निर्माण का अभिन्न हिस्सा मानते हुए कार्य करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सड़क के दोनों किनारों पर सुव्यवस्थित एवं वैज्ञानिक तरीके से ड्रेनेज सिस्टम विकसित किया जाये तथा सड़क एवं ड्रेनेज की पूरी संरचना को एकीकृत रूप से डिजाइन किया जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि ड्रेनेज सिस्टम को सड़क की संरचना के अनुरूप पर्याप्त चौड़ाई एवं आवश्यक स्थान उपलब्ध कराया जाये, ताकि भविष्य में सड़क के किनारे अनियोजित निर्माण अथवा अतिक्रमण की स्थिति उत्पन्न न हो।
मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क के दोनों किनारों पर ड्रेनेज एवं पैदल आवागमन सहित आवश्यक सुविधाओं के लिए पर्याप्त स्थान का प्रावधान किया जाये। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण के दौरान भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त जगह का प्रावधान किया जाना आवश्यक है।
उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि सड़क की चौड़ाई, जल निकासी, पैदल यात्रियों की सुविधा एवं यातायात के सुचारु संचालन को ध्यान में रखते हुए समग्र डिजाइन तैयार किया जाये। विशेष रूप से बारिश के दौरान जलजमाव की समस्या वाले क्षेत्रों को चिह्नित कर वहां प्रभावी ड्रेनेज नेटवर्क विकसित किया जाये, ताकि जल निकासी निर्बाध रूप से हो सके और सड़कों पर पानी जमा होने के कारण यातायात बाधित न हो।
मुख्यमंत्री ने कहा कि ड्रेनेज सिस्टम केवल सड़क निर्माण के बाद की व्यवस्था न हो, बल्कि सड़क निर्माण की मूल परियोजना एवं डिजाइन का अनिवार्य हिस्सा हो। उन्होंने ये भी निर्देश दिये कि जहां पहले से सड़कें बनी हुई हैं, वहां जलजमाव एवं जल निकासी से संबंधित समस्याओं का तकनीकी अध्ययन कर आवश्यकतानुसार ड्रेनेज व्यवस्था को दुरुस्त किया जाये।
मुख्यमंत्री ने सड़क निर्माण एवं अन्य संचालित विकास कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा करने के सख्त निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में अनावश्यक विलम्ब किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगा। सभी विभाग एवं सम्बन्धित एजेंसियां आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए परियोजनाओं की नियमित निगरानी सुनिश्चित करें, ताकि निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण तरीके से निर्धारित समय में पूरा हो और इसका सीधा लाभ आम लोगों को मिल सके।

**वेंडर्स के लिए व्यवस्थित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश**
मुख्यमंत्री ने सड़क किनारे ठेला, गुमटी एवं अन्य स्वरोजगार के माध्यम से आजीविका चलानेवाले वेंडर्स को व्यवस्थित स्थान उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिये कि सभी वेंडर्स को चिह्नित करते हुए उनके लिए समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहर के प्रत्येक वार्ड में आवश्यकता के अनुरूप वेंडर मार्केट विकसित करने की दिशा में कार्य किया जाये, ताकि सड़क किनारे अनियोजित तरीके से लगने वाले बाजार एवं दुकानों के कारण होने वाले जाम और भीड़ की समस्या को कम किया जा सके। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि वेंडर्स की आजीविका प्रभावित न हो और उन्हें सम्मानजनक एवं व्यवस्थित स्थान उपलब्ध कराया जाये।

**यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने पर विशेष जोर**
मुख्यमंत्री ने रांची शहर की यातायात व्यवस्था को और अधिक सुचारू एवं व्यवस्थित बनाने के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिये। उन्होंने शहर में संचालित सभी बसों की संख्या, उनके रूट एवं समय-सारणी का समुचित डेटा तैयार करने को कहा, ताकि सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को बेहतर ढंग से संचालित किया जा सके और अनावश्यक भीड़ एवं यातायात दबाव को कम किया जा सके। उन्होंने शहर की सड़कों के बीच बने अनावश्यक कटों को चिन्हित कर उन्हें बंद करने तथा वाहनों के लिए निर्धारित चौक-चौराहों से ही सुरक्षित टर्निंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि अनावश्यक कट के कारण वाहनों की आवाजाही प्रभावित होती है और कई स्थानों पर यातायात व्यवस्था बाधित होती है। ऐसे सभी स्थानों का अध्ययन कर आवश्यक सुधार किया जाये।

**सड़क किनारे लटकते तार एवं अव्यवस्थित केबल को व्यवस्थित करने के निर्देश**
मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने रांची शहर को स्वच्छ, सुरक्षित एवं व्यवस्थित स्वरूप प्रदान करने के लिए सड़कों, गलियों एवं सार्वजनिक स्थानों पर लटक रहे बिजली, टेलीकॉम एवं अन्य केबल तारों को व्यवस्थित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि शहर की सड़कों एवं प्रमुख मार्गों पर खंभों में अव्यवस्थित तरीके से लिपटे तारों तथा पेड़ों की शाखाओं पर लटक रहे अनावश्यक एवं अनुपयोगी तारों को चिह्नित कर नियमानुसार हटाया जाते तथा उपयोग में आ रहे तारों को व्यवस्थित तरीके से लगाया जाये।
मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़कों के किनारे एवं चौक-चौराहों पर तारों का अनियोजित जाल शहर की सुन्दरता को प्रभावित करने के साथ-साथ आम लोगों की सुरक्षा के लिए भी गम्भीर समस्या उत्पन्न कर सकता है। इसलिए संबंधित विभाग एवं एजेंसियां आपसी समन्वय स्थापित कर ऐसे स्थानों का सर्वे करायें और लटकते एवं अव्यवस्थित तारों को प्राथमिकता के आधार पर व्यवस्थित करने की कार्रवाई सुनिश्चित करें।
उन्होंने निर्देश दिये कि नये केबल एवं अन्य विद्युत/संचार तार बिछाने के दौरान भी निर्धारित मानकों एवं तकनीकी प्रावधानों का पालन किया जाये। सड़कों के किनारे बार-बार खुदाई की स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए विभिन्न विभागों एवं सम्बन्धित एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर एक समेकित व्यवस्था विकसित की जाये। जहां सम्भव हो, केबल एवं अन्य उपयोगिताओं के लिए निर्धारित कॉरिडोर अथवा डक्ट की व्यवस्था करने की दिशा में भी कार्य किया जाये।
मुख्यमंत्री ने पेड़ों पर अनावश्यक रूप से लटक रहे तारों को हटाने तथा पेड़ों एवं हरित क्षेत्रों को नुकसान पहुंचाये बिना उपयोगी तारों को सुरक्षित एवं व्यवस्थित तरीके से लगाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि शहर के प्रमुख मार्गों, बाजार क्षेत्रों, आवासीय इलाकों एवं सार्वजनिक स्थलों पर इस कार्य को प्राथमिकता के साथ किया जाये।

**सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे को चिह्नित कर कार्रवाई के निर्देश**
मुख्यमंत्री ने सरकारी भूमि पर किये गये अवैध कब्जों को चिन्हित कर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सड़क किनारे अतिक्रमण एवं अनियोजित वेंडिंग की समस्या का समाधान करते हुए सम्बन्धित लोगों के लिए वैकल्पिक एवं व्यवस्थित स्थान उपलब्ध कराया जाये, ताकि शहर की यातायात व्यवस्था भी सुचारू रहे और लोगों की आजीविका भी प्रभावित न हो।
मुख्यमंत्री ने कहा कि रांची सहित राज्य के अन्य शहरों के विकास की योजना बनाते समय शहरी नियोजन, सड़क नेटवर्क, यातायात, ड्रेनेज, स्वच्छता, ठोस कचरा प्रबंधन, वेंडर व्यवस्था, सार्वजनिक परिवहन, पार्क एवं हरित क्षेत्र सहित सभी आवश्यक पहलुओं को समग्र रूप से शामिल किया जाये।
बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिये कि योजनाओं की नियमित निगरानी की जाये और निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्यों को समय पर पूरा कराया जाये। उन्होंने कहा कि शहरों का विकास केवल निर्माण कार्यों तक सीमित न हो, बल्कि नागरिकों को बेहतर, सुगम, सुरक्षित एवं व्यवस्थित शहरी सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है।
बैठक में मुख्य सचिव अविनाश कुमार, विकास आयुक्त अजय कुमार सिंह, प्रधान सचिव सुनील कुमार, उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजन्त्री, वरीय पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन सहित सम्बन्धित विभागों के वरीय पदाधिकारी एवं अधिकारी उपस्थित थे।

**झारखंड में स्वाइन फ्लू का बढ़ता प्रकोप, स्वास्थ्य विभाग अलर्ट...**
इसके अतिरिक्त, तमाम मेडिकल कॉलेज अस्पतालों और सदर अस्पतालों में कम से कम 10-10 अतिरिक्त बेड आरक्षित रखने के आदेश दिए गए हैं, जिसमें पर्याप्त ऑक्सीजन सप्लाई, आवश्यक दवाइयों का स्टॉक, आईसीयू/एचडीयू तथा 24 घंटे विशेषज्ञ डॉक्टरों एवं पैरामेडिकल स्टाफ की उपलब्धता सुनिश्चित की जायेगी। विभाग द्वारा इन्फ्लुएंजा जैसे लक्षणों वाली बीमारियों और गम्भीर श्वसन संक्रमण के मामलों पर भी पैनी नजर रखी जा रही है। डॉक्टर ने बताया कि एच1एन1 एक इन्फ्लुएंजा वायरस है और इससे घबराने की जरूरत नहीं है, लेकिन बुजुर्गों, छोटे बच्चों और पहले से गम्भीर बीमारियों जैसे कैंसर, डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर से ग्रस्त मरीजों को विशेष सतर्कता बरतनी चाहिए। चिकित्सकों के मुताबिक तेज बुखार, ठंड लगना, खांसी, गले में खराश, शरीर दर्द और बच्चों में उल्टी-दस्त इसके प्रमुख लक्षण हैं। लक्षण दिखने पर खुद से दवा लेने के बजाय तुरंत डॉक्टर से संपर्क करने की सलाह दी गयी है। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और समय पर इलाज से मरीज पूरी तरह स्वस्थ हो रहे हैं।

**राममंदिर के पहले सीईओ बने पूर्व एयर मार्शल जीतेन्द्र मिश्रा...**
मदन मोहन पांडेय राम जन्मभूमि के स्वामित्व विवाद मामले में रामलला की ओर से कानूनी पैरवी करने वाली टीम का हिस्सा रहे हैं। इलाहाबाद उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय में राम जन्मभूमि से जुड़े पक्ष की दलीलों में उनकी अहम भूमिका रही। पांडेय उत्तर प्रदेश के छह वर्षों तक अतिरिक्त महाधिवक्ता भी रह चुके हैं।
दूसरे सदस्य 68 वर्षीय महेश भागचंदका दिल्ली के कारोबारी हैं। वर्ष 2020 में राम मंदिर के भूमि पूजन और 22 जनवरी 2024 के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में वह यजमान भी रहे थे। स्नातक तक शिक्षा प्राप्त भागचंदका 'हिन्दुत्व के पुरोधा' पुस्तक के लेखक हैं। वर्ल्ड हिन्दू इकोनॉमिक फोरम की कार्यकारिणी के सदस्य भागचंदका राम वनगमन यात्रा से जुड़े 292 पवित्र तीर्थस्थलों में श्रीराम स्तम्भ की स्थापना कार्य से भी जुड़े रहे हैं।
ट्रस्ट की तीसरी सदस्य 66 वर्षीय डॉ. निर्मला यादव शिकोहाबाद की रहने वाली हैं। वह ट्रस्ट की पहली महिला सदस्य हैं। हिन्दी और संस्कृत में परास्नातक डॉ. यादव 19 वर्ष तक महाविद्यालय की प्राचार्य रही हैं।
राम मंदिर में चढ़ावा चोरी का मामला सामने आने के बाद दो जुलाई को ट्रस्ट के महासचिव चम्पत राय और ट्रस्टी अनिल मिश्रा ने इस्तीफा दे दिया था। उनके इस्तीफे के बाद रिटायर्ड आईएफएस कृष्ण मोहन को कार्यवाहक महासचिव बनाया गया था। ट्रस्ट ने पिछले दो माह की चुनौतीपूर्ण अवधि में महासचिव पद का कार्यभार सफलतापूर्वक निर्वहन करने के लिए कृष्ण मोहन की सराहना करते हुए उनके प्रति आभार प्रकट किया।
ट्रस्ट के मुताबिक बैठक में चढ़ावे की नकद राशि की गणना की प्रक्रिया में मानवीय हस्तक्षेप कम करने के निमित किए जा रहे प्रयासों पर चर्चा हुई। दो बैंकों और आईआईटी से इस सम्बन्ध में कुछ प्रस्ताव मिले हैं, जिनका मूल्यांकन कर शीघ्र ही तकनीकी सहायता से इस दिशा में प्रगति हो सकेगी।
ट्रस्ट ने चयन समिति के सदस्यों- न्यायमूर्ति (सेवानिवृत) प्रमोद कोहली, लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत) विष्णुकांत चतुर्वेदी, सुरेश हावड़े और समिति के सचिव समीर पंडा के प्रति अल्पकाल में साढ़े पांच हजार आवेदनों की जांच और सैकड़ों आवेदकों का साक्षात्कार कर इस कार्य को सम्पन्न करने के लिए आभार व्यक्त किया।
ट्रस्ट के मुताबिक वित्त वर्ष 2025-26 में कुल आय 237 करोड़ और व्यय 91 करोड़ रुपये रहा। इनके अतिरिक्त निर्माण आदि कार्यों पर 425 करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय हुआ। वर्ष के अंत 31 मार्च 2026 को ट्रस्ट के पास कुल उपलब्ध राशि 1882 करोड़ रुपये थी।

**मतदाता सूची में हेरफेर के लिए बना एसआईआर : सिब्बल...**
और दिल्ली में चल रही एसआईआर प्रक्रिया के पीछे ज्ञानेश कुमार का मकसद है, ताकि भाजपा के लोगों को उन मतदाताओं के नाम काटने का मौका मिल सके जो उन्हें वोट नहीं देते हैं, चाहे वे मुस्लिम हों या कांग्रेसी।
वरिष्ठ अधिवक्ता ने इस पर दुख व्यक्त किया कि अदालतें इस तरह के गम्भीर मुद्दों का संज्ञान नहीं ले रही हैं। उन्होंने जोर दिया कि यदि किसी गरीब व्यक्ति का नाम मतदाता सूची से कट जाता है, तब उस गरीब इंसान को भारी नुकसान होता है, क्योंकि उसके पास अपना नाम दोबारा जुड़वाने के लिए पर्याप्त साधन नहीं होते। इसलिए, सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट से इस हेरफेर को रोकने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया की शुचिता बनाये रखने का आग्रह किया है।

**सिन्दरी फूड सेफ्टी विभाग ने बीआईटी सिन्दरी के छात्रावासों के मेस का किया निरीक्षण...**
उन्होने बताया कि उपायुक्त धनबाद के निर्देश पर उनकी टीम जांच के लिए पहुंची थी। उन्होंने बताया कि संस्थान के निदेशक को पत्र जारी कर निर्देश दिये गये हैं कि सभी मेस संचालकों को छह दिनों में लाइसेंस बनवा लेना है; अन्यथा मेस संचालकों पर दस लाख रुपये का जुमार्ना और अभियोजन रद्द करने की चेतावनी दी गयी है।

## कोट्टायम रबर बोर्ड के अधिकारियों ने पत्रकारों के साथ साझा कीं अपनी योजनाएं, दी सिलसिलेवार जानकारी

# झारखंड के लिए सम्भावनाओं पर मंथन

(केरलम् से डॉ. विनय वर्मा)

- अधिकारियों ने की बिन्दुवार चर्चा
- बोर्ड की गम्भीरता हुई परिलक्षित
- कार्यप्रणाली व अन्य गतिविधियां बतायी गयीं



**कोट्टायम :** केरलम् का कोट्टायम रबर बोर्ड झारखंड के लिए सम्भावनाओं पर मंथन कर रहा है। प्राकृतिक रबर के उत्पादन, अनुसंधान, किसान प्रशिक्षण, तकनीकी सहायता और बाजार व्यवस्था समेत अन्य महत्त्वपूर्ण विषयों पर बोर्ड की गम्भीरता स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुई। पीआईबी, झारखंड की टीम के साथ झारखंड की राजधानी रांची से केरलम् पहुंची पत्रकारों की टीम के समक्ष कोट्टायम रबर बोर्ड के अधिकारियों ने झारखंड को संदर्भित कर अपनी बात रखी। इस दौरान रबर बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारियों ने झारखंड में रबर तथा इससे जुड़ीं गतिविधियों की सम्भावनाओं और आरआरआई-आईएमई, झारखंड के लिए अनुसंधान एवं तकनीकी सहयोग के विषय पर विस्तार से चर्चा की। एम. वसंथागेसन, आईआरएस, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, रबर बोर्ड, डॉ. देबब्रत राय, डायरेक्टर (रिसर्च), रबर बोर्ड, डॉ. कला, साइंटिस्ट, रबर बोर्ड, डॉ. शाजी फिलिप, साइंटिस्ट, रबर बोर्ड तथा बी. श्रीकुमार, डिप्टी डायरेक्टर (पब्लिसिटी/पब्लिक रिलेशंस), रबर बोर्ड के साथ हुई इस महत्त्वपूर्ण चर्चा में अधिकारियों ने रबर बोर्ड की कार्यप्रणाली और किसानों के लिए संचालित गतिविधियों की जानकारी दी। बताया गया कि किसानों को रबर की खेती के लिए वैज्ञानिक प्रशिक्षण देने के साथ-साथ पौधरोपण की सही विधि, उपयुक्त पौध सामग्री, पौधों के बीच उचित दूरी, उर्वरक प्रबंधन, रोग नियंत्रण और पेड़ों की देखभाल के सम्बन्ध में तकनीकी मार्गदर्शन बोर्ड उपलब्ध कराता है।

### रबर उत्पादन में टैपिंग तकनीक का विशेष महत्त्व

**रबर** उत्पादन में टैपिंग तकनीक का विशेष महत्त्व है। वैज्ञानिक तरीके से पेड़ की छाल से लेटेक्स निकालने की विधि किसानों को सिखाई जाती है, ताकि पेड़ को नुकसान न हो और कई वर्षों तक उसका उत्पादन जारी रहे। रबर की गुणवत्ता बेहतर बनाने और उत्पादन के बाद उसके उचित प्रसंस्करण पर भी बोर्ड की ओर से तकनीकी मार्गदर्शन दिया जाता है।
रबर बोर्ड के अनुसंधान विभाग द्वारा अधिक उत्पादन देने वाली तथा विभिन्न परिस्थितियों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले रबर की किस्मों और नयी तकनीकों पर लगातार काम किया जाता है। जलवायु परिवर्तन, रोग एवं कीटों से उत्पन्न चुनौतियों को देखते हुए भी अनुसंधान किया जा रहा है। किसानों को बाजार और रबर की कीमतों से जुड़ी जानकारी उपलब्ध कराने का काम भी बोर्ड की गतिविधियों का महत्त्वपूर्ण हिस्सा है।



रबर उत्पादन में वैज्ञानिक टैपिंग तकनीक की महत्त्वपूर्ण भूमिका है। किसानों को इस तरह टैपिंग करने का प्रशिक्षण दिया जाता है, जिससे पेड़ को कम से कम नुकसान हो और लम्बे समय तक उत्पादन प्राप्त किया जा सके। रबर की गुणवत्ता बनाये रखने, शीट एवं अन्य रूपों में प्रसंस्करण तथा बाजार से जुड़ी जानकारी उपलब्ध कराने पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है।
डायरेक्टर (रिसर्च) डॉ. देबब्रत राय और वैज्ञानिकों के साथ चर्चा में अनुसंधान की भूमिका प्रमुख रही। बेहतर उत्पादन देनेवाले रबर की किस्मों, नयी उत्पादन तकनीकों, रोग एवं कीट नियंत्रण तथा बदलती जलवायु परिस्थितियों के अनुरूप रबर उत्पादन को बेहतर बनाने के लिए किये जा रहे अनुसंधान के बारे में भी जानकारी दी गयी।
एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर एम. वसंथागेसन, आईआरएस के साथ चर्चा में विशेष रूप से यह समझने का प्रयास किया गया कि रबर बोर्ड का किसान-केन्द्रित मॉडल झारखंड में किस प्रकार उपयोगी हो सकता है। वहीं, डिप्टी डायरेक्टर (पब्लिसिटी/पब्लिक रिलेशंस), बी. श्रीकुमार से बोर्ड की गतिविधियों और किसानों तक तकनीकी जानकारी पहुंचाने की व्यवस्था के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त हुई।





चर्चा में झारखंड के लिए रबर बोर्ड के अनुभवों को उपयोगी बनाने तथा आरआरआई-आईएमई, झारखंड के माध्यम से अनुसंधान, प्रशिक्षण और तकनीकी सहयोग की सम्भावनाओं पर भी विचार किया गया। झारखंड की स्थानीय परिस्थितियों, उपलब्ध भूमि और प्राकृतिक संसाधनों को ध्यान में रखते हुए वैज्ञानिक संस्थाओं के सहयोग से नयी कृषि एवं प्राकृतिक संसाधन आधारित गतिविधियों को बढ़ावा देने की सम्भावनाएं तलाशने पर जोर दिया गया।

#### कृषि क्षेत्र के विकास के लिए केवल उत्पादन बढ़ाना पर्याप्त नहीं

**कोट्टायम** रबर बोर्ड के अध्ययन से यह स्पष्ट हुआ कि कृषि क्षेत्र के विकास के लिए केवल उत्पादन बढ़ाना पर्याप्त नहीं है। अनुसंधान, गुणवत्तापूर्ण पौध सामग्री, किसान प्रशिक्षण, वैज्ञानिक तकनीक, प्रसंस्करण और बाजार ; इन सभी को एक साथ जोड़ना आवश्यक है। केरलम् के इस अनुभव से झारखंड में भी किसानों की आय बढ़ाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए उपयोगी मॉडल विकसित किये जा सकते हैं।

#### बेहतर समन्वय से मिलेगा नयी कृषि गतिविधियों को बढ़ावा

**बातचीत** के दौरान झारखंड के संदर्भ में रबर बोर्ड के अनुभवों का उपयोग किस प्रकार किया जा सकता है, इस पर विशेष चर्चा हुई। झारखंड में प्राकृतिक संसाधनों और कृषि आधारित गतिविधियों के विस्तार की काफी सम्भावनाएं हैं। ऐसे में वैज्ञानिक संस्थानों, अनुसंधान केन्द्रों और किसानों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर नयी कृषि गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा सकता है।

#### समन्वय की सम्भावनाओं पर भी हुई चर्चा

**आरआरआई**-आईएमई, झारखंड के लिए भी अनुसंधान, प्रशिक्षण, तकनीकी सहयोग और विशेषज्ञ संस्थाओं के साथ समन्वय की सम्भावनाओं पर अधिकारियों के साथ चर्चा हुई। उद्देश्य यह रहा कि केरल में विकसित वैज्ञानिक मॉडल और अनुभवों को झारखंड की स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप किस तरह उपयोगी बनाया जा सकता है।
कोट्टायम रबर बोर्ड के अध्ययन से यह महत्त्वपूर्ण सीख मिली कि कृषि क्षेत्र को विकसित करने के लिए केवल उत्पादन बढ़ाना पर्याप्त नहीं है। अनुसंधान, अच्छी पौध सामग्री, किसान प्रशिक्षण, वैज्ञानिक तकनीक, गुणवत्ता, प्रसंस्करण और बाजार ; इन सभी को एक साथ जोड़ना जरूरी है। झारखंड में भी स्थानीय परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए ऐसी समन्वित व्यवस्था विकसित की जाये, तो किसानों की आय बढ़ाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में महत्त्वपूर्ण परिणाम हासिल किये जा सकते हैं।

## एक झलक

### एससीओ में आतंकवाद पर भारत के रुख को मिली बड़ी जीत

**बिश्केक :** शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के बिश्केक शिखर सम्मेलन में जारी घोषणापत्र ने आतंकवाद के मुद्दे पर भारत के पुराने और दृढ़ रुख को ऐतिहासिक मजबूती दी है। इस घोषणापत्र पर सभी सदस्य देशों की सर्वसम्मति और हस्ताक्षर भारत की उस नीति को रेखांकित करते हैं, जिसके तहत आतंकवाद के प्रति किसी भी तरह की नरमी अस्वीकार्य है। यह घोषणा पत्र भारत की उस लगातार मांग का समर्थन करता है कि आतंकवाद को लेकर किसी तरह का दोहरा मापदंड नहीं अपनाया जाना चाहिए। विदेश मंत्रालय के अनुसार, बिश्केक घोषणापत्र में सभी देशों ने आतंकवाद, अलगाववाद और चरमपंथ से निपटने की अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की है। इसमें स्पष्ट रूप से कहा गया है कि सदस्य देश आतंकवाद के सभी रूपों की कड़ी निंदा करते हैं और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में दोहरे मापदंड को पूरी तरह अस्वीकार्य मानते हैं। घोषणा में स्वार्थी उद्देश्यों के लिए आतंकी, अलगाववादी और चरमपंथी समूहों के उपयोग की निंदा करते हुए क्रॉस-बॉर्डर आतंकवादियों की आवाजाही सहित सभी आतंकी संगठनों के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र की केंद्रीय भूमिका के साथ सामूहिक कार्रवाई का आह्वान किया गया है। यह भाषा भारत की प्राथमिकताओं से पूरी तरह मेल खाती है।

### अमेरिका-ईरान तनाव फिर चरम पर

**तेहरान/वॉशिंगटन :** अमेरिका और ईरान के बीच तनाव एक बार फिर खतरनाक मोड़ पर पहुंच गया है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने ईरान के कई सैन्य ठिकानों पर हमले की पुष्टि करते हुए एयर डिफेंस साइट्स, रडार सिस्टम, समुद्री ठिकानों, माइन बिछाने की क्षमता और कम्युनिकेशन साइट्स को निशाना बनाने का दावा किया है। दूसरी ओर, ईरान ने आरोप लगाया है कि दक्षिणी ईरान के सिरिक इलाके में अमेरिकी हमले की चपेट में एक शादी समारोह भी आया, जिसमें कई लोगों की मौत और 50 से ज्यादा लोगों के घायल होने की बात कही गई है। ईरान के खुजस्तान प्रांत में भी अमेरिकी हमले में 7 लोगों की मौत और 8 लोगों के घायल होने का दावा किया गया है।

## बच्चों के बढ़ते अपहरण पर सख्त कानून की मांग, सुप्रीम कोर्ट में पीआईएल

- मानव तस्करी के मामलों में ओडिशा, बिहार, तेलंगाना और महाराष्ट्र

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** देश में बच्चों के बढ़ते अपहरण के मामलों पर लगाम लगाने के लिए कानून सख्त करने की मांग वाली जनहित याचिका बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में दाखिल हुई है। वकील अश्विनी उपाध्याय द्वारा दायर याचिका में संगठित गैर-कानूनी गोद लेने के रैकेट, अंतरराज्यीय चाइल्ड ट्रैफिकिंग नेटवर्क, और शोषण, अंगों की ट्रेडिंग व मेडिकल ट्रायल के लिए बच्चों के बड़े पैमाने पर अपहरण पर गंभीर चिंता जाहिर की गई। सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में आरोप लगाया गया है कि पुलिस लापता, किडनैप हुए और अगवा किए गए बच्चों के मामलों में तत्काल एफआईआर दर्ज करने और त्वरित जांच करने में असफल रही है। देर से जांच और लंबे ट्रायल के कारण संगठित किडनैपिंग माफिया को अपना गैर-कानूनी धंधा फलने-फूलने में मदद मिलती है।

## नक्सल इलाकों में विकास का नया अध्याय : उपराष्ट्रपति



- एम्स रायपुर के तीसरे दीक्षांत समारोह में मेधावी छात्रों को बांटे गये गोल्ड मेडल

एजेंसी

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ नक्सलवाद, भय और अभाव के साये से निकलकर आज शांति, प्रगति और अवसरों के नए दौर में प्रवेश कर चुका है, जो क्षेत्र कभी हिंसा के लिए जाने जाते थे, वहां आज सड़कें, स्कूल, अस्पताल, कनेक्टिविटी और निवेश पहुंच रहे हैं। यह बात उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने बुधवार को यहां अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के तीसरे दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कही।
उपराष्ट्रपति ने एम्स रायपुर को राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं के ऐतिहासिक परिवर्तन का एक प्रमुख प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि, उन्नत स्वास्थ्य देखभाल, चिकित्सा अनुसंधान और ट्रांसप्लांटेशन के क्षेत्र में संस्थान की उपलब्धियां सराहनीय हैं, जिनमें राज्य का पहला 'स्वैप किडनी ट्रांसप्लांट' भी शामिल है। उन्होंने कहा कि हृदय प्रत्यारोपण कार्यक्रम की मंजूरी एक और महत्वपूर्ण सफलता है।

## पीएम मोदी के जन्मदिन पर वाराणसी से वडनगर तक सम्पर्क यात्रा

एजेंसी



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के मौके पर, भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) देश के पूर्व से पश्चिम तक एक विशाल जनसंपर्क अभियान शुरू करने वाली है। 17 सितंबर को प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन से शुरू होने वाली यह एक महीने लंबी यात्रा दो समानांतर मार्गों पर चलेगी। पीएम मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी से गुजरात के वडनगर तक और वडनगर से वापस वाराणसी तक चलेगी। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य रास्ते में पड़ने वाले इलाकों में केंद्र और संबंधित राज्यों की बीजेपी सरकारों के कामकाज और उपलब्धियों का संदेश लोगों तक पहुंचाना है। दोनों शहरों से 10-10 टीमें रवाना होंगी, जो करीब 1500 किलोमीटर का सफर तय कर अपनी मंजिल तक पहुंचेंगी। प्रत्येक टीम को करीब लगभग 100 किलोमीटर की दूरी तय करनी होगी, जिसमें 10 से अधिक बाइकर्स, बसें और बड़ी संख्या में बीजेपी कार्यकर्ता शामिल हो रहे है।

## ओम बिरला से मिलीं अजारेल अर्नेस्टा

## भारत-सेशेल्स संसदीय रिश्तों को मिलेगी नयी दिशा

एजेंसी



**नयी दिल्ली :** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से बुधवार को सेशेल्स की नेशनल असेंबली की अध्यक्ष अजारेल अर्नेस्टा ने प्रतिनिधिमंडल के साथ संसद भवन में मुलाकात की। इस दौरान दोनों पक्षों ने भारत और सेशेल्स के बीच संसदीय सहयोग, लोकतांत्रिक मूल्यों एवं द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के उपायों पर चर्चा की।
बैठक में स्वास्थ्य, डिजिटल परिवर्तन, बुनियादी ढांचे और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग की संभावनाओं पर भी विचार-विमर्श हुआ। दोनों नेताओं ने उत्साहपूर्ण माहौल में हुई बैठक को भारत-सेशेल्स के संसदीय संबंधों को नई दिशा देने वाला महत्वपूर्ण अवसर बताया।
बिरला ने सेशेल्स की पहली महिला स्पीकर के रूप में लोकतांत्रिक संस्थाओं को मजबूत करने के लिए अर्नेस्टा के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने भारत और सेशेल्स के बीच राजनयिक संबंधों के 50 वर्ष तथा सेशेल्स की स्वतंत्रता के 50 वर्ष पूरे होने पर उन्हें बधाई दी। बिरला और अर्नेस्टा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हालिया सेशेल्स यात्रा और वहां की संसद में उनके संबोधन से दोनों देशों के संबंधों को मिली नई ऊर्जा पर प्रसन्नता व्यक्त की। बिरला ने दोनों देशों की संसदों के बीच संसदीय सहयोग बढ़ाने और लोकतांत्रिक मूल्यों की साझा विरासत को मजबूत करने पर जोर दिया। बिरला ने सेशेल्स के सांसदों को भारतीय संसद का भ्रमण करने और देश की समृद्ध लोकतांत्रिक व्यवस्था को करीब से समझने के लिए आमंत्रित किया।

#### टोल कलेक्शन में कथित धोखाधड़ी

## ईडी की राकेश चौधरी के ठिकानों पर छापेमारी

**जम्मू :** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के टोल प्लाजा पर टोल कलेक्शन में कथित धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को देशभर में कई स्थानों पर एक साथ छापेमारी की। इसी कार्रवाई के तहत ईडी की एक टीम ने जम्मू में बिजनेसमैन राकेश चौधरी के आवास और कार्यालय की तलाशी ली। केंद्रीय सुरक्षा बलों के साथ पहुंची टीम ने गांधी नगर के ग्रीन बेल्ट स्थित उनके घर में तलाशी अभियान चलाया और परिसर को सील कर आने-जाने पर रोक लगा दी। ईडी अधिकारियों ने त्रिकुटा नगर स्थित चौधरी के कार्यालय में भी तलाशी ली।

## प्रोसीत रॉय की फिल्म में वेदिका पिंटो की एंट्री

**मुम्बई :** 'मुसाफिर कैफे' में अपने अभिनय से दर्शकों का ध्यान खींचने वाली अभिनेत्री वेदिका पिंटो अब अभिनेता लक्ष्य के साथ एक नई फिल्म में नजर आएंगी। फिल्ममेकर प्रोसीत रॉय की अगली निर्देशित फिल्म में दोनों पहली बार स्क्रीन साझा करते दिखाई देंगे। फिलहाल फिल्म का नाम तय नहीं किया गया है। बताया जा रहा है कि यह कहानी पारंपरिक रोमांस से अलग होगी, जिसमें प्यार के साथ मनोवैज्ञानिक पहलुओं और अप्रत्याशित ट्विस्ट का तड़का देखने को मिलेगा। वेदिका इस प्रोजेक्ट में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती नजर आएंगी।
'राख' से अपनी अलग पहचान बनाने वाले प्रोसीत रॉय एक बार फिर अपनी खास स्टोरीटेलिंग शैली के साथ दर्शकों के सामने आने की तैयारी में हैं। उनकी आगामी फिल्म में लक्ष्य एक ऐसे किरदार में नजर आएंगे, जिसमें कई परतें होंगी और जो कहानी के साथ लगातार नए रंग दिखाएगा। लक्ष्य इससे पहले 'किल', 'चांद मेरा दिल' और 'द बा*ड्र्स ऑफ बॉलीवुड' जैसे अलग-अलग प्रोजेक्ट्स में अपनी अभिनय क्षमता और वर्सेटिलिटी दिखा चुके हैं। ऐसे में इस फिल्म में उनका नया और अनप्रेडिक्टेबल अंदाज देखने की उम्मीद है।
प्रोसीत रॉय की इस अनटाइटल्ड फिल्म में लक्ष्य और वेदिका पिंटो की फ्रेश जोड़ी कहानी का केंद्र होगी। फिल्म में रोमांस के साथ मनोवैज्ञानिक ड्रामा को जोड़े जाने की बात सामने आई है, जिससे इसकी कहानी को लेकर उत्सुकता बढ़ गई है।



# बाघ संरक्षण के साथ स्थानीय लोगों की आजीविका का ध्यान रखना भी जरूरी : भूपेन्द्र

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तनमंत्री भूपेंद्र यादव ने बुधवार को कहा कि पारिस्थितिक संरक्षण की नींव संरक्षण, सद्भाव और मानव-प्रकृति सह-अस्तित्व पर आधारित होनी चाहिए। उन्होंने बाघों के संरक्षण को केवल बाघों की संख्या बढ़ाने तक सीमित रखने के बजाय वन, घासभूमि, नदियों, वन्यजीव गलियारों और स्थानीय समुदायों के समग्र संरक्षण पर जोर दिया।
भूपेंद्र यादव ने यहां 'बाघ परिदृश्य : संरक्षण, जैव-अर्थव्यवस्था और आजीविका एवं आय सृजन के लिए पारिस्थितिकी पर्यटन' विषय पर आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए यह बात कही। कार्यशाला का आयोजन अंतरराष्ट्रीय बिग कैट एलायंस (आईबीसीए), एशियाई विकास बैंक (एडीबी) और राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) की ओर से किया जा रहा है। कार्यशाला 2 और 3 सितंबर को आयोजित हो रही है।
उन्होंने कहा कि बाघों का अस्तित्व स्वस्थ जंगलों, घासभूमियों, नदियों, शिकार प्रजातियों, वन्यजीव गलियारों और स्थानीय समुदायों से सीधे जुड़ा है। बाघ परिदृश्य महत्वपूर्ण प्राकृतिक पूंजी हैं, जो जल सुरक्षा, कार्बन अवशोषण, जलवायु नियंत्रण, जैव विविधता संरक्षण और आजीविका में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।
उन्होंने कहा कि अब प्रजाति आधारित संरक्षण से आगे बढ़कर एकीकृत परिदृश्य प्रबंधन की जरूरत है, जिससे पारिस्थितिक सुरक्षा के साथ सामाजिक-आर्थिक विकास को भी बढ़ावा मिले। इसके लिए प्रकृति आधारित समाधान, नए वित्तीय तंत्र और समुदाय आधारित पारिस्थितिकी पर्यटन को बढ़ावा देना जरूरी है।



यादव ने कहा कि दुनिया इस समय मरुस्थलीकरण, मिट्टी की नमी में कमी और मिट्टी की गुणवत्ता में गिरावट जैसी चुनौतियों का सामना कर रही है। ऐसे में बाघ परिदृश्यों का संरक्षण और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। उन्होंने कहा कि स्थानीय समुदायों के पारंपरिक ज्ञान का उपयोग प्रकृति संरक्षण के साथ टिकाऊ सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए किया जाना चाहिए। उन्होंने कार्यशाला में पारंपरिक ज्ञान को व्यवस्थित रूप से दर्ज करने और संरक्षण, जैव-अर्थव्यवस्था तथा पारिस्थितिकी पर्यटन से जुड़ी नीतियों में शामिल करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आईबीसीए को वैश्विक दक्षिण के स्थानीय समुदायों के ज्ञान को एक साथ लाकर पारिस्थितिक संरक्षण की नीतियां तैयार करने में नेतृत्व करना चाहिए।
इस अवसर पर आईबीसीए और एडीबी के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इसके तहत दोनों संस्थाएं परिदृश्य संरक्षण, टिकाऊ विकास, क्षमता निर्माण, ज्ञान के आदान-प्रदान और प्रकृति आधारित वित्तीय पहलों के क्षेत्र में सहयोग करेंगी। यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की परिकल्पना के तहत आईबीसीए सात बड़ी बिल्ली प्रजातियों के संरक्षण के लिए देशों और संस्थानों के बीच वैश्विक सहयोग का महत्वपूर्ण मंच बन रहा है।
एडीबी की भारत में कंट्री डायरेक्टर मिया ओका ने कहा कि 2026 में एडीबी और भारत के बीच साझेदारी के 40 वर्ष पूरे हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत अपने पारिस्थितिक संरक्षण और टिकाऊ सामाजिक-आर्थिक विकास के व्यापक अनुभव को बाघों की मौजूदगी वाले देशों के साथ साझा कर रहा है। एडीबी इन देशों को एक मंच पर लाने और पारिस्थितिक संरक्षण के लिए टिकाऊ वित्तीय अवसर तैयार करने में सहयोग करेगा।